www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 17 सितम्बर, 2023

वर्ष – 16 | अंक –162 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

# पत्र नहीं मित्र देशबन्धु

साहित्य

हिन्दू या मुसलमान पृष्ठ 06

90–30 मिनट की झपकी का फॉर्मूला उनींदापन से निपटने में मददगार पृष्ठ 10

संपूर्ण विश्व की समृद्धि व कल्याण के लिए ... पृष्ठ 02

■ कूड़ा मुक्त होने के साथ-साथ मलबा मुक्त बनेगी...
■ राजधानी के ग्रामीणों के साथ देश आजाद होने के... 03

■ किम जोंग की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर ...
■ पाकिस्तान के आईएसआई प्रमुख नदीम अंजुम को मिला ... 07

## सार संक्षेप

### 100 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान खरीदेगी वायुसेना



**नई दिल्ली।** वायु सेना ने कहा है कि वह नवीनतम तकनीक से लैस 100 स्वदेशी एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान खरीदेगी। एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने स्पेन में पहला सी-295 सैन्य परिवहन विमान प्राप्त करते समय यह बात कही। चौधरी ने बताया कि एलसीए पुराने मिग-श्रृंखला के बेड़े की जगह लेगा जिसमें मिग-21, मिग-23 और मिग-27 विमान शामिल हैं। चौधरी ने एक बयान में कहा, यह जरूरी था कि हम एलसीए श्रेणी के विमानों के साथ अपनी सूची बढ़ाएं।

### ग्रैंड प्रिक्स रेस से पहले नोएडा पहुंची सुरक्षा कार



**नोएडा।** देश की पहली मोटोजीपी रेस के लिए अब कुछ ही दिन का समय शेष है। सुरक्षा कार और बाइक,शनिवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में पहुंचीं जिन्हें जरूरत पड़ने पर भारत के इंडियन ऑयल ग्रैंड प्रिक्स के दौरान तैनात किया जा सकता है। देश में आयोजित होने वाली सबसे बड़ी मोटरसाइकिल रेस द ग्रां प्री ऑफ इंडिया 22 से 24 सितंबर तक बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित होने वाली है।

### लखनऊ में मकान की छत ढहने से पांच की मौत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली रेलवे कॉलोनी में शुक्रवार देर रात एक मकान की छत ढह गई, इससे पांच लोगों की मलबे में दबकर मौत हो गई। लखनऊ के डीसीपी ईस्ट ह्रदेश कुमार ने बताया कि राजधानी लखनऊ के आलमबाग रेलवे इलाके में एक मकान की छत गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई।

### पूर्व मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने छोड़ी बीआरएस



**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने शनिवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से इस्तीफा दे दिया। वह रविवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी द्वारा संबोधित की जाने वाली सार्वजनिक बैठक में कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे।

### महाराष्ट्र सरकार ने बदला औरंगाबाद, उस्मानाबाद जिले का नाम

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर जिला और उस्मानाबाद जिले का नाम बदलकर दाराशिव जिला कर दिया है। राज्य सरकार ने गजट प्रकाशित कर दोनों जिलों के नाम बदल दिए। अब से उस्मानाबाद जिले का नाम धाराशिव होगा।

---

### हैदराबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक शुरू, केंद्र पर बरसे खड़गे

# मणिपुर व नूंह की घटना से देश की छवि पर लगा धब्बा

- कांग्रेस अध्यक्ष ने जी-20 के आयोजन पर खर्च को लेकर भी सवाल उठाए
- कांग्रेस ने की जाति जनगणना शुरू कराने की मांग
- मणिपुर की आग को सरकार ने नूंह तक पहुंचने दिया

**हैदराबाद,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। हैदराबाद में चल रही कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मणिपुर और नूंह की घटना से देश की छवि पर धब्बा लगा है। सरकार ने मणिपुर की आग को हरियाणा में नूंह तक पहुंचने दिया। यहां हिंसा की वारदातें हुईं, जिस कारण राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में सांप्रदायिक तनाव फैला। जी–20 के आयोजन पर हुए खर्च को लेकर भी खड़गे ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'रोटेशन के तौर पर मिली जी–20 की अध्यक्षता के आयोजन में 4 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने केंद्र सरकार से जाति जनगणना शुरू कराने की मांग की।



देश आज कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जुझ रहा है। मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा : **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**


कांग्रेस कार्य समिति तेलंगाना और भारत के सभी लोगों के लिए सम्मान के साथ विकास का एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है: **सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता**

#### मित्रों के हवाले की जा रही संपत्ति

खड़गे ने कहा कि आजादी के बाद बनी देश की बहुमूल्य संपत्तियों को मोदी सरकार चंद पूंजीपति मित्रों के हवाले कर रही है। उनके फायदे के लिए नीतियां बदली जा रही हैं, उनके हक के कानून बन रहे हैं। खड़गे ने कहा कि अब इंडिया गठबंधन से सरकार खबराई हुई है। हमारा कारवां जैसे–जैसे आगे बढ़ेगा, इनके हमले और तेज होंगे।

### 159 नेताओं को किया गया है आमंत्रित

तेलंगाना के हैदराबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दो दिन चलने वाली इस बैठक के दौरान पांच राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई चरणों में चर्चा होगी। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल समेत कई नेता शामिल हुए हैं। रविवार को विस्तारित सीडब्ल्यूसी की बैठक होगी, जिसमें सभी राज्य पार्टी प्रमुखों और सीएलपी नेताओं के अलावा संसदीय दल के पदाधिकारियों, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों को आगामी चुनावों के लिए रणनीति बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। वेणुगोपाल ने कहा कि हमने 159 लोगों को आमंत्रित किया, उनमें से 147 रविवार को बैठक में भाग ले रहे हैं।



## दिल्ली-एनसीआर में बारिश से मौसम सुहाना

### कई इलाकों में जलभराव, सड़कों पर लगा जाम

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली–एनसीआर में मानसून की विदाई से पहले बारिश मौसम को सुहावना बना रही है। दिल्ली–एनसीआर में सुबह से ही बारिश हो रही है। हवा के साथ हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया। तापमान में भी गिरावट आ गई है। वहीं इस बारिश की वजह से गाजियाबाद के कई इलाकों में पानी भर गया है। दिल्ली–एनसीआर में बारिश की वजह से जाम लग गया है। मौसम विभाग ने 19 से 21 सितंबर तक बादल छाए रहने की संभावना जताई है।

---

### अनंतनाग में चौथे दिन भी आतंकियों से जंग जारी

## बारामुल्ला में सेना ने 3 आतंकी किए ढेर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। अनंतनाग के बाद अब बारामुल्ला में सैनिकों ने घुसपैठ के एक प्रयास को नाकाम बनाते हुए तीन आतंकियों को मार डाला। दो शव मिल चुके हैं पर तीसरे का शव प्राप्त करने में मशक्कत इसलिए करनी पड़ रही है क्योंकि पाक सेना भी कवर फायर देते हुए गोलियां बरसा रही थी। इस बीच अनंतनाग में 4थे दिन भी मुठभेड़ जारी रही। जबकि नादर्न कमान के कमांडर भी अब कोकरनाग के मैदान में उतर चुके हैं। मिलने वाले समाचारो के अनुसार, बारामुल्ला में यह मुठभेड़ अग्रिम गांव हथलंगा के बाहरी छोर पर चल रही है। आतंकियों ने भागने की कोशिश की थी इसलिए उन्होंने फायरिंग की। वहीं अभी भी दो आतंकियों के फंसे होने की सूचना है। सेना कहती है कि ये सभी उस पार से एलओसी को पार करने का प्रयास कररहे थे यह मुठभेड़ अग्रिम गांव हथलंगा के बाहरी छोर पर हो रही है। यहां घना जंगल, नाला और कुछ खाली घर भी हैं। इस बीच दूसरी ओर अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच चौथे दिन भी मुठभेड़ जारी है। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवान पूरी सतर्कता के साथ मैदान में डटे हुए हैं। घने जंगल और पहाड़ी के बीच के संदिग्ध ठिकाने पर आतंकियों की खोजबीन के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर की भी मदद ली जा रही है। कुछ देर रुक-रुककर दोनों ओर से गोलीबारी भी हो रही है। बताया जा रहा है कि आतंकवादी एक पहाड़ी की चोटी पर एक गुफा में छिपे हुए हैं। अनंतनाग के घने जंगलों से आतंकवादियों को बाहर निकालने का अभियान चौथे दिन भी जारी है। बुधवार को मुठभेड़ में चार सुरक्षा बलों के जवानों को मारने वाले आतंकियों को ट्रैक करने और उन्हें बेअसर करने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया है।



- नार्दन कमान के कमांडर भी मैदान में
- पाकिस्तान सेना ने भी बरसाईं गोलियां

## वन नेशन, वन इलेक्शन की पहली बैठक 23 को

■ पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने की पुष्टि ■ आठ सदस्यीय समिति का किया गया है गठन

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' समिति की अध्यक्षता करने वाले पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि इसकी पहली बैठक 23 सितंबर को होगी। पूर्व राष्ट्रपति ने मीडिया में यह पुष्टि की।

यह बैठक संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र के समापन के एक दिन बाद होगी। इस महीने की शुरुआत में, केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' अवधारणा की जांच के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। रामनाथ कोविंद और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा, सरकार ने कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, पूर्व राज्यसभा एलओपी गुलाम नबी आज़ाद, 15 वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप को इसके सदस्यों के रूप में नामित किया था। वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी पैनल में शामिल हैं। हालांकि, अधीर रंजन चौधरी ने हिस्सा बनने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया था। गजट अधिसूचना के अनुसार, समिति न केवल लोकसभा और विधानसभा चुनाव, बल्कि नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव भी एक साथ कराने की व्यवहार्यता पर गौर करेगी। समिति त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव दल–बदल या ऐसी कोई अन्य घटना होने पर एक साथ चुनाव से जुड़े संभावित समाधानों का विश्लेषण और सिफारिश करेगी। सरकार ने अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय, राज्य, नागरिक निकाय और पंचायत चुनावों के लिए वैध मतदाताओं के लिए एक एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र की खोज की जाएगी।



## संसद के विशेष सत्र की सभी तैयारियां पूरी

**नई दिल्ली।** संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस सत्र के लिए तीन दिनों के रिहर्सल के बाद संसद का पुराना और नया, दोनों ही भवन सत्र के लिए तैयार है। विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में शुरू होनी है और इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि, नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सरकार के मंत्रियों को उनके कार्यालय के लिए कमरों का आवंटन भी कर दिया गया है।



---

### केरल के कोझिकोड में निपाह को लेकर सतर्कता

## 24 सितम्बर तक स्कूल कॉलेज किए गए बंद

**कोझिकोड,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस का छठा केस मिलने के बाद सभी स्कूल–कॉलेज और ट्यूशन सेंटर्स को 24 सितंबर तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। यहां 14 सितंबर से ही शैक्षणिक संस्थाएं बंद हैं। दूसरी तरफ निपाह वायरस से संक्रमितों के संपर्क में आने वाले लोगों की संख्या 1008 हो गई है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि इनमें से 327 स्वास्थ्य कर्मी हैं। कोझिकोड जिले के बाहर संक्रमितों के संपर्क में 29 लोग आए हैं। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में मलप्पुरम के 22, वायनाड के 1 और कन्नूर–त्रिशूर जिले के 3–3 लोगों की पहचान हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि ये आंकड़ा और बढ़ सकता है। कोझिकोड में निपाह वायरस से 30 अगस्त को पहली और 11 सितंबर को दूसरी मौत हुई थी।

## अब आएगी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। वंदे भारत ट्रेन में अगले साल मार्च तक स्लीपर कोच लगाने की तैयारी है। देश में अभी चेयरकार सुविधा वाली वंदे भारत चल रही है। रेलवे की योजना अब राजधानी एक्सप्रेस के रूट पर वंदे भारत ट्रेन को चलाने की है। ऐसे में यात्रियों को रात में आराम देने के लिए स्लीपर कोच देना जरूरी है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के जनरल मैनेजर बीजी माल्या के अनुसार इसी फाइनेंशियल ईयर के दौरान वंदे का स्लीपर वर्जन लॉन्च किया जाएगा। साथ ही वंदे मेट्रो भी इसी फाइनेंशियल ईयर में लॉन्च की जाएगी। माल्या ने बताया कि अभी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन को बनाया जा रहा है और इसे मार्च 2024 में लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही वंदे मेट्रो का भी निर्माण चल रहा है। 12 कोच की इस ट्रेन को छोटे रूट पर चलाया जाएगा। माल्या ने बताया कि वंदे भारत का एक नॉन एसी ट्रेन वर्जन भी लॉन्च करने की योजना है। इस साल 31 अक्टूबर से पहले इसे लॉन्च किया जाएगा। यह एक नॉन–एसी पुश–पुल ट्रेन होगी, जिसमें 22 कोच और इसके दोनों तरफ एक–एक लोकोमोटिव यानी इंजन होगा।



- अगले साल मार्च से शुरू करने की हो रही तैयारी
- वंदे भारत मेट्रो का भी चल रहा है निर्माण कार्य

## बृजभूषण शरण सिंह की कोर्ट में हुई पेशी

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शनिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। भाजपा सांसद बृजभूषण पर 6 महिला पहलवानों के यौन शोषण का केस चल रहा है। बृजभूषण की मौजूदगी में दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा– सांसद बृजभूषण शरण सिंह को निगरानी समिति ने दोषमुक्त नहीं किया है। कमेटी ने अपनी सिफारिशें दी हैं लेकिन इसे अंतिम फैसला नहीं माना जा सकता। केस की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। इस दौरान दिल्ली पुलिस बृजभूषण पर लगे आरोपों को लेकर दलीलें देगी।



पुलिस बोली, निगरानी समिति ने बृजभूषण को दोषमुक्त नहीं किया

---

**सर्वे** *डीबी लाइव के सर्वे में कांग्रेस बचाती दिख रही अपनी सरकार*

# छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार

**नई दिल्ली, 16 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव का ऐलान एक महीने बाद होना है। और चुनावों को लेकर देशबन्धु डीबी लाइव ने जनता के बीच पहुंचकर यह पता लगाने की कोशिश की है कि अगर आज चुनाव हों तो किसकी सरकार बनेगी। राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों को लेकर शनिवार को जो सर्वे डीबी लाइव पर प्रसारित हुआ।**

- कांग्रेस को राजस्थान में सरकार के साथ सीटों का भी फायदा
- बीजेपी की छत्तीसगढ़ में सीटें बढ़ेंगे, लेकिन सत्ता से दूर रहेगी

इस सर्वे से साफ दिख रहा है कि कांग्रेस दोनों ही राज्यों में अपनी सरकार बचाती हुई दिखाई दे रही है। दोनों ही राज्यों में अभी कांग्रेस की सरकार है और ये सरकार बची रहने की उम्मीद सर्वे में दिखाई दे रही है।

DB LIVE

#### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सीट घटेंगी

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में इस बार कांग्रेस को सीटों के मामले में नुकसान होता दिखाई दिखाई दे रहा है। तो बीजेपी की सीटें दोगुनी से भी ज्यादा होती दिखाई दे रही हैं। लेकिन फिर भी कांग्रेस के पास ही सत्ता रहेगी ये भी तय है। कांग्रेस को 48 से 60 सीटें मिलने का अनुमान है। तो भाजपा को 28 से 40 सीटें मिल सकती हैं। जबकि अन्य के हिस्से में 0 से 4 सीटें जा सकती है। यानी पांच साल बाद एक बार फिर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आसानी से बनती दिखाई दे रही है।

### राजस्थान में कांग्रेस को सीटों का भी फायदा

राजस्थान में विधानसभा चुनाव के परिणाम एक बार फिर से कांग्रेस के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। सर्वे में कांग्रेस को 94 से 122 और बीजेपी को 60 से 88 और अन्य के खाते में 8 से 28 सीटें मिलने का अनुमान है। राज्य में अशोक गहलोत की योजनाओं का लाभ कांग्रेस को मिलता हुआ दिखाई दे रहा है। तो दूसरी ओर वसुंधरा राजे सिंधिया की नाराजगी बीजेपी पर भारी पड़ सकती है।

# देश

**उवाच**

विभिन्न प्रकार के अपराध गोपनीयता को प्रभावित कर रहे हैं। आतंकवादी एक राज्य में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देंगे और दूसरे राज्यों में छिप जाएंगे। इन सभी तत्वों को समाप्त किया जाना चाहिए।



–सिद्धारमैया, कर्नाटक के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 25.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# संपूर्ण विश्व की समृद्धि व कल्याण के लिए कार्य कर रहा भारत : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में निर्यात में उत्कृष्टता के लिए भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रायोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विशिष्ट सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक निर्यात क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज का भारत सर्वसम्मति के आधार पर दुनिया के सामने आने वाली विभिन्न वर्तमान और भावी चुनौतियों का समाधान प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है और यह इसीलिए संभव हुआ है क्योंकि भारत केवल अपनी समृद्धि और कल्याण ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व की समृद्धि और कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। ओम बिरला ने भारत में हाल ही में हुए जी–20 के शिखर संम्मेलन को सफल बताते हुए दावा किया कि जी–20 के दौरान, भारत का प्रयास वसुधैव कुटुंबकम के मूल्यों के आधार पर पूरी दुनिया को एकजुट करना था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया के सामने आने वाली हर बड़ी चुनौती का समाधान प्रदान कर रहा है।

### दुनिया भर में भारतीय ब्रांड व विनिर्माण हुआ मजबूत

ओम बिरला ने कहा कि उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों से आर्थिक विकास हुआ है और दुनिया भर में भारतीय ब्रांड और विनिर्माण मजबूत हुआ है। विश्व में भारत द्वारा किए जा रहे निर्यात के संदर्भ में बिरला ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया भर के अधिकांश देश विभिन्न क्षेत्रों में नए नवाचार और अनुसंधान के आधार पर व्यवसाय बढ़ाने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे समय में भारत को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव प्रयास करने चाहिए कि देश प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार में अग्रणी बना रहे।



जी-20 के दौरान भारत का प्रयास वसुधैव कुटुंबकम के मूल्यों के आधार पर पूरी दुनिया को एकजुट करना था : ओम बिरला

प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में विकास किया है। भारत में तीव्र गति से हो रहे औद्योगिक और तकनीकी विकास का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि कृषि से लेकर अंतरिक्ष और रक्षा तक, ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें भारत ने प्रगति नहीं की है। आर्थिक विकास में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स के महत्व का उल्लेख करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इन सभी पहलों का श्रेय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों के फलस्वरूप आज दुनिया की बड़ी–बड़ी कंपनियां विनिर्माण के लिए भारत की ओर देख रही हैं।

इससे एमएसएमई क्षेत्र में निरंतर विकास हो रहा है और रोजगार सृजन हो रहा है, जिससे समाज के गरीब और वंचित वर्गों के युवाओं को लाभ हो रहा है।

### हमारे लोग व हमारी विविधता हमारी ताकत : लोस अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आर्थिक वृद्धि करने के साथ ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हमारे लोग और हमारी विविधता हमारी ताकत है। बिरला ने यह भी कहा कि यह सच है कि कुछ विकसित देश प्रौद्योगिकी और नवाचार के मामले में भारत से आगे हो सकते हैं, परंतु भविष्य में भारत अपने कुशल मानव संसाधनों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के आधार पर दुनिया का मार्गदर्शन करेगा। निरंतर हो रहे आर्थिक विकास के कारण लोगों की बढ़ती क्रय शक्ति की बात करते हुए बिरला ने इस बात की सराहना की कि आज भारत दुनिया के सबसे बड़े बाजारों में से एक है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा कर रहा है बल्कि साथ ही दुनिया के विकसित देशों को विभिन्न प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात भी कर रहा है।

# तमिलनाडु में निपाह वायरस का कोई संक्रमण नहीं : सुब्रमण्यम

**चेन्नई,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि राज्य में निपाह वायरस का कोई संक्रमण नहीं पाया गया है। सुब्रमण्यम ने पत्रकारों को बताया कि केरल के उन सभी सीमावर्ती जिलों में निगरानी बढ़ा दी गई है, जहां निपाह वायरस की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि केरल से आने वाले सभी लोगों का मेडिकल टीमों द्वारा गहन परीक्षण किया गया। किसी भी व्यक्ति में कोई संक्रमण नहीं पाया गया। बाद में उन्हें राज्य में प्रवेश की अनुमति दी गई। तमिल एनएसयू में डेंगू के मामलों में अचानक वृद्धि के बारे में, सुब्रमण्यम ने कहा कि अब तक 4,048 लोग डेंगू से संक्रमित हो चुके हैं और जनवरी से अब तक तमिलनाडु में तीन मौतें हुई हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में डेंगू और मलेरिया बुखार का फैलना सामान्य है। उन्होंने लोगों से अगले तीन महीनों तक सावधानी बरतने का आग्रह किया। सरकार डेंगू के प्रसार को रोकने और स्वास्थ्य के लिए सभी जरुरी कदम उठा रही है। इस बीच, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि तीन दिनों तक बुखार रहने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए और उचित इलाज कराना चाहिए। जैसे–जैसे डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग राज्य भर के सभी सरकारी अस्पतालों में विशेष डेंगू वार्ड भी स्थापित कर रहा है। चेन्नई में राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में 40 बिस्तरों वाला एक वार्ड तैयार किया गया है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए 20–20 बिस्तरों वाला वार्ड शामिल है। अस्पताल के डीन ई. थेरानीराजन ने कहा कि गहन चिकित्सा इकाई के लिए अन्य 10 बिस्तर भी अलग से रखे गए हैं।



# जम्मू-कश्मीर से भागकर पाकिस्तान में छिपे आतंकी कमांडरों पर बड़ी कार्रवाई

**जम्मू,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू के किश्तवाड़ जिले में पुलिस ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस के विशेष जांच दल ने 13 आतंकी कमांडरों की संपत्तियां कुर्क की हैं। यह आतंकवादी जम्मू कश्मीर से भागकर पाकिस्तान या पीओजेके में छिप हुए हैं और वहां से अपने नापाक मंसूबों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने आतंकियों की संपत्तियों के बाहर नोटिस चिपका दिया है, जिसमें संपत्ति कुर्क करने के बारे में जानकारी लिखी गई है। राज्य जांच एजेंसी ने जम्मू संभाग के रियासी जिले के ऊपरी इलाकों में छापा मारा है। पुलिस ने शनिवार को इसे लेकर जानकारी साझा की है।

■ जम्मू के किश्तवाड़ में 13 दहशतगर्दों की संपत्ति कुर्क

पुलिस ने बताया कि यह तलाशी अभियान जम्मू–कश्मीर पुलिस की आतंकवाद निरोधक शाखा एसआईए द्वारा पौनी और माहौर तहसीलों में खुफिया रिपोर्टों के आधार पर की गई। इसमें कहा गया है कि कुछ ओवर–ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) राष्ट्र–विरोधी तत्वों को रसद सहायता और जानकारी प्रदान कर रहे थे। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कुछ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं। चार सितम्बर को रियासी जिले के चसाना इलाके में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि एक अन्य आतंकवादी भागने में सफल रहा। अधिकारी ने कहा कि कुछ ओजीडब्ल्यू हैं जो सीमा गाइड के रूप में काम कर रहे हैं और अपने पाकिस्तान स्थित आकाओं के संपर्क में रहने के लिए विभिन्न मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहे हैं।




वह आतंकवादियों को रसद सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादी रियासी के अंदरूनी इलाकों में अपनी गतिविधियां फिर से शुरू करने की कोशिश में जुटे हुए हैं, जिन्हें सफल नहीं होने दिया जाएगा। एसआईए पहले से ही पिछले साल गिरफ्तार किए गए दो आतंकवादियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामले की जांच कर रही है।

### राजोरी व पुंछ में इस साल 25 से अधिक आतंकी ढेर

रियासी को एक दशक से भी अधिक समय पहले आतंकवाद से मुक्त कर दिया गया था, लेकिन कथित तौर पर पिछले कुछ समय से ऊपरी इलाकों में आतंकवादियों की आवाजाही देखी जा रही है। इस साल राजोरी और पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा और भीतरी इलाकों में अलग–अलग मुठभेड़ों में 25 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं।

## सार संक्षेप

### मोदी ने प्रकाश पर्व पर दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने अंग्रेजी और पंजाबी, दोनों भाषाओं में अलग-अलग एक्स पर पोस्ट कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी शाश्वत ज्ञान और असीम करुणा के प्रतीक के रूप में खड़े हैं।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी में व्यक्ति ने गवाए 80 हजार

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक शहर पुलिस ने शुक्रवार को ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में कोठेगल्ली क्षेत्र के एक निवासी के बैंक खाते से 80 हजार रुपए निकालने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता सतीश एकलहरे को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया और उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने बिल का भुगतान कर दिया है। संदिग्ध ने खुद को बिजली वितरण निगम का कर्मचारी बताते हुए उसे एक लिंक भेज। जैसे ही एकलाहरे ने लिंक खोला और उसमें सारी जानकारी भरने के बाद उसके बैंक खाते से 80 हजार रुपए की रकम ऑनलाइन निकाल ली गई।

### उप्र के मथुरा में सड़क हादसे में चार की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा के जैत क्षेत्र मे शनिवार को एक सड़क हादसे में कार और ट्रक की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात एक बजे मथुरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर जैत गांव के पास यह हादसा उस समय हुआ जब अलीगढ़ से पांच लोग एक कार पर सवार होकर शनिदेव मन्दिर कोकिलावन जो रहे थे कि जैत गांव के सामने उनकी कार अनियंत्रित हो गई। कार ने पहले एक ट्रक चालक को रौंद दिया और फिर सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई।

### बीरेन ने की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने शनिवार को कचरा मुक्त भारत विषय पर 'स्वच्छता ही सेवा'अभियान की शुरुआत की। सिंह ने कहा कि हम एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं। नागरिक समाज और अन्य लोगों के समर्थन और सहयोग के साथ हम समुदायों के बीच समझ लाने तथा शांति स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह कहते हुए कि जल्द से जल्द समाधान खोजने और शांति लाने की कोशिस जारी हैं, मुख्यमंत्री ने लोगों से और ज्यादा समर्थन और भगवान से आशीर्वाद मांगा।

# तेदेपा संसद सत्र में चंद्रबाबू की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाएगी



**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी का मुद्दा 18 सितम्बर से शुरू होने वाले विशेष सत्र के दौरान संसद में उठाने का फैसला किया है। यह निर्णय शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित तेदेपा संसदीय दल की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव नारा लोकेश ने की। नारा लोकेश चंद्रबाबू नायडू के बेटे हैं। 1995 में नायडू के तेदेपा अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली बार है कि संसदीय दल की बैठक की अध्यक्षता वह नहीं कर पाए। बैठक में विशेष सत्र में पार्टी द्वारा अपनाई जाने वाली रणनीति पर चर्चा की गई। चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी और न्यायिक रिमांड की पृष्ठभूमि में इसका महत्व बढ़ गया है। नायडू की गिरफ्तारी और आंध्र प्रदेश के मौजूदा हालात का मुद्दा लोकसभा और राज्यसभा दोनों में उठाने का फैसला किया गया। तेदेपा सुप्रीमो को पिछले हफ्ते आंध्र प्रदेश सीआईडी ने करोड़ों रुपये के कौशल विकास निगम घोटाले में गिरफ्तार किया था। विजयवाड़ा की एक अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नायडू फिलहाल राजमुंदरी सेंट्रल जेल में बंद हैं। उनकी अवैध गिरफ्तारी की निंदा करते हुए तेदेपा कार्यकर्ता पिछले छह दिनों से पूरे आंध्र प्रदेश में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

# बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही भाजपा

**भोपाल,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के महासचिव एवं मध्य प्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता सनातन धर्म के मामले को लेकर लोगों का मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। सुरजेवाला ने यहां प्रदेश कांग्रेस की ओर से आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 19 सितम्बर से निकाली जाने वालीं जन आक्रोश यात्रा के संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात कही।

■ भाजपा पर लगाया धर्म के नाम पर राजनीति करने का आरोप

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रभारी के के मिश्रा भी मौजूद थे।

इंडिया गठबंधन के कुछ सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादास्पद बयानों के संबंध में पूछे जाने पर सुरजेवाला ने कहा कि सनातन धर्म हमेशा से है, था और रहेगा। लेकिन भाजपा के नेता इस मामले को लेकर जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेता क्यों नहीं बोलते हैं। इसके अलावा महंगाई, रोजगार भी मुद्दे हैं। इस बारे में भाजपा नेता क्यों नहीं बोलते।



महंगाई, भ्रष्टाचार व रोजगार के बारे में क्यों नहीं बोलते मोदी व अन्य भाजपा नेता : रणदीप सुरजेवाला

सुरजेवाला और कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में व्यापमं घोटाला हुआ। पटवारी परीक्षा के पेपर बिके और भी घोटाले हैं। भ्रष्टाचार भी है। इन सबके बारे में मोदी और अन्य भाजपा नेता क्यों नहीं बोलते।

सुरजेवाला ने कांग्रेस का 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने, 100 यूनिट तक बिजली बिल माफ करने, 200 यूनिट तक हाफ करने, बेटियों को 1500 रुपए प्रति माह देने समेत पार्टी के अन्य वादे एक बार फिर दोहराए। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनाक्रोश यात्रा में प्रदेश की जनता कुल 11 हजार 400 किमी की दूरी तय करेगी, जिसे पूरा करने के लिए पार्टी के सात नेता नेतृत्व करेंगे। इनमें नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह 1600 किमी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव 1700 किमी, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल 1900 किमी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल 1400 किमी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी 1400 किमी, कांतिलाल भूरिया 1700 किमी और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी 1700 किमी का सफर तय करेंगे। एक सवाल के जवाब में सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विधानसभा चुनाव किस क्षेत्र से लड़ेंगे या कब लड़ेंगे, इस बारे में फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

### भाजपा राज के खिलाफ जनता में है आक्रोश : कमलनाथ

मप्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि 18 सालों की प्रदेश की बदहाली और बर्बादी का जनता में भाजपा राज के खिलाफ जो असंतोष था, वो अब जनाक्रोश में तब्दील हो गया है। एक तरफ जहां भाजपा राज के ख़िलाफ़ जनता में आक्रोश है तो दूसरी ओर कांग्रेस व कमलनाथ के प्रति जनता में जोश दिखाई दे रहा है। जनता की इसी आवाज को सुनकर कांग्रेस जनाक्रोश यात्रा का आगाज कर रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर कई प्रकार के घोटाले करने का भी आरोप लगाया।

# दक्षिणी तेलंगाना के परिवर्तन में एक नए युग की हुई शुरुआत

**हैदराबाद,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शनिवार को पलामुरु रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना का उद्घाटन किया। पानी की भारी कमी वाले इस क्षेत्र के लोगों के लंबे समय से अधूरे सपने को पूरा करते हुए, उन्होंने उच्च शक्ति वाली 145–मेगावाट पंपिंग प्रणालियों में से एक को चालू किया, जो दुनिया में इस्तेमाल होने वाली अपनी तरह की पहली प्रणाली है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री केसीआर ने इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्घाटन किया। इस योजना से दक्षिणी तेलंगाना के परिवर्तन में एक नए चरण की शुरुआत हुई है। इस परियोजना के लिए श्रीशैलम परियोजना के अपतटीय बिंदु से 3,200 क्यूसेक से अधिक पानी खींचा गया और विशाल सुरंग प्रणाली और सर्ज पूल के माध्यम से प्रवाहित किया गया, जिसे 35,000 करोड़ रुपए की परियोजना के चरण–1 के हिस्से के रूप में निर्मित अंजनागिरी जलाशय में डाला गया। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव वाहनों के एक बड़े काफिले में नरलापुर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर एक विशेष पूजा की और ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित करते हुए तोरण का अनावरण किया। उनके कई कैबिनेट सहयोगियों, लाभार्थी गांवों के ग्राम पंचायत सरपंचों सहित निर्वाचित प्रतिनिधियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। परियोजना अधिकारियों ने उन्हें परियोजना के चार अन्य चरणों में पंप हाउस और सर्ज पूल पर काम की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर एक पौधा लगाया, जो पलामुरू के लिए हरित क्रांति का संकेत है। परियोजना स्थल पर भारी संख्या में जुटी भीड़ इसके उद्घाटन के बाद भारी जश्न में डूब गई। पलामूरू के लिए मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा प्रदर्शित प्रतिबद्धता के लिए नारे गूंजते रहे। यह क्षण कभी अविभाजित तेलंगाना राज्य में पानी की भारी कमी और आजीविका की तलाश में लाखों लोगों के पलायन का गवाह था।



■ केसीआर ने पलामुरु रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना का किया उद्घाटन

# एक राष्ट्र एक चुनाव संविधान पर हमला : चिदंबरम

**हैदराबाद,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने एक चुनाव एक राष्ट्र के विचार को संघवाद के विरुद्ध बताते हुए शनिवार को कहा कि इसके लिए संविधान में कई संशोधन करने पड़ेंगे इसलिए यह मोदी सरकार का सिर्फ मुद्दों से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। कांग्रेस नेता पी.चिदंबरम ने तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारित संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के दौरान पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार की यह अवधारणा देश के संघवाद पर हमला है कांग्रेस इस स्पीकर नहीं करेगी। कांग्रेस नेता पी.चिदंबरम ने कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव संविधान पर हमला है। हम इसे खारिज करते हैं। यह संघवाद पर हमला है।



इसके लिए कम से कम पांच संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होगी। भाजपा जानती है कि इन संवैधानिक संशोधनों को पारित करने के लिए उसके पास संख्या बल नहीं है फिर भी अगर यह एक राष्ट्र, एक चुनाव की मृगतृष्णा को आगे बढ़ा रही है तो यह महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने की झूठी कहानी बनाना जैसा है।

# लालू व नीतीश का गठबंधन पानी और तेल की तरह : अमित शाह

**मधुबनी,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लालू प्रसाद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कांग्रेस पर विभिन्न मुद्दों को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लालू और नीतीश के गठबंधन को पानी और तेल जैसा बताते हुए कहा कि तेल पानी को भी गंदा कर देता है। मधुबनी के झंझारपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने इस गठबंधन को स्वार्थी गठबंधन बताते हुए कहा कि एक को अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है तो नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनना है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अभी प्रधानमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है। पिछले दिनों स्कूलों में रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की छुट्टी रद्द कर देने को लेकर भी कहा कि लोगों के आक्रोश के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा। उन्होंने लोगों को सावधान करते हुए कहा कि मोदी को फिर से प्रधानमंत्री नहीं बनाया तो पूरा सीमांत क्षेत्र घुसपैठ से भर जाएगा। यह वोट बैंक की राजनीति करने के लिए लालू कुछ भी करने के लिए तैयार हैं।



■ झंझारपुर में आयोजित रैली को किया संबोधित


भाजपा के नेता शाह ने कहा कि लालू और नीतीश की सरकार में हर रोज अपराध बढ़ रहे हैं। यह स्वार्थी गठबंधन बिहार को फिर से जंगलराज की दिशा में ले जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लालू प्रसाद फिर से एक्टिव हो गए हैं और नीतीश कुमार इनएक्टिव हो गए हैं।

**कवायद** — *देशभर में सौ नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की योजना के तहत सरकार का बड़ा कदम*

# साझेदारी मोड के तहत 23 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी

**नई दिल्ली, 16 सितम्बर (एजेंसियां) देश के हर कोने तक सैनिक स्कूलों की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना के तहत सरकार ने 23 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दे दी है। छठी कक्षा से शुरु होने वाले ये सैनिक स्कूल गैर-सरकारी संगठनों, निजी स्कूलों और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी क्रमबद्ध तरीके से खोले जाएंगे। इन स्कूलों को सौ नए सैनिक स्कूल स्थापित** करने की सरकार की पहल के तहत मंजूरी दी गई है। इस पहल के तहत सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा नए सैनिक स्कूलों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न आवेदनों के मूल्यांकन के बाद 23 नए स्कूलों को खोलने की मंजूरी दी है। इस पहल से सैनिक स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में साझेदारी मोड के तहत खुलने वाले नए सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है, इसके अलावा मौजूदा 33 सैनिक स्कूल पहले से ही पूर्ववर्ती पैटर्न के तहत काम कर रहे हैं। नए सैनिक स्कूलों की स्थापना का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर कैरियर के अवसर प्रदान करना है। यह निजी क्षेत्र को, युवाओं को कल का जिम्मेदार नागरिक बनाकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर भी देता है। नए 23 सैनिक स्कूलों की प्रदेश वार सूची सैनिक स्कूल की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। नए सैनिक स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों से संबद्धता के अलावा, सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान में कार्य करेंगे और सोसायटी द्वारा निर्धारित साझेदारी मोड में नए सैनिक स्कूलों के लिए नियमों और विनियमों का पालन करेंगे।



■ छात्रों को सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर कॅरियर के अवसर प्रदान करना उद्देश्य

वे अपने नियमित संबद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा सैनिक स्कूल पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा भी प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने के दृष्टिकोण के पीछे का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर कॅरियर के अवसर प्रदान करना है। यह निजी क्षेत्र को आज के युवाओं को भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रशिक्षित करके राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर भी प्रदान करता है। साझेदारी मोड के तहत देश के 11 राज्यों में 23 नए सैनिक स्कूल खोले जाएंगे। इनमें से उत्तर प्रदेश में मथुरा, लखनऊ, इटावा, हरियाणा में कुरुक्षेत्र, हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर में स्कूल खुलेंगे।

इसके अलावा आंध्र प्रदेश में एक, बिहार में एक, छत्तीसगढ़ में चार, कर्नाटक में एक, केरल में दो, मध्य प्रदेश में तीन, महाराष्ट्र में दो, राजस्थान में चार जिलों में स्कूल खुलेंगे।

# कूड़ा मुक्त होने के साथ-साथ मलबा मुक्त बनेगी राजधानी दिल्ली : शैली

## एमसीडी ने सीएंडडी वेस्ट डालने के लिए चिन्हित किए 158 स्थान

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। एमसीडी की आप सरकार दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने के साथ मलबा मुक्त भी बनाएगी। इसके लिए पूरी दिल्ली में 158 स्थान चिन्हित किए गए हैं। बिल्डर-कॉन्ट्रेक्टर और आम जनता इन स्थानों पर सीएंडडी कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट को डाल सकेगी। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि 158 में से करीब 125 स्थान वार्डों के आसपास बनाए गए हैं। इससे घरों के आसपास आसानी से मलबा डाल सकेंगे। इन स्थानों पर प्रदूषण स्तर न बढ़े, इसके लिए 20 से 25 फीट ऊंची शीट लगाई जाएंगी और पानी का छिड़काव जाएगा। दिल्ली के लोग 24 घंटे सातों दिन इन स्थानों पर मलबा डाल सकते हैं। एमसीडी के नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि मलबे को इधर-उधर डालने से चालान होता है। अब सही जगह पर मलबा डालने से चालान से भी जनता को राहत मिलेगी। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने सिविक सेंटर में नेता सदन मुकेश गोयल के साथ महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। मेयर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के अभी पांच बड़े सीएनडी प्लांट बक्करवाला, रानीखेडा, शास्त्री पार्क, बुराड़ी और ओखला में है। इनकी प्रतिदिन की क्षमता 5500 टन और एक माह की करीब 1.50 लाख टन है। यह प्लांट पूरे साल में 18 लाख टन सीएंडडी वेस्ट को रिसाइकिल कर पाते हैं। दिल्ली में अभी सड़क, गली और पार्क के किनारे सीएंडडी वेस्ट को डाल दिया जाता है। कॉन्ट्रेक्टर और बिल्डर को जहां जगह मिलती है, वहां सीएंडडी वेस्ट को डाल देते हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए एमसीडी ने एक अहम कदम उठाया है।



प्रदूषण स्तर न बढ़े इसके लिए 20 से 25 फीट ऊंची शीट लगाई जाएंगी व पानी का छिड़काव जाएगा : शैली ओबरॉय

### दिल्ली की जनता को मिलेगी प्रदूषण से राहत : मुकेश गोयल

नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि हमने सीएंडडी वेस्ट को इकट्ठा करने के लिए 158 प्वाइंट बनाए हैं। इससे दिल्ली की जनता को सबसे ज्यादा प्रदूषण से राहत मिलेगी। क्योंकि जगह-जगह मलबे के ढेर लगे होते हैं। थोड़ी सी हवा-आंधी चलने पर मलबा उड़ता है, जिसकी वजह से प्रदूषण का स्तर बढ़ता है। इसके अलावा लोगों को मलबा उचित स्थान पर डालने की सुविधा मिलेगी। क्योंकि मलबे को इधर-उधर डालने से चालान होता है। मलबे को सही जगह पर डालने से चालान से भी जनता को राहत मिलेगी। हम दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाना चाहते हैं। इसके लिए ऐसे इनिशिएटिव लिए जा रहे हैं। दिल्ली की जनता से अपील है कि सहयोग करें और उचित स्थान पर मलबा डालें।

# निगम पार्षद व प्रत्याशियों को किया गया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली में पूर्वांचली मतदाता हमेशा से भाजपा को वोट देते आए हैं और आगामी लोक सभा चुनाव में भी दिल्ली की सातों सीटों पर पुन: भाजपा को विजयी बनाकर फिर एक बार नरेंद्र मोदी जी को प्रधान मंत्री बनाएंगे और अगले विधानसभा चुनाव में पूर्वांचली मतदाता केजरीवाल की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ कर दिल्ली में भाजपा का मुख्य मंत्री बनाएंगे। उक्त बातें दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी ने दिल्ली के कांस्टीच्यूशन क्लब में भाजपा के पूर्व निगम पार्षद प्रत्याशियों को सम्मानित करते हुए कही। श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो पूर्वांचली समुदाय के सुख दुख के साथ खड़ी है । आज दिल्ली पूर्वांचल मोर्चा द्वारा दिल्ली में निगम का चुनाव लडे हुए सभी राजनितिक कार्यकर्ताओ को नालंदा विश्वविद्यालय की स्मृति चिन्ह और गमछा देकर सम्मानित किया गया और और उनके बहुमूल्य विचारों को सुना गया। भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश प्रभारी विजय भगत, पूर्व मेयर विपिन बिहारी जी, पूर्व मेयर श्री मती अनामिका सिंह ने पूर्वांचल के लोगों के सशक्ति करण पर बल दिया। अयोजन में पूर्व अध्यक्ष जगदम्बा सिंह, मीडिया प्रभारी संजय तिवारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि विनय विनम्र जी ने किया।




# मोदी सरकार के सामने पेट्रोल-डीजल के दाम थामने की बड़ी चुनौती

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ रहे हैं कच्चे तेल का दाम

■ विन्ध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में लगातार उछाल दर्ज हो रहा है। ऐसे में भारतीय तेल कंपनियों के सामने घरेलू बाजार में डीजल-पेट्रोल का दाम बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। लेकिन चुनावी साल में अगर दाम बढ़े तो इससे मोदी सरकार की चुनावी संभावनाओं को धक्का लग सकता है। ऐसे में कीमतों को थामने की मोदी सरकार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। उल्लेखनीय है कि दो बड़े तेल उत्पादक देश सऊदी अरब और रूस ने कच्चे तेल के निर्यात और उत्पादन में कटौती करने का फैसला लिया है। सऊदी अरब अगले तीन माह तक रोजाना 10 लाख बैरल तेल के उत्पादन में कटौती करेगा। तो वहीं रूस ने 5 सितम्बर से अपने उत्पादन में 3 लाख बैरल रोजाना की कटौती शुरू कर दी है। यह कटौती भी भी लगातार तीन माह तक जारी रहेगी। फिलहाल 2023 में कच्चे तेल की कीमत पहली बार 94 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। जबकि पिछले साल इसी अवधि में इसकी कीमत 75 से 85 डालर के बीच थी। यही कारण है कि कच्चे तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। तेल कंपनियों के सामने भी घाटा थामने के लिए दाम बढ़ाने का दबाव में है। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार ने अगर हस्तक्षेप नहीं किया तो त्योहारी सीजन में डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ने तय हैं। ऐसे में महंगाई बढ़ेगी और आम आदमी का जीवन प्रभावित होगा। इसके चलते डीजल-पेट्रोल के दामों थामना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। क्योंकि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से पहले से ही हलकान जनता पर महंगाई की दोहरी मार पड़ जाएगी। यही नहीं इसके चलते पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा की चुनावी संभावनाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। अब देखना है सरकार इस दुविधा से कैसे पार पाती है।

## सार संक्षेप

### यॉर्क यूनिवर्सिटी और जेजीयू ने की उच्च शिक्षा साझेदारी

**नई दिल्ली।** जैसा की दुनिया एक ग्लोबल महामारी से बाहर निकल रही है, यॉर्क यूनिवर्सिटी और जेजीयू जैसे प्रगतिशील विश्वविद्यालयों को बड़ी भूमिका निभाने के लिए एक मौका है, जो अत्यंत जटिल समस्याओं का समाधान करने के लिए वैश्विक जुड़ाव को सुविधाजनक बनाने में मदद कर सकते हैं। प्रोफेसर डॉ. सी. राज कुमार, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति ने कहा कि 2009 में हमारी स्थापना के बाद से, हमारी दृष्टि भारत के पहले वैश्विक विश्वविद्यालय का निर्माण करने पर केंद्रित रही है। हमने उच्च शिक्षा के हर पहलू में अंतर्राष्ट्रीयता को स्थापित करके, अंतरराष्ट्रीय सेटिंग में वैश्विक शिक्षण अनुभव सुनिश्चित करके इस दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। हमारे विश्वविद्यालय इन लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रतिबिम्बित करते हैं, जिसमें शैक्षिक स्वतंत्रता और संस्थानिक स्वायत्तता शिक्षकों और छात्रों को शिक्षा, शोध और संस्थान निर्माण में उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। कनाडा की अग्रणी यूनिवर्सिटी यॉर्क यूनिवर्सिटी के साथ सहयोग हमारी संस्थागत यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### वित्तीय रूप से मजबूत बनने को होगा 50 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** लोक कैपिटल सीड्स फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड एनबीएफसी में 50 करोड़ रुपए का निवेश करेगी जिसमें से 32 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। एमएसएमई की वित्तीय सेवा के लिए प्रतिबद्ध और तेजी से आगे बढ़ती हुई सीड्स फिनकैप को इस निवेश से न सिर्फ वित्तीय रूप से मजबूत बनने में मदद मिलेगी बल्कि उसकी वित्तीय सेवाओं के विस्तार की राह भी आसान होगी। कंपनी द्वारा इस पूंजी का इस्तेमाल अपने व्यावसायिक विस्तार पर किया जाएगा। सीड्स फिनकैप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुभाष चंद्र आचार्य ने इस निवेश पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा लोक कैपिटल के मजबूत समर्थन के साथ सीड्स फिनकैप वृद्धि और सशक्तिकरण की शानदार राह पर बढ़ रही है। सीरीज ए फंडिंग एमएसएमई को सक्षम बनाने और जमीनी स्तर पर आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए हमारे समर्पण का प्रमाण है। लोक कैपिटल के संस्थापक एवं पार्टनर विशाल मेहता ने कहा हम सीड्स के प्रणाली केंद्रित दृष्टिकोण, प्रौद्योगिकी परिचालन प्रबंधन और ऋण एवं जोखिम पर मजबूती से ध्यान देने की क्षमता से उत्साहित हैं। यह वित्तीय सेवा क्षेत्र में निवेश करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है और हम टीम के साथ लगातार काम करने की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि उत्तर और मध्य भारत में जरूरतमंद लोगों को सेवाएं देना चाहते हैं।

### महापौर भाजपा सरकार के कार्यों का श्रेय लेती है : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आज महापौर डा. शैली ओबेराय की प्रेसवार्ता में उन्हें यह जानकर हैरानी हुई कि वह भाजपा द्वारा स्थापित किए गए सीएंडडी वेस्ट प्लांट और नागरिकों को मलबा निस्तारण के लिए चिह्नित तय स्थानों का श्रेय लेती हुई नजर आई। इससे यह साबित हो गया है कि महापौर के पास आम आदमी पार्टी सरकार की उपलब्धि बताने का कोई काम नहीं है इसलिए वह भाजपा द्वारा 15 साल में किए गए कार्यों का श्रेय बार-बार लेती हुई नजर आती है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने भाजपा की निगम में सरकार होने की वजह दोहरा व्यवहार किया और निगम के फंड रोके।

# राजधानी के ग्रामीणों के साथ देश आजाद होने के बाद भी अन्याय बदस्तूर जारी : सोलंकी



■ गांवों के हितों के लिए एलजी व सीएम आवास के पास की महापंचायत

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी के गांवों के हितों के लिए और उनके ऊपर थोपे गए अन्याय पूर्ण कानूनों व नियमों के खिलाफ पालम 360 खाप ने आज उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री आवास के पास महापंचायत की। इस दौरान महापंचायत का नेतृत्व करते हुए पालम 360 खाप के प्रधान चौ.सुरेंद्र सोलंकी ने चेतावनी दी कि ग्रामीणों ने सरकारों से दो-दो करने की ठान ली है और 30 सितम्बर तक उनकी मांगों पर गौर नहीं करने की स्थिति में वह दो अक्तूबर को गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट पर नेताओं को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना करेंगे और आंदोलन शुरू करने का ऐलान करेंगे। चंदगीराम अखाड़ा के सामने रिंग रोड पर आयोजित महापंचायत में पालम 360 खाप के अधीन सभी सभी खापों के प्रतिनिधि और करीब 10 हजारों ने शिरकत की। इस मौके पर चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि राजधानी के ग्रामीणों के साथ देश आजाद होने के बाद भी अन्याय होना बदस्तूर जारी है, लेकिन वह अब अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### ग्रामीणों की कृषि भूमि कोड़ियों के भाव अधिग्रहण करके किया बेरोजगार

सोलंकी ने कहा कि ग्रामीणों की कृषि भूमि कोड़ियों के भाव अधिग्रहण करके उन्हें बेरोजगार कर दिया। इस दौरान गांवों में मौजूद ग्रामसभा भूमि पर सरकार ने हड़प ली, जबकि यह भूमि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छोड़ी गई थी। चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के बाद ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोई पहल नहीं की। वहीं उनको नौकरी व वैकल्पिक प्लाट भी नहीं दिए गए। दूसरी ओर ग्रामीणों पर हाउस टैक्स, कनवर्जन चार्ज, पार्किंग शुल्क समेत कई प्रकार के टैक्स लगाने के साथ-साथ भवन उप नियम जैसे कई नियम थोप दिए गए। इसके अलावा एक भी मास्टर प्लान में गांवों की ओर ध्यान नहीं दिया गया और ग्रामीणों को राहत देने का कार्य नहीं किया गया। इस तरह ग्रामीण जीवन गुलाम भारत की तरह व्यतीत कर रहे है।



■ नई दिल्ली में डूसू चुनाव से पहले घोषणापत्र जारी करने के दौरान उपस्थित एनएसयूआई उम्मीदवार हितेश गुलिया, अध्यक्ष, अभि दहिया, उपाध्यक्ष, यक्षना शर्मा, सचिव और सुभम कुमार चौधरी संयुक्त सचिव। फोटो इम्तियाज खान

# गढ़वाली, कुमाऊंनी व जौनसारी भाषा 12 सौ वर्ष पुरानी : वीरेंद्र

## उत्तराखंड की भाषाओं के 150 शिक्षकों को किया सम्मानित



**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच, दिल्ली की ओर से उत्तराखंड की भाषाओं के 150 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे, उन्होंने कहा कि भाषा का जीवन में अहम स्थान है, गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी 1200 वर्ष पुरानी है भाषा प्यारी और संस्कृति से जोडती है। उनहोने कहा कि आप लोग अपनी बोली भाषा को आगे बढाने के जिस तरह प्रयासरत हैं वह काबिले तारीफ है।

### लोक भाषाएं हमारी सभ्यता व परंपराओं की रक्षक : विनोद बछेती

उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच के संरक्षक और दिल्ली बीजेपी के प्रदेश मंत्री विनोद बछेती ने कहा कि हमारी लोक भाषाएं सिर्फ संप्रेषण का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि ये हमारी सभ्यता, संस्कारों और परंपराओं की रक्षक भी होती हैं। यही वजह है कि उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच 2012 से ही राज्य की लोक भाषाओं को बचाने के लिए अभियान चला रहा है।

# रेलवे स्टेशन के पास चला स्वच्छता अभियान

## सुखविंदर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे पर 30 सितम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा का समापन दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर होगा। अभियान के पहले दिन की थीम थी स्वच्छता शपथ और स्वच्छता जागरूकता। सुखविंदर सिंह मंडल रेल प्रबंधक/दिल्ली ने डीआरएम कार्यालय नई दिल्ली में अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। दिल्ली मंडल की इकाइयों जैसे के प्रमुखों द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। सुखविंदर सिंह, डीआरएम दिल्ली ने दिल्ली मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली आजादपुर रेलवे स्टेशन पर उस स्थल का भी दौरा किया, जहां गैर सरकारी संगठन के स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान का आयोजन कर रहे थे । डीआर एम दिल्ली ने श्रमदान में भी भाग लिया।

डीआरएम दिल्ली ने इस नेक काम में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए एनजीओ वृक्षित के स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया।

### रेलवे स्टेशनों व कार्यालयों में किया पोधारोपण

रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों इत्यादि में पोधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर कचरा साफ करने के लिए वृक्षित नामक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने आगे बढ़कर इच्छा जाहिर की। दिल्ली आजादपुर रेलवे स्टेशन के पास सब्जी मंडी-आदर्श नगर रेल खण्ड पर पटरियों के किनारे स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

**आयोजन** — *दिल्ली में नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट फेस्टिवल-नेस्ट आयोजित*

# नृत्य संगीत की मनोरम प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

**नई दिल्ली,16 सितम्बर (देशबन्धु)। माई होम इंडिया द्वारा आयोजित नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स के लिए सबसे प्रतिष्ठित महोत्सव, नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट फेस्टिवल 2023 नेस्ट फेस्ट 2023 का दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में अयोजित किया गया। सुबह से शाम तक चली नेस्ट फेस्ट 2023 दिल्ली में पूर्वोत्तर के इंद्रधनुषी कला के क्षितिज रंगों, नृत्य संगीत की मनोरम प्रस्तुति एवं फैशन शो ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।**

खचा खच भरे तालकटोरा स्टेडियम मानो पूर्वोत्तर राज्यों की छटा बिखेर रहा था। शाम में अयोजित फैशन शो में सीने कलाकर एवं गायिका सोमा लैशराम ने कार्यक्रम को यादगार बनाया। इसके अलावा पूर्वोत्तर के प्रसिद्ध कलाकार नील आकाश, रिटो रीबा, इम्नैनला जमीर और एस्तेर हनामटे की यादगार प्रस्तुति ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। माई होम इंडिया के संस्थापक और नेस्ट फेस्ट के आयोजक सुनील देवधर ने कहा कि हम उत्तर पूर्व के नए छात्रों के लिए नेस्ट फेस्ट का आयोजन करते हैं ताकि उन्हें विभिन्न शहरों में अपने नए वातावरण के अनुकूल बनाने में मदद मिल सके। नेस्ट फेस्ट भारत के आठ उत्तर पूर्वी राज्यों अष्टलक्ष्मी राज्यों द्वारा अपनाए गए समृद्ध रीति-रिवाजों और परंपराओं को संजोने वाली वार्षिक सांस्कृतिक शाम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंदीय शिक्षा राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने माई होम इंडिया के संस्थापक सुनील देवघर का पूर्वोत्तर राज्यों से आने वाले छात्रों के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजन करने की सराहना की उन्होंने कहा कि,चुंकि भारत सार्वभौमिक भाईचारे की नींव पर आधारित विकास और प्रगति का एक नया मार्ग लिख रहा है, माय होम इंडिया वासुधैव कुटुंबकम के अपने दृष्टिकोण को साकार करने का प्रयास कर रहा है। 2005 में अपनी स्थापना से लेकर आज तक माई होम इंडिया ने उत्तर पूर्व भारत की सांस्कृतिक विविधता को समाहित करने और भाईचारे का बंधन बनाने के अपने प्रयास में कई मील के पत्थर हासिल किए हैं, जो इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर समाज को एक नई दृष्टि प्रदान करता है।




■ फैशन शो में गायिका सोमा लैशराम ने कार्यक्रम को बनाया यादगार

# इंडया ने इंडया लक्स स्टोर्स के ऑफलाइन नेटवर्क का किया विस्तार

### दिल्ली के रजौरी गार्डन में खोल स्टोर



**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। महिलाओं के लिए आधुनिक भारतीय परिधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के दृष्टिकोण के साथ इंडया बाय शिवानी पोद्दार ने दिल्ली के रजौरी गार्डन में अपना दूसरा और सबसे बड़ा इंडया लक्स स्टोर खोला है। गौरतलब है कि ब्राण्ड का पहला स्टोर इसी साल जून में बैंगलुरू में खोला गया था। नए वैडिंग स्टोर की ओपनिंग के साथ ब्राण्ड अपने उपभोक्ताओं को व्यापक अनुभव प्रदान करना चाहता है। इस अवसर पर इंडया एवं फैबऐली के सीईओ और संस्थापक शिवानी पोद्दार ने कहा कि हमें नई दिल्ली के वैडिंग हब में इंडया का सबसे बड़ा लक्स स्टोर खोलते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जहां हमारे लक्स वैडिंग कलेक्शन की रैडी-टू-वियर रेंज उपलब्ध होगी। त्योहारों और शादियों के सीज़न की शुरूआत के साथ, यह सही मौका है कि हमारे उपभोक्ता इंडया के लक्स कलेक्शन का अनुभव पा सकें। हम 'वैडिंग' की सभी ज़रूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बनना चाहते हैं। इस नए स्टोर में हम एक ही छत के नीचे हमारा सम्पूर्ण डिज़ाइनर कलेक्शन लेकर आएंगे, जहां उपभोक्ता एक्सक्लुज़िव प्रीव्यू का अनुभव पा सकेंगे। भारत में अपनी रीटेल मौजूदगी बढ़ाने के लिए शिवानी ने इसी वित्तीय वर्ष के दौरान इंडया लक्स के तहत 8-10 वैडिंग स्टोर्स खोलने की योजना बनाई है, वे देश भर के उपभोक्ताओं को इंडया लक्स का अनुभव प्रदान करना चाहती हैं। कंपनी ने अगले 12 महीनों में इंडया के कारोबार में लक्स के योगदान को 7-8 फीसदी से बढ़ाकर 35-40 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "सितम्बर महीने को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस बार अभियान में पोषण से सम्बन्धित समस्त कन्वर्जेंस विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से पोषण आधारित जीवन चक्र के महत्वपूर्ण चरणों जैसे गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन व किशोरावस्था में पोषण के सम्बन्ध में जन जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पूनम तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी

## निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने लिए नगर निगम बनाएगा नई गौशाला

**गाजियाबाद,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने लिए नई गौशाला बनाएगा। इसके लिए निगम। प्रशासन प्लानिंग कर रहा है। वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक ने पालतू गौवंशों को खुले में छुट्टा न छोड़े की अपील पशु स्वामियों से की है। साथ ही अधिकारियों को कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बताया कि निगम की टीम निराश्रित गौवंशों को सड़क से पकड़ कर गौशाला में ला रही है, आवागमन में निराश्रित पशुओं से किसी प्रकार की असुविधा शहर वासियों को न हो इसका विशेष ध्यान गाजियाबाद नगर निगम रख रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की नंदी पार्क गौशाला की क्षमता लगभग 1600 गौवंशों की है किंतु बढ़ रही निराश्रित गौवंशों की संख्या को देखते हुए नगर निगम 1680 गौवंशों का ध्यान रख रहा है। गौवंशों की बढ़ती संख्या को देखकर नई गौशाला बनाने की प्लानिंग की जा रही हैं।

कैटल कैचिंग टीम द्वारा प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार जोन में जाकर, निराश्रित गौवंशों को सहूलियत से गौशाला तक लाया जा रहा है किसी प्रकार की असुविधा शहर वासियों को न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है, किंतु पशु स्वामी स्वयं गौवंशों का इस्तेमाल करने के उपरांत उनको खुले में छोड़ देते हैं तथा शाम को पुनः उनको ले जाकर दूध व अन्य इस्तेमाल में लाते हैं जो की बहुत ही खेद जनक विषय है, जब गाजियाबाद नगर निगम की टीम उनको पकड़ कर ले आती है तो उनको छुड़ाने का निवेदन करते हैं, जिस पर नियम अनुसार गाजियाबाद नगर निगम ने अभी तक लगभग 5 लाख 20 हजार का जुर्माना भी वसूला हुआ है, गाय या बछिया छोड़ने से पहले पशु स्वामियों से एफिडेविट भी लिया जा रहा है।

### सितम्बर माह में संपत्तिकर के भुगतान पर पाएं 20 प्रतिशत छूट का लाभ



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर के करदाताओं से सितम्बर माह में 20 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त करते हुए अधिक से अधिक संपत्ति कर का भुगतान करने हेतु अपील की है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संपत्ति करदाताओं को सितम्बर में संपत्ति कर भुगतान करने पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसके उपरांत अक्टूबर तथा नवम्बर माह में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में लगातार प्रयासरत है जिसके क्रम में अवकाश के दिवसों में भी जोनल कार्यालय में संपत्ति कर की वसूली का कार्य जारी रहेगा।

## उद्योग मार्ग विकसित करने से पहले ट्रैफिक व विद्युत यांत्रिकी को ध्यान में रख शुरू होगा काम

■ सीओ ने विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

**नोएडा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। उद्योग मार्ग को माडल रोड के रूप में विकसित करने से पहले सिविल, विद्युत यांत्रिकी, ट्रैफिक सेल, जल-सीवर सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर आगे की कार्रवाई की जाए। योजना में इस प्रकार से कार्य किया जाए कि सेक्टर-14ए से सेक्टर-11 तक मार्ग की मेन कैरिज वे एक ही सीध में हो। साइड पटरियों को टाइल्स से पेव किया जाए, साथ ही मार्ग पर एक पतली सेंट्रल वर्ज भी बनवाई जाए। मेनहोल सड़क के लेवल में हो। मार्ग पर उच्च गुणवत्ता की अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए, जो कि रात्रि में पूर्ण रूप से क्रियाशील रहे। मार्ग पर कहीं भी अतिक्रमण या अनाधिकृत वेंडर्स न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम ने अधिकारियों को दिया। उन्होंने शनिवार को औद्योगिक सेक्टर फेज वन में सेक्टर-एक से 11 का निरीक्षण किया। इस दौरान हरौला के पेरिफेरल बड़े नाले में विभिन्न स्थानों पर फ्लोटिंग मैटेरियल और प्लास्टिक वेस्ट अधिक मात्रा में पाए जाने पर अधिकारियों से कड़ी आपत्ति जताई। तत्काल प्रभाव से निराकरण करने को कहा। इस दौरान 11 सेक्टरों में अनुरक्षण, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया गया। सेक्टर-6 में विभिन्न स्थानों पर मार्गों के किनारे फुटपाथ एरिया में ओपन ड्रेन को पाया, जिसे कवर कराए जाने का निर्देश दिया। इसी प्रकार से अन्य क्षेत्रों में कार्य करने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर सड़कों पर अनुपयुक्त निर्माण सामग्री, बिजली के खम्भे इत्यादि पड़े हुए पाए, जिनको तत्काल हटवाने के लिए संबंधित अधिकारियों कहा। विभिन्न चौराहों, क्रासिंग, जंक्शन पर नाले व सीवर के चैंबर खुले हुए पाए गए, जिस पर संबंधित अधिकारी से कड़ी आपत्ति जता कवर कराने के लिए किसी कंसलटेंट से परामर्श कर अग्रिम कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया। सेक्टर-2 में पार्क की क्षतिग्रस्त चारदिवारी, रेलिंग की मरम्मत कराने तथा पार्क की साफ-सफाई के लिए उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

जोनल रोड संख्या तीन एवं अन्य विभिन्न स्थलों पर सड़कों के किनारे टाइल उखड़ी मिली। जिनकी लेवलिंग कराने के लिए कहा गया। सेक्टर-3 में विद्युत उपकेंद्र के सामने पटरी पर आरसीसी विद्युत पोल पड़े पाए, जिनको हटवाने के लिए यूपीपीसीएल से समंवय कर हटवाने के लिए विद्युत यांत्रिकी विभाग से कहा। विभिन्न स्थानों पर रोड साइड एरिया कच्चा पड़ा हुआ है।

एक मीटर गहराई तक खोदकर जांच कर ली जाए कि कही कोई यूटीलिटी सर्विस की लाइन तो नहीं बिछाई गई है, यदि स्थल पर कोई सर्विसेज नहीं पाई जाती है तो मार्ग को नाले / फुटपाथ के लेवल तक ब्लैक आप करा दिया जाए। विभिन्न स्थानों पर उन्हें बिजली के तार लटके व अव्यवस्थित मिले, जो दुर्घटना का कारण बन सकते है। इसके लिए यूपीपीसीएल से समन्वय कर समाधान करने के लिए विद्युत यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया। सेक्टर-3 में मार्ग पर ई रिक्शा व थ्री व्हीलर अव्यवस्थित ढग से खड़े मिले। इस कारण मार्ग पर जाम की स्थिति बनी हुई थी। ई रिक्शा व थ्री व्हीलर को पुलिस विभाग से समन्वय कर हटवाने और व्यवस्थित कराने का निर्देश दिया।

## सार संक्षेप

### बुखार से महिला की मौत लोगो में दहशत



**बुलंदशहर।** नगर निवासी एक महिला की बुखार की चपेट में आने के कारण मौत हो गई। मृतका नगर पालिका के सभासद के भाई की पत्नी है। वहीं बुखार से हुई मौत के कारण आसपास के लोगों में भी दहशत है। नगर स्थित सीएचसी में भी बुखार के मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। जानकारी के मुताबिक वार्ड 6 मोहल्ला मैमारान के सभासद संजय कोरी के छोटे भाई डब्बू की पत्नी अनीता(25) पिछले दो हफ्तों से बुखार से पीड़ित थी। अनीता का उपचार नगर के ही एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा था। शनिवार को अनीता की मृत्यु हो गई। अनीता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं सीएचसी में भी शनिवार को मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली जिसमें अधिकतर मरीज बुखार-खांसी से ही पीड़ित थे। सीएचसी प्रभारी डॉ आशीष मुद्गल ने बताया कि मौसम के बदलाव के कारण बुखार से पीड़ित मरीज़ों की संख्या बढ़ रही है।

### रामलीला मंचन को लकेर श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ने की बैठक

**ग्रेटर नोएडा।** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा के कार्यकारिणी वा पदाधिकारी के सदस्यों की बैठक संस्था के संस्थापक गोस्वामी सुशील



महाराज के अध्यक्षता में बीटा-दो आश्रम में दशहरा महोत्सव की तैयारी पर चर्चा की गई, जिसका संचालन संस्था के अध्यक्ष आनंद भाटी ने किया। उन्होंने बताया की रामलीला का मंचन रामलीला मैदान मे 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक किया जाएगा और रामलीला का भूमि पूजन 24 सितंबर 2023 को ग्रेटर नोएडा के रामलीला मैदान में किया जाएगा। रामलीला के मंचन में राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ कलाकार जोधपुर व बीकानेर से आएंगे। इस मौके पर रामलीला के मुख्य संस्थापक गोस्वामी सुशील महाराज, संस्थापक एडवोकेट राजकुमार नागर, हरवीर मावी, शेर सिंह भाटी, सुशील नागर, बाल किशन सफीपुर, आनंद भाटी, अध्यक्ष ममता तिवारी, महासचिव अजय नगर, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र भाटी, मीडिया प्रभारी सतबीर मुखिया, रोशनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आयुष्मान भव : अभियान आज से, दो अक्टूबर तक चलेगा

**नोएडा।** जनपद में आयुष्मान भव अभियान रविवार (17 सितम्बर) से शुरू होगा। राष्ट्रीय स्तर पर इसका शुभारंभ राष्ट्रपति की ओर से 13 सितम्बर को किया जा चुका है। जनपद में ब्लॉक स्तर पर रविवार को जनप्रतिनिधि शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सुनील कुमार शर्मा ने शनिवार को दी। सीएमओ ने बताया कि दो अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में आयुष्मान भारत से जुड़ी समस्त योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जाएगा। 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा शुरू होगा। इसके साथ स्वच्छता अभियान, आयुष्मान कार्ड वितरण अभियान, आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान मेला, रक्तदान और अंगदान जैसे कई कल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। अभियान में जनपद के समस्त आयुष्मान भारत योजना के पात्र सूचीबद्ध लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। रविवार को प्रत्येक सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शिविर का आयोजन किया।

## मोदी के जन्मदिन पर ओबीसी मोर्चा निकलेगा बाइक रैली

**गाजियाबाद,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'जन्मदिन' पर ओबीसी मोर्चा की ओर से विशाल बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्य मंत्री



(स्वतंत्र प्रभार), ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप एवं प्रभारी मंत्री, गाजियाबाद असीम अरूण तथा नोएडा विधायक पंकज सिंह प्रमुख रूप से शामिल होंगे। मोर्चा के प्रवक्ता सौरभ जायसवाल ने बताया कि बाइक रैली का शुभारम्भ घंटा घर रामलीला मैदान से होगा। जहां मोर्चा के कार्यकर्ता इकट्ठा होगें तथा प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनेगें और 'जन्मदिन' को उल्लास के साथ मनाएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा देश के छोटे-छोटे कामगारों की मदद के लिए 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा श्रम योजना' का शुभारम्भ किया जाएगा, जिससे देश के पारंपरिक कारीगरों व दस्तकारों जैसे बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनने वाले, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हालवाई, मोची आदि को इस योजना का लाभ मिलेगा। सौरभ जायसवाल ने आगे बताया कि बाइक रैली का रूट घण्टा घर से रमताराम रोड से होते हुए मालीवाडा चौक, वोल्गा पैलेस, सिहानी गेट थाने के सामने, ओवर ब्रिज से नवयुग मार्केट होते हुए शहीद पथ पर समापन होगा।

## शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए : सिंह

**गाजियाबाद,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रत्येक प्रथम और तृतीय शनिवार को होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत शुक्रवार को सामुदायिक केन्द्र नेहरू नगर तृतीय में तहसील सदर जिलाधिकारी श राकेश कुमार सिंह ने लोगों की शिकायतें सुनी। आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष 25 शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने आदेश दिये कि जल्द से जल्द शेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। सबसे ज्यादा शिकायतें 9 राजस्व विभाग और सबसे कम डीएफओ और सिंचाई विभाग की 1-1 शिकायतें थी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इस बात का ध्यान रखें कि जिन शिकायतों का आपके स्तर पर आपके कार्यालय में निस्तारण हो सके, उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण अपने कार्यालय पर ही करें ताकि तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य



■ समाधान दिवस में कुल 25 शिकायतों में से 4 का मौके पर निस्तारण

रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, परियोजना निदेशक प्रदीप नारायण दीक्षित, एसडीएम सदर विनय कुमार, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, तहसीलदार रवि कुमार सहित जीडीए, नगर निगम, आवास विकास, लोक निर्माण, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, खाद्यय आपूर्ति, विद्युत, पुलिस, जल निगम, कृषि सहित, वन, उद्यान, राजस्व, बैंक, शिक्षा सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## इंडियन स्वच्छता लीग कार्यक्रम का आयोजन

■ विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच कराए गए प्रतियोगिताएं

**नोएडा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में मजबूती से प्रतिभाग के लिए नोएडा प्राधिरकण ने शनिवार को इंडियन स्वच्छता लीग कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं के मध्य वेस्ट टू आर्ट कंप्टीशन का शुभारंभ कराया। छात्र छात्राओं द्वारा पुराने अखबार, टूटे खिलौने जैसी अनावश्यक वस्तुओं से सुंदर पेंटिंग अथवा खिलौने का निर्माण किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के विजेताओं को 17 सितम्बर रविवार को प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेक्टर-62 स्थित रामलीला मैदान में वीमन लेड प्लागिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के नेतृत्व में रामलीला मैदान की सफाई की गई। जन स्वास्थ्य विभाग उपमहाप्रबंधक एसपी सिंह, परियोजना अभियंता विजय कुमार रावल व आरके शर्मा और गौरव बंसल के साथ डीडीआरडब्लूए अध्यक्ष एनपी सिंह, सेक्टर-62 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष आरके उप्रेती, गाईडेड फॉर्च्यून समिति सदस्य शामिल रहे।

इस दौरान एसपी सिंह ने शहरवासियों से सहयोग करने की अपील की। साथ ही भारतीय स्वच्छता लीग में नोएडा की टीम नोएडा नाइट्स के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने निवासियों को स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक रहने और लोगों को भी जागरूक करने के लिए स्वच्छता शपथ दिलाई।

## पैमाइश में सिर्फ खानापूर्ति इसलिए 71वें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

**नोएडा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-142 शहदरा गांव में ग्रुप 108 बिल्डर और प्राधिकरण के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शनिवार को 71 वें दिन भी जारी रहा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी ने बताया कि जिला प्रशासन और प्राधिकरण के अधिकारियों ने छह सितम्बर और आठ सितम्बर को किसान और ग्रुप 108 बिल्डर की जमीन की पैमाइश टीएमसी के माध्यम से कराई थी। पैमाइश की खानापूर्ति की गई लेकिन किसानों ने भी अपनी निजी टीम के माध्यम से टीएमसी से पैमाइश कराई। जिला प्रशासन व प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा जो पैमाइस कराई गई थी, उसकी रिपोर्ट 10 व 11 सितम्बर को सार्वजनिक तौर पर देने की बात कही गई थी, लेकिन प्राधिकरण व प्रशासन ने अभी तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की है, क्योंकि अधिकारियों को पूर्ण रूप से जानकारी हो गई है कि किसान की जमीन बिल्डर के कब्जे में है। इसलिए पैमाइश की रिपोर्ट सार्वजनिक करने में जिला प्रशासन और प्राधिकरण कतरा रहा है। किसान को डरा धमका कर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है कि फैसला कर लो अन्यथा मुकदमे लिखा दिया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी को जैसे ही प्रशासन की इस हरकत की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी ने दी तो अस्वस्थ होने के बावजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने आदेश दिए कि जिला प्रशासन और प्राधिकरण जिस तरह से किसानों का सम्मान कर रहा है। उसी तरह 23 सितम्बर को उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का नोएडा आगमन पर किसान सेक्टर-142 धरनास्थल पर एकत्रित होकर घेराव के लिए कूच कर जोरदार स्वागत करेंगें। संगठन की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी ने बताया कि चार सितम्बर को धरनास्थल पर महापंचायत का आयोजन हुआ था, जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों से किसान संगठन शामिल हुए थे लेकिन प्राधिकरण व जिला प्रशासन के कोई भी अधिकारी महापंचायत में नही पहुंचा। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीर सिंह भाटी, राष्ट्रीय महासचिव शौकत अली चेची, राष्ट्रीय संगठन मंत्री यशपाल भाटी, प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश भाटी, प्रदेश सचिव श्रीपाल भाटी, जिला उपाध्यक्ष आमोद भाटी, तहसील अध्यक्ष सोविंदर भाटी समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

## 50 लाख की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद क्राइम ब्रान्च टीम ने शनिवार को थाना नन्दग्राम क्षेत्र में नन्दग्राम कट के पास से झारखण्ड से तस्करी कर लाई जा रही 2 किलोग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद

■ दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में ऑन डिमांड करता है सप्लाई



अफीम की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख रूपए है।

आरोपी झारखंड से ट्रेन व बसों द्वारा आता है और दिल्ली, एनसीआर, हरियाणा, पंजाब व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अफीम की सप्लाई करके मोटी कमाई करता था। आरोपी का नाम मुकुल दांगी है जो झारखण्ड के चतरा जिला का रहने वाले है और 5वीं कक्षा तक पढ़ा है। उसने पुलिस को बताया कि उसकी थोड़ी बहुत खेती बाड़ी है जिसमें घर के राशन की ही पूर्ति हो पाती है हमारी तरफ मादक पदार्थों का बहुत काम होता है। मेरे कुछ जानने वाले गांजा व अफीम की तस्करी झारखण्ड से उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब व दिल्ली एनसीआर में जाकर करते है। उनसे मेरा सम्पर्क हुआ मैं एक दो बार उनके साथ गया तो मुझे 10 हजार रुपए मिले फिर मैंने सोचा कि इस काम में काफी फायदा है, तो मैं आदित्य उर्फ आदि जो रांची का रहने वाला है के सम्पर्क में आया और तस्करी करने लगा। अफीम व अन्य नशीले पदार्थ लेकर मैं बरेली, बदायूं, मुरादाबाद, गाजियाबाद, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व एनसीआर0 में डिमाण्ड के अनुसार सप्लाई करने लगा। अभियुक्त ने बताया कि मुझे अफीम की जितनी डिमाण्ड मिलती है उतना माल लेकर मैं बस व ट्रेनों से आता हूं, मैं सीधे नहीं आता रास्ते मे गाड़ियां बदलता रहता हूं। जिसको माल देना होता है वो जगह पहले ही तय कर लेता हूं कि माल कहां और कितने बजे देना है। पूछताछ पर यह भी बताया कि मैं काफी समय से यह काम कर रहा हूं, मादक पदार्थो की तस्करी मे कम समय में ज्यादा फायदा होता है, मैं अपने शौक व घर के खर्चे इसी से पूरे करता हूं।

एसीपी क्राइम ब्रांच ने बताया कि आरोपी से पूछताछ पर मादक पदार्थों के बिक्री व तस्करी करने वाले अपराधियों के सम्बन्ध में कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। जिसके आधार पर टीमें बनाकर माल बरामदगी व गिरफ्तारी हेतु दबिशें दी जा रही हैं।

## ईवी इंडिया एक्सपो का समापन, कई कंपनियों ने वाहनों को किया लांच

**ग्रेटर नोएडा,**16 सितम्बर (देशबन्धु)। इंडिया एक्सपोमार्ट में इलेक्ट्रिक वाहनों का ईवी इंडिया शो का समापन हुआ, जिसमें संजय निषाद, मंत्री मत्य विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार और संजय विनायक जोशी, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा शामिल हुए। इस

■ यूपी मत्स्य विभाग मंत्री संजय निषाद व भाजपा पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय विनायक जोशी हुए शामिल







कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया और 15 से 20 इलेक्ट्रिक वाहनों और ईवी कॉम्पोनेन्ट ब्रांडों ने प्रदर्शनी में अपने उत्पाद लॉन्च किए। जिसमें वेघ ऑटोमोटिव, शक्ति ईवी मोबिलिटी, अर्बन ई बाइक, रिलेक्टो जेएचईवी मोटर्स, ई-बाइक गो एशर, डायनो इलेक्ट्रिक आदि कंपनियों ने अपने उत्पाद लांच किए। इस दौरान ग्रीन सलूट टू द नेशन थीम के साथ ग्रीन ड्राइव 4.0 का लॉन्च किया गया। जो 23 से 26 दिसम्बर को यह दिल्ली एनसीआर से शुरू होकर वाघा बॉर्डर से जाएगी। यह विश्व रिकॉर्ड ड्राइव होगी जो वृक्षारोपण के साथ अधिकतम दूरी तय करने वाले वाहनों की संख्या का रिकॉर्ड बनाएगी। ग्रीन सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष स्वदेश कुमार के अनुसार ने बताया कि इस तरह की ग्रीन ड्राइविंग और पर्यावरण-अनुकूल इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) का उपयोग आपके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के बेहतरीन तरीके हैं। डायनामो इलेक्ट्रिक ने ई-बाईकों के लो एवं हाईस्पीड मॉडल्स का लॉन्च किया।

प्रदर्शनी में लॉन्च किए गए 6 मॉडल्स हैं इन्फीनिटी, एल्फा, स्माइली, आरएक्स1, आरएक्स4 और वीएक्स1 को पेश किया। शंकर गुप्ता, डायरेक्टर, डायनामो इलेक्ट्रिक ने कहा कि ये सभी प्रोडक्ट्स हाई-स्पीड एवं मल्टी-परपज दोपहिया वाहनों की मांग को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए हैं। वेघ ऑटोमोबाइल्स की सीईओ और सह-संस्थापक प्रज्ञा गोयल ने बताया कि हम अपने सबसे उन्नत इलेक्ट्रिक स्कूटर एस60 को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं। एस 60 उन राइडर्स के लिए एकदम सही विकल्प है जो प्रदर्शन, आराम और स्टाइल की मांग करते हैं। यह उन लोगों के लिए भी एक बढ़िया विकल्प है जो परिवहन के पर्यावरण के अनुकूल तरीके की तलाश कर रहे हैं।

## ज्वार के ढोकले, लड्डू, कुट्टू के दलिया कंगनी की खीर का लोगों ने लिया स्वाद

■ राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत श्री अन्न से बने व्यंजनों की लगाई गई प्रदर्शनी

**नोएडा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत शनिवार को तहसील सदर में पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए मोटे अनाज/श्री अन्न के दैनिक जीवन में उपभोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री अन्न से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में ज्वार के ढोकले, ज्वार के लड्डू, कुट्टू का दलिया, कंगनी की खीर, ज्वार की कचौड़ी, समा की खिचड़ी, बाजरे की मठरी आदि व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों, सदर तहसील के समस्त कर्मचारियों व क्षेत्रीय लोगों ने किया और व्यंजनों का स्वाद चखा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सहित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने जनपद को कुपोषण मुक्त,स्वस्थ एवं मजबूत बनाने संबंधी शपथ बैनर पर भी हस्ताक्षर किए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि सितम्बर महीने को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस बार अभियान में पोषण से सम्बन्धित समस्त कन्वर्जेंस विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से पोषण आधारित जीवन चक्र के महत्वपूर्ण चरणों जैसे गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन व किशोरावस्था में पोषण के सम्बन्ध में जन जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम 'सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत' है। पोषण अभियान के अंतर्गत छह वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती, धात्री महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं। इस वर्ष सितंबर 2023 में आयोजित पोषण माह प्रभावी स्तनपान व संपूरक आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण सुधार, मेरी माटी मेरा देश, एनीमिया स्तर में सुधार के लिए प्रशिक्षण उपचार व संवाद आदि पर फोकस किया जा रहा है। पोषण माह 30 सितम्बर तक चलेगा।

उवाच

किसानों की एकता ही उनकी ताकत है स्थाई मोर्चा लगाकर ही लड़ाई जीती जा सकती है सुनील फौजी ने कहा कि नए कानून पर शासन स्तर पर कार्रवाई के लिए पुलिस कमिश्नर के माध्यम से मुख्यमंत्री से किसानों के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता कराई जाने पर सहमति बनी है।

सुनील फौजी, जय जवान जय किसान आंदोलन राष्ट्रीय अध्यक्ष

# कैपिटल ज़ोन

## मोटोजीपी भारत की तैयारियों का जायजा लेने यीडा सीईओ मैदान में उतरें

- मोटोजीपी को लेकर साफ-सफाई, मरम्मत व विकास कार्यों का मौके पर जाकर किया निरीक्षण
- बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट पर 22 से 24 सितम्बर तक आयोजित होगी मोटोजीपी बाइक रेस





**ग्रेटर नोएडा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरुणवीर सिंह ने 22 से 24 सितम्बर 2023 में यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-25 में स्थित बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटो जीपी इंटरनेशनल रेस के दृष्टिगत प्राधिकरण क्षेत्र में किए जा रहे हैं साफसफाई, मरम्मत व विकास कार्यों की समीक्षा अधिकारियों के साथ साइट पर जाकर की गई।

सर्वप्रथम प्राधिकरण के एंट्री प्वाइंट व नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से पहले सेंटर वर्ज पर हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट द्वारा किए जा रहे कार्यों का परीक्षण किया गया। तत्पश्चात गलगोटिया यूनिवर्सिटी के समीप अंडर पास, सेक्टर 22डी अंडर पास, सेक्टर-22 ई कट, सेक्टर-18 और 20 का मुख्य मार्ग सेक्टर-17ए का मार्ग, बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के सभी संपर्क मार्गों का स्वयं निरीक्षण किया गया। निरीक्षणों उपरान्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा प्राधिकरण के हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए। प्राधिकरण के जीरो पॉइंट से सेक्टर-20 तक के सभी सेंटर वर्ज की मरम्मत, रंगाई पुताई, तार फेंसिंग, फूलों के पौधे लगाने आदि के संबंध में आनंद मोहन सिंह, डिप्टी डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर को निर्देशित किया गया। साथ ही साथ इन्हें यह भी निर्देशित किया गया है कि सेक्टर-20 तक आने वाले सभी अंडर पास में पेन्टिंग, रंगाई पुताई व ब्यूटिफिकेशन का कार्य प्रत्येक दशा में दो कार्य दिवस में पूर्ण करवाएं। महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह को निर्देशित किया गया की इस क्षेत्र में पड़ने वाले सभी 20 मीटर, 30 मीटर, 45 मीटर व 100 मीटर के सभी मार्गों में साफसफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, सभी मार्गों का दुरस्तीकरण किया जाए, बारिश के मौसम को देखते हुए पानी की निकासी व वाटर ब्लॉकिंग को दूर किया जाये, मार्ग में पड़ने वाले सभी झाड़े व पेड़ पौधों की कटाई छटाई और सफाई करवाई जाए।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था देख रहे विशेष कार्याधिकारी महराम सिंह, वरीष्ठ प्रबंधक बीपी सिंह, अर्शद वह राजवीर सिंह को निर्देशित किया गया कि सभी संपर्क मार्गों व मुख्य मार्गों पर बिजली की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, यदि कहीं पर एलईडी या अन्य लाइट लगवाई जानें आवश्यक हो तो, उस काम को पूर्ण प्राथमिकता पर किया जाए। पूरे आयोजन के दौरान सभी मार्गों व संपर्क मार्गों, सर्विस रोड आदि पर बिजली की कोई भी समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन है तथा इस आयोजन में प्राधिकरण के अधिकारियों किसी भी प्रकार की कोई स्थिलता न बरतें।

सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिए सभी विभागों को 2 दिन का समय दिया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सोमवार सुबह पुन: क्षेत्र का दौरा कर दिए गए निर्देशों के क्रम में पूर्ण कराए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा किए गए इस साइट विजिट में उनके साथ कपिल सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, शैलेन्द्र भाटिया, विशेष कार्याधिकारी सहित प्राधिकरण के परियोजना, हार्टिकल्चर, व बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## जिले की तीनों तहसीलों में 134 शिकायतें दर्ज, आठ का निस्तारण



**ग्रेटर नोएडा,**16 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले की तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें तीनों तहसीलों में कुल 134 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से 8 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों ने मौके पर किया। मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह ने सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। सदर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों को सुना, जिसमें 9 शिकायतें विभिन्न विभागों से दर्ज कराई गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार दादरी तहसील में उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 56 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां कुल 69 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग लिफ्ट गिरने से मरने वालों की संख्या हुई आठ

- चार मजदूरों को शनिवार को इलाज के दौरान हुई मौत
- एक दिन पहले चार की हुई थी मौत
- मृतकों के परिजनों को मिलेगा 25-25 लाख का मुआवजा

**ग्रेटर नोएडा,**16 सितम्बर (देशबन्धु)। बिसरख थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन बिल्डिंग की पैसेंजर लिफ्ट गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 5 मजदूर घायल हुए थे, जिनमें से चार का इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। अब मरने वालों का आंकड़ा 8 पहुंच गया है। बिसरख थाना क्षेत्र में अमरपाली ड्रीम वैली प्रोजेक्ट का कार्य चल रहा था, जिसे एनबीसीसी कर द्वारा कराया जा रहा था। शुक्रवार को पैसेंजर लिफ्ट से मजदूर ऊपर जा रहे थे। इस दौरान अचानक से लिफ्ट फेल होकर नीचे गिर गई जिसकी चपेट में 9 लोग आ गए थे। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर चार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। पांच गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका उपचार चल रहा था।

जिसमें चार और मजदूरों की भी मौत हो गई है। दो मजदूरों की मौत शुक्रवार रात को हुई। वहीं दो मजदूरों की मौत शनिवार सुबह हुई है। शुक्रवार को इस्ताक अली पुत्र इरशाद अली निवासी ग्राम फतेहजोर बिसरोलिया थाना बलरामपुर जिला बलरामपुर बिहार उम्र 23 वर्ष, अरुण तांती मंडल पुत्र रुदल मंडल निवासी हुश्यारी थाना खौसी जिला बांका बिहार उम्र 40 वर्ष, विपोत मंडल पुत्र दीनू मंडल निवासी ग्राम भागूडीह थाना अहमदाबाद जिला कटिहार बिहार उम्र 45 वर्ष, आरिस खान निवासी गांव सियाली जागीर थाना हसनपुर जिला अमरोहा उम्र 22 वर्ष की मौत हो गई थी। शनिवार को असुल मुस्तकीम निवासी बिहार, अब्दुल मुस्तकीम, कुलदीप पाल पुत्र जसरथ पाल निवासी ग्राम दीपकपुर जिला थाना छिबरामऊ कन्नौज, अरबाज अली निवासी गांव सियाली थाना हसनपुर जिला अमरोहा की भी मौत हो गई है।

अभी अस्पताल में कैफ नाम के युवक का इलाज चल रहा है। गौरलतब है कि निर्माणाधीन साइट पर लिफ्ट हादसे में मारे गए चारों मजदूरों के स्वजनों को नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेट लिमिटेड (एनबीसीसी) और उत्तर प्रदेश सरकार 25-25 लाख रुपए का मुआवजा देगी। जिला प्रशासन के प्रयासों से पीड़ित परिजनों को यह आर्थिक सहायता मिलेगी।

### आम्रपाली ड्रीम वैली निर्माण कंपनी का जीएम गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा।** आम्रपाली ड्रीम वेली प्रोजेक्ट में प्रातः समय करीब 9 बजे कन्ट्रेक्शन साईट टेकजोन-4 में सी ब्लाक के टावर नं. 12 पर 14वीं मजिल से पैसेन्जर लिफ्ट गिर जाने के कारण आठ मजदूरों की अब तक मौत हो चुकी है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले 9 लोगों पर बिसरख थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस दौरान निर्माण कर रही एनबीसी के दो जीएम, लिफ्ट कंपनी के सुपरवाइजर और इंजीनियर, प्रोजेक्ट साइट के सुपरवाइजर समेत साइट इंचार्ज पर भी 308, 304 7एल के तहत हुआ मुकदमा दर्ज किया गया। बिसरख थाने की पुलिस ने मुकदमा में नामजद वांछित आरोपी देवेन्द्र सिंह उर्फ देवेन्द्र शर्मा को उसके निवास स्थान से हेरीटेज फ्लोर एण्ड विलाज जलपुरा, थाना ईकोटेक-3, गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायालय पेश किया गया।

## मोटो जीपी भारत रेस के लिए सुरक्षा कार व बाइक बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहुंचीं

- रेस के दौरान राइडर्स सुरक्षा पर विशेष रुप से किया जाता है फोकस




**ग्रेटर नोएडा,**16 सितम्बर (देशबन्धु)। मोटरसाइकिल ग्रांड प्रिक्स (मोटो जीपी) भारत रेस के दौरान 22 राइडर्स जब 350 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से बीआईसी ट्रैक पर दौड़ रही होंगी। इसी ट्रैक के समानांतर पिट लेन पर तीन कारें और एक बाइक सवार लगभग उतनी ही स्पीड में राइडर्स की रक्षा करने के लिए चल रहे होते हैं। शनिवार को इनमें से एक बीएमडब्ल्यू कंपनी की सेफ्टी कार और 1000 सीसी की बाइक बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहुंची। इस दौरान बीएमडब्ल्यू एम5सीएस सहित कुल तीन सुरक्षा कारें कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगी। ओपनिंग लैप पर किसी घटना की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए इसकी उपस्थिति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, जरूरत पड़ने पर ट्रैक की स्थिति का आकलन करने के लिए सुरक्षा कार भेजी जाती है। बाकी सुरक्षा कारें- बीएमडब्ल्यू एम2 (जी87), और बीएमडब्ल्यू एम3 टूरिंग रविवार को कार्यक्रम स्थल पर उतरेंगी। सेफ्टी बाइक-बीएमडब्ल्यू एम 1000 आरआर- का उपयोग रेस के दौरान बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में भी किया जाएगा। रेस की शुरुआत में सेफ्टी कार को ग्रिड के पीछे रखा जाता है। रेस के पहले पड़ाव के दौरान, यह पिट लेन में पीछे हटने से पहले सवारों को पीछे छोड़ देता है। रेस के दौरान कई बार हादसे के दौरान आग भी लग जाती है। इसके लिए बीएमडब्ल्यू एम5सीएस में कुछ मेडिकल उपकरणों के साथ-साथ आग बुझाने के उपकरण भी रखते हैं। मोटो जीपी भारत रेस 22 से 24 सितम्बर को हो रहा है।

डोर्ना स्पोर्ट्स के सहयोग से फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स आयोजन कंपनी, इंडियन ऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया रोमांचक रेस का वादा किया है, जिसमें 41 टीमें और 82 राइडर्स मोटोजीपी, मोटो 2 और मोटो 3 श्रेणियों में भाग लेंगे, जिसमें फ्रांसेस्को बग्निया, मार्क मार्केज जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल होंगे। मार्को बेजेची, ब्रैड बाइंडर, जैक मिलर और जॉर्ज मार्टिन शामिल हो रहे हैं।

## नौकरी खोजने वाले युवाओं को मिला सुनहरा अवसर

- कैड सेंटर के जॉब पक्का मेले में पूरे देश से प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा




**ग्रेटर नोएडा,**16 सितम्बर (देशबन्धु)। कैड सेंटर का जॉब पक्का मेला ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित किया गया था, 13,000 से अधिक पंजीकरण और 5,000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें कोची, चेन्नई, बैंगलोर, मुंबई और दिल्ली में मेले की शानदार सफलता साथ, जॉब पक्का मेला का उद्देश्य था कि छात्र, नौकरी ढूंढने वाले और पेशेवर लोगों को 10 से अधिक इंजीनियरिंग और गैर-तकनीकी डोमेन के 3,800 से अधिक प्रवेश और मध्यस्त स्तर की नौकरियों के साथ जोड़ने का था। इस जॉब पक्का मेला में 1000 से अधिक प्रतिभागियों का चयन हुआ। जीएनआईओटी में कैड सेंटर के जॉब पक्का मेला का उद्घाटन अकृति, सिविल जज और रोहित पांडेय, जीएनआईओटी के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के हेड ने किया। जॉब पक्का फेयर 2023 भारत की सबसे बड़ी प्रतिभा खोज कार्यक्रम के रूप में खड़ा है, जो इंजीनियरिंग, मैकेनिकल-सिविल इंजीनियरिंग, ईईई-ईसीई, आईटी-कंप्यूटर साइंस, आर्किटेक्चर, बीपीओ-केपीओ, बैंकिंग और वित्त, बिक्री और विपणन, और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों के लिए मजबूत मंच प्रदान करता है। इस मेले में टेक महिंद्रा, एड्राइट, सी एंड एस इलेक्ट्रिक, डिकैथलॉन, और स्टार हेल्थ इंश्योरेंस जैसी प्रसिद्ध कंपनियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो सही उम्मीदवारों की खोज में इस कार्यक्रम में शामिल हुई। राम बी आर, उपाध्यक्ष, कैड सेंटर ने बताया कि कैड सेंटर का लक्ष्य नए लोगों के लिए पहली नौकरियों का प्रवेश द्वार और अनुभवी पेशेवरों के बीच कैरियर की उन्नति के लिए उत्प्रेरक बनना है। हमने हाल ही में लॉन्च किया है फर्स्ट जॉब पक्का, एक मिशन जो नए लोगों के लिए अनुकूलित प्रशिक्षण और प्लेसमेंट प्रदान करता है।

## मोटोजीपी व ट्रेड शो को लेकर एसीपी ने उद्यमियों व व्यापरिक संगठनों के साथ की गोष्ठी



**ग्रेटर नोएडा,**16 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार शनिवार को अपर पुलिस आयुक्त कानून/व्यवस्था आनंद कुलकर्णी द्वारा पुलिस उपायुक्त यातायात अनिल यादव के साथ कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में आयोजित होने वाले उप्र अन्तरराष्ट्रीय ट्रेड शो एवं बुद्ध अन्तरराष्ट्रीय परिपथ में मोटो जीपी भारत रेस-2023 के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त कार्यालय, सेक्टर-108 में विभिन्न व्यापारिक संगठन, उद्यमी, इंडस्ट्रीज के लोगों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान उनके द्वारा आगामी दोनों कार्यक्रमों को लेकर विभिन्न व्यापारिक संगठन, उद्यमी, इंडस्ट्रीज के लोगों से पूरे आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था बनाये रखने, पुलिस-प्रशासन द्वारा जारी होने वाली सभी गाइडलाइंनस का पूरी तरह से पालन करने व पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई साथ ही इंडस्ट्री के लोगों से वर्क फ्रॉम होम तथा अपने शिफ्ट के टाइमिंग में इस प्रकार से बदलाव करने के लिए सुझाव दिए गए की ट्रैफिक का दबाव मोटोजीपी और यूपी में इंटरनेशनल ट्रेड शो के साथ ना हो। गोष्ठी के दौरान उपस्थित बंधुओं को समझाया गया कि यह विश्व स्तर के आयोजन हैं जिनका सफलतापूर्वक आयोजन होने से हमारे देश का नाम पूरे विश्व में रोशन होगा। गोष्ठी के दौरान उपस्थित लोगों से सुझाव मांगे गए और उनके सुझावों की स्क्रीनिंग हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया जिससे आपसी सामंजस्य बनाकर कार्यक्रम का आयोजन हो सके। अपर पुलिस आयुक्त द्वारा गोष्ठी में उपस्थित लोगों को समझाया गया कि वह अपने-अपने वर्ग के लोगों के साथ भी गोष्ठी करे और पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था व शांति व्यवस्था को लेकर जारी गाइडलाइन के बारे में जागरूक करते हुए उनसे पालन कराये।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## ग्रेनो प्राधिकरण किसानों का आठ महीनों से चल रहा धरना एक नवम्बर तक स्थगित


- लगातार धरने के 123वें दिन आखिरकार किसानों और प्राधिकरण के बीच किसानों के सभी मुद्दों पर सहमति बनी
- ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने किसानों के बीच आकर धरना स्थगित कराया




**ग्रेटर नोएडा,**16 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर आठ महीनों से चल रहा किसानों का आंदोलन शनिवार को एक नवम्बर तक स्थगित हो गया। किसान सभा के धरने के 123वें दिन प्राधिकरण और किसानों के बीच हुआ ऐतिहासिक लिखित समझौता हुआ। समझौते के अनुसार 10 फीसदी आबादी प्लाट नए कानून को लागू करने सहित सभी मुद्दों पर प्राधिकरण और किसानों के बीच 100 फीसदी सहमति बन गई है। ज्यादातर मसले अक्टूबर माह में होने वाली प्राधिकरण की बोर्ड बैठक से पास कर दिए जाएंगे। मुख्य मुद्दा 10 फीसदी आबादी प्लाट को अक्टूबर माह की बोर्ड बैठक से पास कर दिया जाएगा। इस तरह किसान सभा के आंदोलन में समय सीमा के अंतर्गत सभी मुद्दों पर लिखित समझौता संपन्न कर मीटिंग मिनट प्राप्त की है किसान सभा के प्रवक्ता डॉक्टर रुपेश वर्मा ने समझौते के बारे में 3 दिन से चल रही प्रक्रिया के अनुसार धरने पर मौजूद सैकड़ो लोगों का अवगत कराया कि 3 दिन से समझौते का ड्राफ्ट तैयार हो रहा है ड्राफ्ट को किसान सभा की जिला एक्शन कमेटी ने अनुमोदित किया है। कमेटी के अनुमोदन के बाद धरनारत किसानों के सदन ने समझौते का अनुमोदन किया है और धरने को 31 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी से किसानों को समझौते के अनुसार कार्रवाई करने का पूर्ण आश्वासन मिला है।

किसानों को ऐसे सकारात्मक मुख्य कार्यपालक अधिकारी से कार्रवाई की पूरी आशा है मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने धरना स्थल पर आकर किसानों से वादा किया कि वह भी किसान परिवार से हैं और किसानो की सभी समस्याओं को गंभीरता के साथ हल करने का काम करेंगे किसान सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल सूबेदार ने कहा कि यह लड़ाई लोगों की सामूहिक भावना के आधार पर जीती गई है विपक्षी पार्टियों और सभी किसान संगठनों का भूतपूर्व सहयोग मिलने की वजह से लड़ाई अपने मुकाम तक पहुंची है जय जवान जय किसान आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील फौजी ने कहा कि किसानों की एकता ही उनकी ताकत है स्थाई मोर्चा लगाकर ही लड़ाई जीती जा सकती है सुनील फौजी ने कहा कि नए कानून पर शासन स्तर पर कार्रवाई के लिए पुलिस कमिश्नर के माध्यम से मुख्यमंत्री से किसानों के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता कराई जाने पर सहमति बनी है। और प्राधिकरण सरकार द्वारा किसानों के मुद्दों पर कार्रवाई आगे बढ़ेगी तो हम आंदोलन स्थगित रखेंगे अन्यथा की स्थिति में 1 नवंबर से पुन: स्थाई मोर्चा लगाकर लड़ाई शुरू कर दी जाएगी। ऐतिहासिक जीत पर किसान सभा के कार्यकर्ताओं नेताओं को बधाई दी।

## आर्मी इंस्टीट्यूट में छात्रों को सत्यनिष्ठा व ईमानदारी का मिला मंत्र




**ग्रेटर नोएडा,**16 सितम्बर (देशबनधु)। आर्मी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ने नए छात्रों का स्वागत एवं मार्गदर्शन के लिए 'ज्ञानोदय- ओरिएंटेशन 2023' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मैनेजमेंट के नए छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के शुभारम्भ में एयर कमोडोर (डॉ.) जे.के. साहू, निदेशक-एआईएमटी ने अथितियों का स्वागत किया। संस्थान की उपलब्धियों एवं स्वर्णिम इतिहास का व्याख्यान करते हुए एयर कमोडोर (डॉ.) साहू ने छात्रों को कड़े परिश्रम एवं सद्बुद्धि के साथ आगे बढ़ने क लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कर्नल सुमित शर्मा, कर्नल गस ट्रेनिंग दिल्ली हेड क्वार्टर, विशाल महाजन, सीईओ जुबलिएंट कंस्यूमर, अभिजीत मेहरोत्रा, वाईस प्रेजिडेंट ईमारटिकस लर्निंग, सौरभ मोहन सक्सेना, फाउंडर एहोड्स एवं डॉ. आर्घा चटर्जी, जनरल मैनेजर कॉर्पोरेट रिलेशन्स, इंडियन मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भुवनेश्वर जैसी जानी मानी कॉर्पोरेट जगत की हस्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर छात्रों ने सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ करियर के पथ पर अग्रसर होने का मूल मंत्र जाना। कर्नल सुमित ने कड़ी मेहनत, दृढ़ता और धैर्य क साथ चलने की सलाह दी। कॉर्पोरेट जगत ने छात्रों को निष्ठा, कौशल उन्नयन, मूल्य और नैतिकता के साथ कड़ी मेहनत के साथ अपने जीवन को सफल बनाने पर जोर दिया।

ISHAN AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & RESEARCH CENTRE, GREATER NOIDA
VACANCY FOR POSTS OF
Professors & Associate Professors /Readers of All Years of BAMS (1st, 2nd , 3rd Prof.) Course.
Apply also for Medical Consultants, Medical Officers, Lab Technicians, Nurses, Admin Staffs, Supportive staffs for Hospital & College
Qualification & Experience: As per Norms of NCISM & Ministry of AYUSH, Govt. of India for all posts
Salary : As per Min. of AYUSH, Govt. of India or State Govt./UGC Norms Plus Free Accommodation
Walking-interview/Apply within Seven (7) Days
Address : Plot No. 1A/1-2, K.P.1, Greater Noida, UP-201310
Email: info@ishanayurved.com
Ph.: 0120-2334424, Mb. 8448797705

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम / सैक्टर- साकीपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आर.ए.एस.01226, भूखण्ड संख्या-61, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-400 वर्ग मीटर सर्वश्री चरनी, बाबूराम, चन्द्रपाल, चतरू पुत्रगण श्री शाहमल, ममता ना०बा० पुत्री राजू संरक्षिका श्रीमती भगनिया दादी निवासी ग्राम साकीपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहः आवटी श्रीमती परमाली पत्नी स्व0 श्री ओम प्रकाश की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती लीलावती पत्नी स्व० श्री चरन व श्रीमती किरनवती पत्नी स्व0 श्री बाबूराम, सर्वश्री ईश्वर सिंह, सुरेश कुमार, देवेन्द्र, महेश गौतम, सतेन्द्र पुत्रगण स्व० श्री चरन, श्रीमती मुन्दर (विवाहित) पुत्री स्व0 श्री चरन व सर्वश्री जीवन वर्मा, नीरज कुमार पुत्रगण स्व० श्री बाबूराम श्रीमती उर्मिला (विवाहित), श्रीमती पूनम (विवाहित), रजनी पुत्रीगण स्व० श्री बाबूराम, निवासी-ग्राम साकीपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्रीमती लीलावती पत्नी स्व० श्री चरन व श्रीमती किरनवती पत्नी स्व० श्री बाबूराम निवासी ग्राम साकीपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती लीलावती पत्नी स्व० श्री चरन व श्रीमती किरनवती पत्नी स्व० श्री बाबूराम निवासी ग्राम साकीपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# साहित्य

■ धर्मवीर भारती

# हिन्दू या मुसलमान




सरकारी अस्पताल के बरामदे में 30 लाशें एक कतार में रक्खी हुई थीं। लाशें, नहीं उन्हें लाशें कहना गलत होगा, मगर उन्हें जिन्दा भी नहीं कहा जा सकता था। वे सूखी हड्डियों के मुरदार ढाँचे जिन पर जर्द, झुर्रीदार चमड़ा मढ़ा हुआ था । कलकत्ते की विभिन्न सड़कों से मुरदे उठाकर लाये गये थे इलाज के लिये । उन्हें भूख की बीमारी हो गयी थी और इसीलिये वे चलते-चलते सड़क पर गिर पड़ते थे और धीरे-धीरे दम तोड़ देते थे । हिन्दोस्तान जैसे खराब आबोहवा के देश में जहाँ आये दिन एक बीमारी चल पड़ती है, यह भी एक नयी बीमारी चल निकली थी। झुण्ड के झुण्ड लोग गाँवों से चल पड़ते और चलते-चलते बिना दायीं और बायीं पटरी का ख्याल किये गिर पड़ते और फिर उठने का नाम न लेते। शासकों ने समझा यह सत्याग्रह का कोई नया तरीका है मरने दो; मेडिकल विभाग ने समझा यह मलेरिया की कोई नयी किस्म है जो बंगाल के लिए साधारण बात है। लेकिन बीमारी बढ़ती गयी। जब सड़कों पर पड़ी हुई लाशों की वजह से, मारवाड़ियों की मोटरें, दफ्तर की बसें और फौज की लारियों के आने-जाने में रुकावट होने लगी तो हमारी मेहरबान सरकार को फिक्र हुई, और इसीलिए वे 30 भुखमरे, सरकारी अस्पताल में जाँच के लिए लाये गये और सावधानी से बरामदों में नरम और सीले हुए पक्के फर्शों पर लिटा दिये गये ।

डाक्टर परेशान थे, नर्सों परेशान थीं। यह भी क्या बीमारी है ? और एकदम से तीस नये मरीज ।

बरामदे में शान्ति थी । एक सुनसान कब्रगाह की तरह डरावनी खामोशी । मुरदे खामोश थे। एकाएक खटखट की आवाज हुई और एक नर्स बरामदे की सीढ़ियों पर चढ़ती हुई दीख पड़ी। चढ़ने में उसका मोजा नीचे खिसक गया और वह रुक कर उसे ठीक करने लगी। उसके जूतों की खटखट शायद किसी भुखमरे के बेहया दिल से जा टकराई। उसने करवट बदली। नर्स आगे बढ़ी और जब उसके पास से गुजरने लगी तो उसने बेबस निगाहें उठाकर नर्स की ओर देखा और बहुत प्रयत्न कर बोला- 'पानी।'

नर्स पल भर को ठिठकी ।

'उहँ, कहाँ तक कोई काम करे सुबह से पोशाक भी तो नहीं सम्हाल पायी हूँ।' वह आगे बढ़ गयी ।

मरीज की प्यासी पसलियों से फिर दर्दनाक कराह उठी- 'पानी ।'

'मरने दो !' नर्स ने कहा। और बगल के कमरे में एक शीशे के सामने खड़े होकर गले में बँधे रूमाल की गाँठ खोलने लगी ।

'पानी ', घुटती हुई आवाज़ बोली। वह अभागा मरीज भी अपनी जिन्दगी और मौत की गाँठ खोलने में व्यस्त था ।

नर्स परेशान थी । गाँठ खुल ही नहीं रही थी। वह आदमी चुप हो गया। नर्स ने अपनी पोशाक ठीक की और चली गयी।

मरीज की कराह बन्द न हुई । बगल की लाश में कुछ हरकत हुई और कम्बल उठाकर एक बुढ़िया ने सर बाहर निकाला। उसके बाद वह उठी और कंकालों की तरह लड़खड़ाते हुए एक टीन के डब्बे में पानी लायी और मरीज के मुँह से लगा दिया। पहला घूँट गले से उतरा मगर दूसरा घूँट हिचकी के कारण नीचे गिर गया। बुढ़िया ने क्षण भर मायूसी से मरीज की ओर देखा और उसके बाद चुपचाप कम्बल के नीचे लुढ़क गयी ।

इतने में नर्स डाक्टर को साथ लेकर लौटी और प्यासे मरीज की ओर इशारा किया। डाक्टर ने स्टेथेस्कोप लगाकर देखा। उस कम्बख्त की प्यास हमेशा के लिए बुझ गयी थी । डाक्टर ने स्टेथेस्कोप हटाया और अजीब आवाज में कहा - 'खतम।'...

फिर जेब से नोटबुक निकाली। घड़ी देखकर टाइम दर्ज किया और नर्स से पूछा - 'यह भुखमरा कहाँ से लाया गया था।'

'सप्लाई आफिस के सामने से ! नर्स ने जवाब दिया।

'हिन्दू था, या मुसलमान ।'

'मालूम नहीं।'

'मालूम नहीं ? अच्छा इसके बगलवाले मरीज से पूछो ?'

नर्स ने बगल वाले मरीज को उठाया। वह नहीं उठा। डाक्टर ने जूते से कम्बल उलट दिया और डाँटकर कहा- 'उठो ?'

बुढ़िया काँपकर उठ बैठी ।

'यह आदमी कौन था ?' डाक्टर ने पूछा ।

> बरामदे में शान्ति थी । एक सुनसान कब्रगाह की तरह डरावनी खामोशी । मुरदे खामोश थे। एकाएक खटखट की आवाज हुई और एक नर्स बरामदे की सीढ़ियों पर चढ़ती हुई दीख पड़ी। चढ़ने में उसका मोजा नीचे खिसक गया और वह रुक कर उसे ठीक करने लगी। उसके जूतों की खटखट शायद किसी भुखमरे के बेहया दिल से जा टकराई।

'हुजूर यह आदमी भूखा था ।'

'भूखा था ? यह कौन पूछता है-ठीक से जवाब दो।' डाक्टर ने डाँटा ।

'देखो ! यह सरकारी काम है ! नर्स ने आहिस्ते से समझाया- 'सरकार यह नहीं पूछती कि यह आदमी भूखा था या प्यासा । सरकार यह पूछती है कि यह आदमी हिन्दू था या मुसलमान ? बोलो अस्पताल के रजिस्टर में दर्ज करना है।'

'मालूम नहीं हुजूर !' बुढ़िया बोली ।

'उहँ जाने दो। अच्छा उधर वाले मरीज से पूछो ?'

उधर वाला मरीज बोला ही नहीं। नर्स ने डाँटकर पूछा तब भी उसने जवाब नहीं दिया, क्योंकि वह मर चुका था और मुरदों को मजहब की पहचान नहीं होती क्योंकि वे ईश्वर के समीप पहुँच जाते हैं।

डाक्टर एक और नया मुरदा देखकर चिन्तित हुआ। उसने स्टेथेस्कोप लेकर जाँच करनी शुरू की। लगभग इक्कीस भुखमरे मर चुके थे ।

डाक्टर ने अपने सहकारी को बुलाया और कहा ङ्क 'देखो इन बचे हुए भुखमरों को एक-एक तेज इंजेक्शन देकर निकाल दो। वरना ये भी मर जायँगे ।'

'यदि यहाँ नहीं तो बाहर मर जायँगे ! सहकारी ने उत्तर दिया। 'बाहर मरने की परवाह नहीं । यहाँ मरेंगे तो सरकार की बदनामी होगी। और देखो - अखबार को रिपोर्ट दो कि कुल 7 की मौत हुई। बाकी यहाँ लाने के पहले ही मर चुके थे। समझे।' और थोड़ी देर बाद बाकी भुखमरे निकाल दिये गये ।

बुढ़िया बेहद कमजोर थी। वह पाँच कदम चली और बैठ गयी। पेट में जब भूख आँतों को मरोड़ने लगी तब वह फिर उठी और किसी तरह घसीटती हुई आगे बढ़ी।

बगल में एक साबुन की कम्पनी थी जिसके दरवाजे पर एक मोटा दरबान बैठा था । बुढ़िया उसके सामने गयी और हाथ फैला दिये। लेकिन कुछ बोल न पायी। गले में आत्मसम्मान आकर रुँध गया। दरबान ने देखा और एक क्रूर हँसी हँसकर बोला- 'चल ! चल ! आगे बढ़, अगर तू जवान होती तो इज्जत बेचने पर शायद 8-10 पैसे मिल भी जाते- अब किस बिरते पर भीख माँगने आयी है। ङ्घ चल हट ?'

बुढ़िया की झुर्रीदार पलकों में दो बेहया आँसू झलक गये ।

वह चलने को मुड़ी कि दरबान बोला- 'तुझे खैरात चाहिए । यहाँ खैरात की कमी नहीं। हिन्दुस्तानी तो अपने बाप के मरने पर खैरात करते हैं, फिर जिन्दा लाशों के लिए क्यों न खैरात करेंगे। उधर जा, वहाँ सेठों ने ढाबा खोल रक्खा है।'

बुढ़िया उधर की ओर चली। भोजनालय के द्वार पर बेहद भीड़ थी । हड्डियों के अनगिनत कंकाल प्रेतों की भाँति सूखे हाथ फैलाकर बैठे थे। उबले हुए ज्वार की महक हवा में फैल रही थी। बुढ़िया ने एक गहरी साँस ली जैसे साँसों के सहारे पेट भरने की कोशिश कर रही हो ।

कार्यकर्ताओं ने जुआर की खिचड़ी से भरी हुई एक देग लाकर सामने रक्खी और करछुल से निकालकर जुआर बाँटने लगे। एक हंगामा-सा मच गया। बुढ़िया उठी और कुत्ते को भगाकर देग खिसकाने का व्यर्थ प्रयास करने लगी ।

इतने में एक कार्यकर्त्ता चीखा- 'देखो ! देखो उसने देग छू ली।' 'देग छू ली ! हिन्दू है या मुसलमान ?'

'मुसलमान मालूम होती है।'

'निकाल दो कमबख्त को ?'

बुढ़िया लाञ्छना से पीड़ित होकर उठ गयी। उसका कसूर क्या था ?

वह उठी और सर झुकाकर चल दी।

सामने ही एक दूसरा ढाबा था। उसकी हिम्मत न हुई वहाँ जाने की, लेकिन उस पर चाँद-तारे का एक हरा झण्डा लगा हुआ था । उसको कुछ सान्त्वना हुई और वह वहाँ चली गयी। सामने एक वालन्टियर था । उसने रोका - 'यहाँ सिर्फ मुसलमानों को खाना मिलता है ।

'मैं भी मुस्लिम हूँ' बुढ़िया ने जवाब दिया । 'सामने के ढाबे से खाकर आयी है, काफिर है; साफ काफिर, शक्ल से नहीं देखते।' दूसरा वालन्टियर बोला-

'भाग ! भाग ! यहाँ काफिरों की गुजर नहीं चल हट ?'

बुढ़िया का चेहरा तमतमा गया और चीखकर बोली-

'खुदा के बन्दो ! अल्लाह ने अनाज के दानों पर मजहब की छाप लगाकर नहीं भेजा है। तुम्हारी ओछी बात सुनकर मुझे अपने मुसलमान होने में शरम आती है । '

'पागल है ?' एक बोला-

'भूख से दिमाग खराब हो गया है।'

'अल्लाह काफिरों को ऐसी ही सजा देता है।'

बुढ़िया कहती ही गयी - 'तुम काफिरों को खाना नहीं देते, मत दो। मत दो कमबख्तो ! वह धरती अभी कहीं नहीं गयी जिसने हम सब को बिना मजहब के ख्याल के पैदा किया है। तुम्हारा अनाज लेने के बजाय उसी धरती पर मर जाना मैं ज्यादा पसन्द करूँगी। खुदा तुम्हारा भला करे ।'

और वह हाँफती हुई एक ओर चली गयी।

दूसरे दिन कलकत्ते के एक प्रमुख दैनिक में छपा था-

'बंगाल के इस अकाल में समस्त भारत, प्रान्त और धर्म का भेद-भाव भुलाकर सहायता कर रहा है। मारवाड़ियों और इस्फहानियों, दोनों ने सार्वजनिक भोजनालय खोले हैं। इस सम्बन्ध में हम सरकारी अस्पतालों की मूल्यवान सहायता भी नहीं भुला सकते। हम इन सबके हृदय से कृतज्ञ हैं।'

इसके नीचे एक छोटी-सी नगण्य और महत्त्वहीन खबर छपी थी ।

'यद्यपि सरकारी अस्पतालों के कार्य से भुखमरों की संख्या में भारी कमी है, फिर भी अभी मौतें बराबर हो रही हैं। मुस्लिम ढाबे के नजदीक एक बुढ़िया की लाश पायी गयी है जो ठीक वक्त से अस्पताल न पहुँच पाने के कारण मर गयी।

यह नहीं समझ में आता कि लाश जलायी जाय या दफनाई जाय, क्योंकि यह पहचान नहीं पायी है कि बुढ़िया हिन्दू थी या मुसलमान... ।'

## कविता

■ सौरभ सेन राही

ये सब जो चल रहा है
सदियों से चल रहा है,
चूंकि चलते रहना
जीवित
होने का भ्रम है
इसलिए यह क्रम है,
बिना किसी सार्थकता
के
कुछ भी बोलना,
कुछ भी सुनना,
कुछ भी देखना
कुछ भी करना,
वृथा जीना वृथा मरना,
सैकड़ों कहानियों की
अनगिन कल्पनाओं की
बहुरंगी कतरनें अपनी
जीवेषणा के खोल में
भरे हुए जीते रहना
और हलाहल पीते
रहना
फिर एक दिन आयेगा
सबका गला रूंध
जायेगा
सब देखेंगे अपनी नंगी
आंखों से शमशान मे
बदलते इस उपवन की
त्रासदी
और हम कुछ न बोल
पायेंगे
केवल निकलेगी कंठ
से लहू की धार
हांफते चिल्लाते सब
सुनेंगे हाहाकार
कामनाओं का इच्छित
अधिभार
तमस मे डूबते प्राणों
का
चीत्कार
संभवत: कोई सुन पाये
मुक्तिपथ भी चुन पाये
फिर भी यह निश्चित है
अस्तित्व की करुण
पुकार
हमे बुलाती रहेगी
अंतरशून्य को जगाती
रहेगी
मेरे मित्र तुम सुन लेना
मुक्ति का पथ तुम चुन
लेना।

छत्तीसगढ़

## ग़ज़ल



■ असरार-उल-हक़ मजाज़

हुस्न को बे-हिजाब होना था
शौक़ को कामयाब होना था

हिज्र में कैफ़-ए-इज़्तिराब न पूछ
ख़ून-ए-दिल भी शराब होना था

तेरे जल्वों में घिर गया आख़िर
ज़र्रे को आफ़्ताब होना था

कुछ तुम्हारी निगाह काफ़िर थी
कुछ मुझे भी ख़राब होना था

रात तारों का टूटना भी 'मजाज़'
बाइस-ए-इज़्तिराब होना था

व्यंग्य

■ मुकेश राठौर

# हिंदी के घर हिंदी दिवस



'हिंदी दिवस' के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम स्कूल के कुछ सोशल मीडिया कवि टाइप हिंदी प्रेमी शिक्षक, हिंदी के घर पहुंचे 7जैसे 'वृद्ध दिवस' पर बेटे–बहू और 'शिक्षक दिवस' पर भूतपूर्व छात्र क्रमशः वृद्धाश्रम और विद्यालय पहुंचते हैं7 पहुंचाना भी चाहिए क्योंकि जो दिवस जिसके लिए आरक्षित है,कम से कम उस दिन तो उसे याद करना बनता ही है7 वरना दिवस बनाने और मानने का औचित्य ही क्या रह जायेगा ! मालूम हो कि हिंदी कभी इस स्कूल की प्रधान हुआ करती थी लेकिन जब से विद्यालय स्कूल बना और अंग्रेजी प्रिंसिपल हुई हिंदी 'अवशेषी अंग ' बनकर रह गई और फिर शनै–शनै अनियमित होते–होते एक दिन शाला त्यागी हो गई7 जैसे घरों में डेढ़ सयानी बहूओं के आने के बाद सासों के साथ होता है7

सुना हैं कि अंग्रेजी पढ़ने–पढ़ाने वाले लोग सभ्य होते हैं, अंग्रेजी ओढ़ते हैं, अंग्रेजी बिछाते हैं, अंग्रेजी खाते हैं, अंग्रेजी पीते हैं, सभ्यता तो वैसे ही आ जाती है, कदाचित इसीलिए यहां के कुछ सुधि शिक्षक हर साल अपने स्कूल की संस्थापक भाषा हिंदी को याद कर लिया करते हैं. जैसे पार्टियों में मार्गदर्शक बनकर बैठे वरिष्ठ नेताओं को गाहे–बगाहे याद कर लिया जाता है. बहरहाल 'हिंदी डे' मनाने हेतु वे शॉल,श्रीफल,फूलमाला और प्रशस्ति पत्र लेकर पहुंचे। अपनी मातृभाषा के लिए इतना वार्षिक खर्चा तो बनता है. आजकल सम्मान पर होने वाले खर्च राशि,देने वाले हाथ और स्थान से सम्मान का वज़न तौला जाता है.

हिंदी प्रेमियों ने देखा एक पुराने से कमरे में घर की दादी माँ %संस्कृत% खाट पर पड़े कराह रही है. दूसरे कमरे में मां %हिंदी% उदास लेटी है, अपनों की उपेक्षा से संस्कृत की सांस रुद्ध हो रही थी तो हिंदी की हालत हिंग्लिश हो गई थी. सिरहाने और पैताने बोलियां खड़ी हैं. इस चिंता में कि किसी दिन दादी और मां को कुछ हो गया तो हमें घर में कौन पूछेगा ! 'मां तब तक मायका' अब जबकि हिंदी की ही एक बेटी 'निमाड़ी' का उन्नीस सितंबर को जन्मदिन आने वाला है ,लेकिन...! ' मां खुश नहीं तो कुछ नहीं' ओ मां, ओ मां...के बाद भी हिंदी द्वारा 'हुंकारा' तक न दिए जाने से इन हिंदी प्रेमियों को 'आवत ही हरषै नहीं,नैनन नहीं सनेह卐 वाली फीलिंग हुई, कुछ और बोलते इससे पहले ही एक बोली बतियाने लगी कि मां को साल भर बोलने के बदले एक दिन उन पर बोल कर सब पानी बोल डाल जाते हैं, मां जब विद्यालय जाती थी बहुत खुश थी, कहती अंग्रेजों के जमाने में बहुत दुख झेले। मैं ही नहीं मेरी बेटियां भी दुनिया पर राज करेगी।अफ़सोस अंग्रेज चले गए मगर अंग्रेजी छोड़ गए. जैसे–जैसे विद्यालय छूटा ,उम्मीद की डोर छूटती गई। वह आप से बात नहीं करना चाहती।

हिंदी के सम्मान की प्रतीक्षा में खड़े हिंदी प्रेमियों ने कहा कि हम हिंदी का दुख समझते हैं,हमें पता है कि वे स्वाभिमानी है। वे नहीं आएंगी तभी तो हम खुद चलकर आ गए। प्लीज उन्हें समझाइये। कुछ देर की तो बात है. यकीन मानिए सालभर डिस्टर्ब नहीं करेंगे। इस बीच हिंदी खुद आ गई। बोली मैं सम्मान के लिए तैयार हूं लेकिन घर बैठे नहीं !मुझे विद्यालय में सम्मानित कीजिये। मुझे मेरे पद पर प्रतिष्ठित कीजिये। हिंग्लिश बन चुकी हिंदी के फिर से स्कूल लौटने की बात पर हिंदी प्रेमियों के होश उड़ गए, कहां तो वे फॉरमैलिटी निभाने आये। थे और कहां हिंदी फिर फॉर्म में लौट आई. उन्हें अपने बच्चों और पेरेंट्स के हिंदी–हिंदी हो जाने का भय सताने लगा, वे सम्मान सामग्री वहीं छोड़ उल्टे पांव लौट गए।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## यमनी सरकार ने हौथियों के साथ शांति वार्ता का स्वागत किया

अदन (यमन)। हौथी विद्रोहियों के एक प्रतिनिधिमंडल के नए दौर की शांति वार्ता के लिए सऊदी अरब पहुंचने के बाद यमनी सरकार ने कहा है कि वह देश में आठ साल के गृह युद्ध को समाप्त करने के लिए उठाये जा रहे सभी क़दमों का स्वागत करती है। शुक्रवार को एक संक्षिप्त प्रेस बयान में, यमनी विदेश मंत्रालय ने सऊदी अरब, ओमान, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के अन्य सदस्यों द्वारा चलाये जा रहे शांति प्रयासों के लिए अपना पूर्ण समर्थन घोषित किया।

# देश विदेश

# किम जोंग की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं : रूस

**मॉस्को,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। रूस ने कहा है कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। उत्तर कोरियाई नेता फिलहाल रूस की यात्रा पर हैं। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए और किसी पर हस्ताक्षर करने की कोई योजना नहीं थी। समाचार पत्र 'डॉन' ने शनिवार को बताया कि रुस का बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिमी देश इस बात पर



चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि दोनों अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं। श्री किम ने इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की।माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में

**पश्चिमी देश हथियार सौदे की तैयारी पर जता रहे हैं चिंता**

दिलचस्पी रखता है जबकि उत्तर कोरिया अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तर कोरिया को हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी है। उन देशों का मानना है कि कोई भी सौदा उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों की अवहेलना करेगा। बुधवार को श्री किम से मुलाकात के बाद श्री पुतिन ने कहा कि उन्होंने सैन्य सहयोग के लिए 'संभावनाएं' देखीं। उन्होंने कहा कि रूसी सुदूर पूर्व के अपने विस्तारित दौरे के हिस्से के रूप में श्री किम ने शुक्रवार को प्रमुख रूसी इंजीनियरिंग केंद्र, कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में एक रूसी सैन्य विमानन कारखाने का दौरा किया। उन्होंने रूस के सुखोई एसयू-35 और एसयू-57 लड़ाकू विमानों का उत्पादन देखा और एसयू-35 की एक प्रदर्शन उड़ान देखी।

## युद्ध के कारण यूक्रेन में ऐतिहासिक स्थल खतरे में : यूनेस्को

**कीव**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। यूनेस्को ने कहा है कि रूस के साथ चल रहे युद्ध के कारण यूक्रेन की राजधानी कीव और ल्वीव शहर में ऐतिहासिक स्थलों के नष्ट होने का खतरा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र सांस्कृतिक निकाय के अनुसार, इन स्थलों में कीव में प्रतिष्ठित सेंट सोफिया कैथेड्रल, शहर के कीव-पेचेर्सक लावरा की मध्ययुगीन इमारतें और ल्वीव में ऐतिहासिक केंद्र शामिल हैं। इन स्थलों को यूनेस्को की ख़तरे में पड़ी विश्व विरासत की सूची में रखा गया है। एक बयान में, यूनेस्को ने कहा कि उसकी विश्व धरोहर समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि युद्ध के कारण इन संपत्तियों पर खतरा है। सीधे हमले के खतरे का सामना करते हुए, ये स्थल बमबारी के कारण खतरे में हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लविवि के ऐतिहासिक पुराने शहर की स्थापना मध्य युग में हुई थी और इसने 13वीं से 20वीं शताब्दी तक एक प्रशासनिक, धार्मिक और वाणिज्यिक केंद्र के रूप में अपनी वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखा है। इसे 1998 में विश्व विरासत सूची में जोड़ा गया था। सेंट सोफिया कैथेड्रल, 11वीं शताब्दी में बनाया गया था और इसे तुर्की में हागिया सोफिया को टक्कर देने के लिए डिजाइन किया गया था, जो उस समय कॉन्स्टेंटिनोपल का हिस्सा था। यह उस युग की कुछ जीवित इमारतों में से एक है। कीव-पेचेर्स्क लावरा की स्थापना कैथेड्रल के लगभग उसी समय हुई थी।

## शीर्ष डीपीआरके नेता ने रूसी विमानन संयंत्र का दौरा किया



**सोल।** डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने शुक्रवार को रूस के सुदूर पूर्व के औद्योगिक केंद्र कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में पहुंच कर एक प्रमुख विमानन संयंत्र का दौरा किया। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव और डीपीआरके के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग ने यूरी गगारिन एविएशन प्लांट की यात्रा के दौरान, इसकी तकनीकी विशिष्टताओं और उड़ान प्रदर्शन का विस्तृत विवरण देखने के लिए एसयू -57 फाइटर जेट पर सवार हुये और एसयू -35 फाइटर जेट का उड़ान प्रदर्शन देखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने कारखाने में उत्पादित यात्री विमनों के प्रदर्शन के बारे में भी जाना। रिपोर्ट में कहा गया है कि किम जोंग रूसी विमान निर्माण उद्योग की स्वतंत्र क्षमता और आधुनिकता से काफी प्रभावित हुये। यूरी गगारिन एविएशन प्लांट 1934 में स्थापित किया गया था और यह रूसी रक्षा उद्योग और हवाई परिवहन उद्योग का एक महत्वपूर्ण आधार है।

## सुडोकू 6319


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | | | | | 3 | |
| | | 1 | 3 | | 8 | | | |
| | | 8 | | | | 7 | | |
| | 1 | 2 | 6 | | | | 8 | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 3 | 9 | | | | 7 | 2 | 1 | |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 3 | 4 | | |
| | 2 | | | | | | 9 | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6319



**बायें से दायें:-**

१. देश के पूर्व प्रधानमंत्री का नाम जिनका जन्मदिन चार वर्षों एक बार आता है
३. गतिरोध
५. आकर्षक, उच्चकोटि का
६. किराया भाड़ा
७. पानी से भरा, सजल
९. निवासी (उर्दू)
१०. भारतीय सेवा का एक अंग
१२. तबाही, बाढ़
१३. रक्तवाहिनी, नस, नाड़ी
१४. पुलिस का सिपाही
१६. और, एवं
१८. मुर्गा के सिर का आभूषण
२०. निपुणता
२१. आवश्यकता (उर्दू)
२३. टकराव, भिड़ंत

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौदेबाजी
२. लाल कमल
३. अप्रसन्न, खफ़ा
४. भ्रम, भ्रांति, संशय (उर्दू)
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ज्यों का त्यों
१०. जीर्ण-शीर्ण
११. नौकर, खिदमतगार
१२. नम्र, प्रार्थी
१३. धुला हुआ, निर्मल
१४. प्रार्थी
१५. सामर्थ्य, शक्ति
१७. थाली
१८. परिश्रमी
१९. सियार
२२. खुशी

### वर्ग पहेली-6318

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ श | नैः | २ श | नैः | | | 3 वि | घ्न | ४ ह | र्ता |
| शि | | शि | | ५ प | थि | क | | त्या | |
| ६ | | | | | | ७ | | | ८ |
| | | | | ९ | | | | | |
| | १० आ | ना | ११ जा | ना | | | १२ ई | ध | न |
| | जा | | र | | १३ नि | प | ट | | ख |
| १४ | | १५ | | | | | | १६ | १७ |
| ल्ल | | स | | १८ आ | दा | १९ ता | | ह | |
| २० वि | द्रो | ही | | र्थि | | २१ मी | मां | स | २२ क |
| | | २३ | | | | | | | |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 17 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे। व्यवसायिक योजनाएं बना सकेंगे। परोपकार के उद्देश्य से किए गए काम से आपका मन खुश रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

वृषभ - परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी। उससे लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन - आज आपका कुछ ज्यादा ही इमोशनल बना रहेगा। विशेष रूप से पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। आज आपमें निर्णयशक्ति का अभाव रहेगा।

कर्क - आज काम की सफलता आपकी राह देख रही है। इस कारण आपका आनंद उत्साह दोगुना होगा। मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ मुलाकात और पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

सिंह - आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। लंबी अवधि का आयोजन आपको दुविधा में डालेगा। काम में निर्धारित सफलता नहीं मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप का वातावरण रहेगा।

कन्या - आपकी वाणी का माधुर्य नए संबंध स्थापित करने में उपयोगी साबित होंगे। वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। व्यापार- धंधे में लाभ के साथ सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी बना रहेगा।

तुला - आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य में भी कमी रहेगी। मनमाना व्यवहार आपको मुसीबत में डाल सकता है। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी के साथ झगड़े-फसाद की आशंका है।

वृश्चिक - नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ होगा। इसके साथ मित्रों, सगे- संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ मिलेगा। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि पर जा सकेंगे। शरीर और मन से आप खूब खुश रहेंगे।

धनु - काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

मकर - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। बौद्धिक कामों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी रचनात्मकता दिखाई देगी।

कुंभ - नकारात्मक विचारों से मन में हताशा पैदा होगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना का अनुभव करेंगे। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े की संभावना है।

मीन - दैनिक कामों से बाहर निकल कर आज आप घूमने- फिरने और मनोरंजन के पीछे समय व्यतीत करेंगे। स्वजनों तथा मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1598- नीदरलैंड के नाविकों ने मॉरीशस की खोज की।
1761- कोसाब्रोमा का युद्ध लड़ा गया।
1778- अमेरिका और भारतीय जनजातियों के बीच पहली संधि (फोर्ट पिट) पर हस्ताक्षर किये गये।
1828- क्यूशू, जापान में आये भयानक तूफान से लगभग 10,000 लोग मारे गए थे।
1914- एंड्र्यू फिशर तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने।
1934- तत्कालीन सोवियन रूस लीग ऑफ नेशनंस में शामिल हुआ।
1941 - न्यूजीलैंड की लेबर पार्टी ने मृत्युदंड समाप्त कर दिया।
1949 - द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की स्थापना हुई।
1950 - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म।
1956 - भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन हुआ।
1956 - ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेलीविजन पर प्रसारण हुआ।
1956 - नॉर्मन बकले ने अपने मोटरबोट में विश्व जल गति रिकॉर्ड को तोड़ा।
1957 - मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1974 - बंगलादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
1976 - नासा ने सार्वजनिक रूप से अपने पहले स्पेस शटल का खुलासा किया।
1988 - दक्षिण कोरिया के सोल में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन हुआ।
2004 - यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत




**इस्लामाबाद,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के घोटकी जिले में शुक्रवार की रात एक सड़क दुर्घटना में दूल्हा सहित एक परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घोटकी में सुक्कुर-मुल्तान मोटरवे पर रवंती ग्रामीण क्षेत्र में एक कंटेनर ट्रेलर ने एक वाहन को टक्कर मार दी। वाहन में दूल्हा समेत परिवार के नौ लोग सवार थे। पुलिस, बचाव दल और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त वाहन में से तीन शव और छह घायलों को निकाला। पुलिस के अनुसार, सभी घायलों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि पीड़ित परिवार सिंध के खैरपुर जिले के बाबरलोई शहर का निवासी था। परिवार के लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए पूर्वी पंजाब प्रांत जा रहा था।

## पाकिस्तान के आईएसआई प्रमुख नदीम अंजुम को मिला सेवा विस्तार

**इस्लामाबाद,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम को सेवा विस्तार दिया गया है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस संबंध में एक समरी को गुरुवार देर रात मंजूरी दे दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे पहले, इंटेलिजेंस ब्यूरो के महानिदेशक फुआद असदुल्लाह को पिछले साल दिसंबर में बरकरार रखा गया था, जब पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनकी सेवानिवृत्ति से एक सप्ताह पहले उन्हें तीन साल का विस्तार दिया था। नदीम अंजुम को 20 नवंबर 2021 को फैज हमीद की जगह डीजी आईएसआई




**नदीम अंजुम को 20 नवंबर 2021 को फैज हमीद की जगह बनाया गया था डीजी आईएसआई**

बनाया गया था। इससे पहले, वह कराची कोर के कमांडर थे, जहां उन्होंने सितंबर 2019 में थ्री-स्टार जनरल के पद पर पदोन्नति के बाद से सेवा दी थी। मोहरा शेखान, गुज्जर खान के मूल निवासी, अंजुम को सितंबर 1988 में कमीशन दिया गया था और वह पाकिस्तान सैन्य अकादमी के 78वें लॉन्ग कोर्स में थे। वह पंजाब रेजिमेंट से हैं। नदीम ने संघीय प्रशासित जनजातीय क्षेत्र (अब खैबर पख्तूनख्वा में विलय) के अशांत हिस्सों से लेकर बलूचिस्तान और नियंत्रण रेखा पर विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कुर्रम एजेंसी में एक ब्रिगेड की कमान संभाली और इसके महानिरीक्षक के रूप में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी, बलूचिस्तान का नेतृत्व किया। उन्होंने ब्रिटेन में रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और अमेरिका के होनोलूलू में एशिया-पैसिफिक सेंटर फॉर सिक्योरिटी स्टडीज से मास्टर डिग्री प्राप्त की।

## बीआरआई पर भारत के विरोध का कारण 'चीन-पाक आर्थिक कॉरिडोर'

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। इटली ने हाल ही में संपन्न जी-20 दिल्ली शिखर सम्मेलन के दौरान स्पष्ट रूप से संकेत दिया था कि वह चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) को छोड़ने की योजना बना रहा है। हालांकि, यह कई मध्य एशियाई और यहां तक कि यूरोपीय देशों (जैसे इटली) से बहुत अधिक समर्थन हासिल करने में कामयाब रहा, जिन्होंने इसके माध्यम से एशिया में अपने व्यापार को बढ़ावा देने की संभावना देखी, भारत इस परियोजना का लंबे समय से विरोधी रहा है। बीआरआई पर भारत के विरोध का मुख्य जोर यह रहा है कि चीन-पाकिस्तान



**इटली ने भी हाल ही में बीआरआई को छोड़ने का दिया है संकेत**

आर्थिक कॉरिडोर (सीपीईसी) जो बीआरआई का हिस्सा है, उसकी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का उल्लंघन है क्योंकि इसमें वह भूमि भी शामिल है जिस पर भारत अपना दावा करता है। भारत ने इस पहल में पारदर्शिता और खुलेपन की कमी की ओर भी इशारा किया है। भारत बीआरआई की अवधारणा का विरोध कर रहा है, क्योंकि यह 2017 में वास्तविक कार्यान्वयन के तहत आया था। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पहली बार 2013 में इसकी संकल्पना की थी और इसे आर्थिक विकास और साझेदारी को बढ़ावा देने की पहल के रूप में पेश किया गया था। जिससे इसके लिए साइन अप करने वाले सभी मेजबान देशों को लाभ होगा, जबकि कूटनीतिक रूप से इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को गहरा करना था। आधिकारिक तौर पर बीआरआई एशियाई देशों, अफ्रीका, चीन और यूरोप के बीच कनेक्टिविटी और सहयोग में सुधार पर केंद्रित है।

## ऑस्ट्रेलिया में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी

**सिडनी,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य में इस सप्ताह से लेकर अगले सप्ताह तक भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की गई है। मौसम के इस मिजाज को देखते हुए सिडनी मैराथन 2023 के लिए करीब 42 हजार धावकों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। एनएसडब्ल्यू स्वास्थ्य मंत्रालय (एनएसडब्ल्यू हेल्थ) ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि राज्य के कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने का अनुमान है। एनएसडब्ल्यू हेल्थ के स्वास्थ्य सुरक्षा के कार्यकारी निदेशक जेरेमी मैकएनल्टी ने चेतावनी देते हुए कहा , गर्म मौसम की स्थिति में राज्य के कुछ हिस्सों में साल के इस समय में तापमान सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक अधिक होगा और एनएसडब्ल्यू स्वास्थ लोगों को अपना ख्याल रखने का अपील करता है, जो इस सप्ताह के अंत में अधिक असुरक्षित हो सकते हैं। उन्होंने सलाह दी कि सिडनी और एनएसडब्ल्यू के अन्य हिस्सों में खराब वायु गुणवत्ता होने के आसार हैं। सिडनी मैराथन रविवार को करीब 17 हजार प्रतिभागी 42 किलोमीटर दौड़ने के लिए तैयार हैं।

**परेशानी** *बाढ़ से जनजीवन पर व्यापक असर*

## लीबिया में बाढ़ से 38,640 से अधिक लोग हुए विस्थापित

**त्रिपोली, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वोत्तर लीबिया में भूमध्यसागरीय तूफान डेनियल के कारण आयी भारी बाढ़ के बाद सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में 38,640 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। यह जानकारी इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने शुक्रवार को दी। आईओएम ने एक बयान में कहा कि अकेले बंदरगाह शहर डर्ना में 2 हजार 217 इमारतें नष्ट हो गईं। यह शहर दशकों में आयी लीबिया की सबसे भीषण बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।**

लीबिया की हाउसिंग एंड यूटिलिटीज प्रोजेक्ट्स कार्यान्वयन एजेंसी ने शुक्रवार को खुलासा किया कि बाढ़ ने लगभग 5 हजार घरों को नुकसान पहुंचाया है। इसमें कहा गया है कि बाढ़ ने जल आपूर्ति नेटवर्क को भी बर्बाद कर दिया है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी की गंभीर कमी हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि बाढ़ ने अब तक कम से कम 5 हजार 500 लोगों की जान ले ली है और 10 हजार अन्य लापता हो गए हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा सेवाओं ने शुक्रवार को डेर्ना में बरामद शवों की तस्वीरें लेने के बाद उन्हें सामूहिक रूप से दफनाना जारी रखा और शहर के सरकारी अभियोजक पीड़ितों के डीएनए नमूनों के संग्रह की निगरानी कर रहे हैं ताकि बाद में उनके रिश्तेदारों द्वारा उनकी पहचान की जा सके। स्पैनिश मानवीय सहायता कार्यकर्ता स्टील कैविलो ने डर्ना में विनाश की सीमा पर भय व्यक्त किया और कहा कि अब जीवित बचे लोगों को खोजने की उम्मीद धूमिल हो रही है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के निदेशक हैदर अल-सईह ने प्रभावित क्षेत्रों में शव सड़ने लगे तो शुक्रवार को बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों को तत्काल खाली करने का आह्वान किया। अल-सयाह के मुताबिक पीने के पानी को सीवेज के पानी में मिलाने के बाद डर्ना में जल प्रदूषण के 55 मामले सामने आए हैं। डेरना के निवासी ओसामा मोहम्मद ने कहा कि शहर के 40 प्रतिशत हिस्से में बिजली नहीं है। लीबिया के सामाजिक कार्यकर्ता सुलेमान अल-मबरुक ने कहा, दूरसंचार कमजोर है, पीने का पानी नहीं है और शहर में केवल दो बेकरियां काम कर रही हैं।



अब तक 5 हजार से अधिक लोगों की गई जान

## दुनिया को जानें

### अमेरिका ने यूनिवर्सल फ्लू वैक्सीन का परीक्षण किया शुरू

**लॉस एंजिल्स**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका ने एक नए यूनिवर्सल फ्लू वैक्सीन की जांच शुरू कर दी है। यह घोषणा यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) ने की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज (एनआईएआईडी) द्वारा प्रायोजित परीक्षण, सुरक्षा और प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करने की क्षमता के लिए फ्लुमोस-वी2 नामक टीके का परीक्षण करेगा। वैक्सीन को एनआईएआईडी के वैक्सीन रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं द्वारा डिजाइन किया गया है। इसे स्व-संयोजन नैनोकण मचानों पर दोहराए जाने वाले पैटर्न में इन्फ्लूएंजा वायरस हेमाग्लगुटिनिन प्रोटीन के हिस्से को प्रदर्शित करके कई अलग-अलग इन्फ्लूएंजा वायरस उपभेदों के खिलाफ एंटीबॉडी प्रेरित करने के लिए डिजाइन किया गया है। वायरस प्रोटीन के इन हानिरहित टुकड़ों के संपर्क में आने से प्रतिरक्षा प्रणाली वास्तविक वायरस को पहचानने और उससे लड़ने के लिए तैयार हो जाती है। शुक्रवार को एनआईएच के अनुसार, जब जानवरों पर परीक्षण किया गया, तो प्रायोगिक टीके के परिणामस्वरूप मजबूत एंटीबॉडी प्रतिक्रियाएं हुईं।

# प्रादेशिकी

## सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

**सिरसा,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के डबवाली की अनाजमंडी में 'नशा मुक्त हरियाणा' का संदेश देने के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'एक साइकिल यात्रा, नशा मुक्ति के नाम' थीम के साथ चल रही साइक्लोथॉन के डबवाली आगमन पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय के भजन पार्टी कलाकारों ने भी नशा मुक्ति पर आधारित हरियाणवी गीतों के माध्यम से जागरूक किया। इस अवसर पर एसडीएम अभय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने नशा के खिलाफ एक जंग की शुरुआत की है। हम सब एकजुट होकर इस बुराई को जड़ मूल से मिटाएंगे तथा इस पर जीत हासिल करेंगे।

# महिला के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा

## दोषियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से कड़ी कानूनी कार्यवाही करे: प्रतिभा सिंह



**महिलाओं के साथ इस प्रकार की कोई भी घटना किसी भी सभ्य समाज के लिए अभिशाप है जो किसी भी स्तर पर सहन नही की जा सकती : प्रतिभा सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद**

**शिमला,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने हमीरपुर जिला के भोरंज में एक महिला के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से कड़ी कानूनी कार्यवाही करने को कहा हैं। उन्होंने कहा है कि यह घटना बहुत ही दुखदाई और देव भूमि को शर्मसार करने वाली हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि महिलाओं के साथ इस प्रकार की कोई भी घटना किसी भी सभ्य समाज के लिए अभिशाप है जो किसी भी स्तर पर सहन नही की जा सकती। उन्होंने कहा पीड़ित महिला को पूरा न्याय मिलना चाहिए। भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना ने हो इसके लिए जरूरी है कि इस घटना में संलिप्त सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी सज़ा मिले। उन्होंने पुलिस प्रशासन से भविष्य में ऐसी किसी भी घटना पर जो समाज विरोधी, महिलाओं से बदसलूकी से जुड़ी हो पर तुरंत कार्यवाही करने को कहा है जिससे ऐसी शर्मसार घटनाओं पर रोक लग सकें।

## कांग्रेस राज में कानून व्यवस्था राम भरोसे : बिंदल

**शिमला।** डॉ0 राजीव बिन्दल, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कानून व्यवस्था अब राम भरोसे हो चली है। चम्बा में जो नृशंस हत्याकांड हुआ जिसमें एक दलित युवक की बेरहमी से हत्या करके टुकड़े टुकड़े करके नाले में फेंक दिया और पूरे प्रदेश में और पूरे देश में हिमाचल शर्मसार हुआ। न ऐसी घटना पहले कभी हुई न ही प्र्रभु करे कभी आगे हो। उसके बावजूद कांग्रेस की वर्तमान प्रदेश सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। हजार धरने प्रदर्शन हुए परन्तु सरकार नहीं चेती। भाजपा ने कहा कि चम्बा के बाद जिला सोलन निशाने पर आया जहां बद्दी बरोटीवाला नालागढ़ में दबंगईयो का राज हो गया। दिन दिहाड़े बंदूके लेकर और हवा में लहराते हुए फायरिंग करना आम बात हो गई। मामला यहीं नहीं रूका दो सगे भाईयों की नृशंस हत्या दिन दिहाड़े कर अपराधी नौ दो ग्यारह हो गए। बद्दी बरोटीवाला में कबाड़ माफिया और खनन माफिया पूरी सरकार पर हावी हो गया। कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए जिला सिरमौर में ग्रामवासियों की कनपटी पर रिवालवर तानकर उन्हें मार देने की धमकी दी जाती है और खनन माफिया सिर चढ़कर बोलता है। इतना ही नहीं सरेआम पुलिस की पिटाई होती है, वर्दियां फाड़ दी जाती है और वन विभाग के अधिकारियों को सरेआम दौड़ाया जाता है परन्तु सरकार में बैठे प्रभावशाली कांग्रेसी नेता अपराधियों को संरक्षण देते हैं।जिला ऊना में, जिला कांगड़ा में अपराध का ग्राफ तेज गति से बढ़ता है। डॉ0 बिन्दल ने कहा कि पिछले कल की हमीरपुर जिला के भोरंज की घटना दिल दहला देने वाली है जिसमें एक साधारण ग्रामीण महिला के बाल काटे जाते हैं, मुंह पर कालिख पोथ कर उसे गांव में घुमाया जाता है और 15 दिन तक पुलिस मामले को दर्ज नहीं करती। धन्यवाद है मीडिया का जो मामला जनमानस के ध्यान में आता है अन्यथा इसे दबाने की भरपूर कोशिश हुई। भाजपा ने कहा कि मणिपुर की घटना पर बड़े बड़े भाषण देने वाली कांग्रेस आज हमीरपुर में हुए अत्याचार पर मौन है। माननीय मुख्यमंत्री जी का जिला इस प्रकार की भयावह घटना का साक्षी बना है।डॉ0 बिंदल ने कहा कि 9 महीने की कांग्रेस सरकार में कानून व्यवस्था तार तार हुई है। सरकारी संरक्षण में दादागिरी फल फूल रही है। कांग्रेस के नेताओं की आपसी खींचतान में प्रदेश की जनता पिस रही है। भारतीय जनता पार्टी उक्त सभी घटनाओं की और विशेषतौर पर हमीरपुर जिला में महिला के साथ हुए अत्याचार की कड़े शब्दों में निंदा करती है।

## जयराम के 'वित्तीय कुप्रबंधन' पर श्वेतपत्र तैयार, जल्द होगा सार्वजनिक

**शिमला,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस लगातार पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर नीत भारतीय जनता पार्टी-सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगा रही है, जिसे लेकर श्वेत पत्र लाने की बात कही गई थी। शनिवार को इसी सिलसिले में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में मंत्री चंद्र कुमार व अनिरुद्ध सिंह के साथ बनाई गई कमेटी की आखिरी बैठक प्रदेश सचिवालय शिमला में हुई। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि श्वेत पत्र को फाइनल कर दिया गया है और विधानसभा सत्र से पहले मुख्यमंत्री को सौंप दिया जाएगा। विधानसभा में लाने और श्वेत पत्र को सार्वजनिक करने का फैसला मुख्यमंत्री का होगा। कमेटी ने हालांकि, श्वेत पत्र फाइनल कर दिया है और इसे अंग्रेजी व हिंदी दोनों भाषाओं में जारी किया जाएगा। वहीं विधानसभा सत्र शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी है। ऐसे में पक्ष और विपक्ष विधानसभा सत्र को लेकर पूरी तरह से तैयार नजर आ रहे हैं। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि 18 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास में सुबह कांग्रेस विधायकों की बैठक होगी, जिसमें विधानसभा सत्र के लिए रणनीति तैयार होगी। इस दौरान उन्होंने खुलकर सरकार की उपलब्धियां गिनाई और भाजपा समेत पूर्व मुख्यमंत्री व नेता विपक्ष जयराम ठाकुर को निशाने पर लेते हुए कहा कि सरकार विपक्ष के हर सवाल का जवाब सत्र में देगी।

# सीएम धामी ने वर्चुअली ईएसआई औषधालय का किया शुभारंभ

■ अमरनाथ तिवारी



■ **दो मोबाइल लर्निंग स्कूल बसों को भी दिखाई हरी झंडी**

**देहरादून,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल के माध्यम से राज्य के पर्वतीय जनपदों में कामगारों एवं उनके आश्रितों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कर्मचारी बीमा योजना के अंतर्गत ईएसआई औषधालयों का शुभारंभ किया।

साथ ही श्रम विभाग के अंतर्गत उत्तराखंड भवन एवं सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत पात्र कामगारों तथा नियोजित निर्माण श्रमिकों के बच्चों, आश्रितों को मुख्य धारा में जोड़ने और उन्हें शिक्षा प्रदान कर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाने के उद्देश्य से दो मोबाइल लर्निंग स्कूल बसों का भी शुभारंभ किया।

बागेश्वर में भूल्यूडा मंडलसेरा में स्थापित औषधालय का शुभारंभ विधायक पार्वती दास ने फीता काटकर किया। वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत कामगार एवं उनके आश्रितजन संपूर्ण चिकित्सा उपचार, बीमारी, हितलाभ, नकद हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, वृद्धावस्था देखभाल, शारीरिक पुर्नवास आदि से लाभान्वित होंगे। इस योजना के माध्यम से उन तक पहुंचना होगा जो इसकी पहुंच से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजना के दायरे में लाने के लिए श्रम विभाग को विस्तार पूर्वक कार्य करने की जरूरत है।

संवदेनशील होकर बीमा योजना से आच्छादित व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जाए। इस अवसर पर विधायक पार्वती दास ने कहा कि कामगारों एवं उनके आश्रितों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए योजना मील का पत्थर साबित होगी। सरकार की पहल से श्रमिकों के सामाजिक जीवन में बेहतर सुधार होगा. उन्होंने जनपद में स्थापित ईएसआई औषधालय के बेहतर संचालन की अपेक्षा करते हुए सभी कार्मिकों को पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने की अपील की।

## सार संक्षेप

### सिरसा में जमकर बरसे बादल, गलियां जलमग्न

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में शनिवार दोपहर के बाद जमकर बादल बरसे। इससे मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के बार एसोसिएशन के अभिंनदन के चल रहे कार्यक्रम में खलल पैदा हो गई वहीं दूसरी ओर जनता भवन में प्रस्तावित जनसंवाद कार्यक्रम स्थल जलमग्न हो गया जिससे जिला प्रशासन ने ऐन वक्त पर कार्यक्रम स्थल को बदलकर चौधरी देवीलाल विवि के ऑडोटेरियम में रख दिया। जिस मार्ग से मुख्यमंत्री को गुजरना था उस पर सर्वाधिक जलभराव था। मुख्य सड़कों व गलियों में जलभराव से जहां प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खुलकर सामने आ गई वहीं जनमानस को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दुपहिया व चार पहिया वाहन भी सड़कों पर जलभराव के कारण खड़े नजर आए। गौरतलब है कि पिछले दिनों जिला प्रशासन ने एक कार्यक्रम आयोजित कर बाढ़ व बारिश के बेहतर प्रबंधन व योजना को लेकर अधिकारियों को सम्मानित किया था। बारिश के बाद शहर में हुआ जलभराव इस तरह के कार्यक्रम आयोजकों को मुंह चिढ़ा रहा है।

### आईजीएमसी में स्क्रब टायफस से एक और मौत, 15 नए मामले

शिमला। हिमाचल की राजधानी शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) में स्क्रब टायफस पीड़ित मरीजों की मौत का सिलसिला जारी है। पिछले दिनों ठियोग के रहने वाले 49 साल के एक व्यक्ति की स्क्रब टायफस से मौत हो गई। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने इसकी पुष्टि की है। अब तक अस्पताल में इस बीमारी से 10 लोगों की मौत हो चुकी है। आईजीएमसी में गत दिवस को भारी संख्या में स्क्रब टायफस के लक्षणों को लेकर मरीज उपचार के लिए आए थे। ओपीडी में जांच के बाद चिकित्सकों ने 30 मरीजों के सैंपलों की जांच करवाई। इसमें 15 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके अलावा अस्पताल में आठ से दस मरीजों का चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है। अस्पताल में अब तक 1087 स्क्रब टायफस के सैंपलों की जांच की जा चुकी है। इनमें 337 मरीज पॉजिटिव आ चुके हैं। लगातार बढ़ते मामलों के चलते चिकित्सकों ने लोगों को हिदायत दी है कि खेतों में जब काम करते हैं तो हाथ पैर ढांपकर रखें। वहीं जिन लोगों को बुखार आदि है वह अस्पताल में जाकर चेकअप करवाएं। आईजीएमसी में गनीमत रही कि शुक्रवार को हेपेटाइटिस ए और ई का कोई भी मामला पॉजिटिव नहीं आया है। हालांकि कुल 255 सैंपलों की जांच की गई है। जिनमें कि हेपेटाइटिस ए के 96 और ई के 10 मामले अब तक पॉजिटिव आ चुके हैं।

### सुडोकू 6319 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 |

## आयात शुल्क की नोटिफिकेशन सार्वजनिक करें या इस्तीफा दे जगत सिंह नेगी: संदीपनी

**शिमला,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा की कांग्रेस पार्टी झूठ बोलने से बाज नहीं आती है, बात चाहे 10 गारंटीयो की करो या तो सेब पर लगने वाला आयत शुल्क। उन्होंने कहा कि बार-बार कांग्रेस पार्टी के सभी नेता एक ही राग गा रहे है कि सेब पर आयत शुल्क 15त्न हो गया है और कल तो हद ही होगी सरकार के मंत्री जगत नेगी ने भी यह बयान दे डाला। भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी के नेताओं और उनके मंत्री से पूछना चाहते हैं कि अगर इसको लेकर कोई नोटिफिकेशन है तो सामने लाए और अगर उनको ऐसी कोई नोटिफिकेशन प्राप्त नहीं होती है तो मंत्री जगत सिंह नेगी अपने पद से तुरंत इस्तीफा दें। साथ ही हिमाचल प्रदेश में एक पर्यटक बनकर आई प्रियंका गांधी भी ऐसी सनसनी हिमाचल प्रदेश में फैलने के लिए जनता से सार्वजनिक माफी मांगे। उन्होंने कहा कि केंद्र मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली में प्रेस वार्ता कर स्पष्ट कर दिया है कि सेब पर आया शुल्क 50 प्रतिशत से एक प्रतिशत भी काम नहीं हुआ है, तब भी उनके नेता केवल मात्र झूठ बोलने में लगे है। कांग्रेस पार्टी के नेता केवल मात्र नकारात्मक राजनीति कर हिमाचल प्रदेश का वायुमंडल खराब करने में लगे हैं। उन्होंने कहा मैं याद दिलाना चाहूंगा कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन केंद्र मंत्री आनंद शर्मा ने वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाईजेशन के साथ हस्ताक्षर किए थे की आया शुल्क 50त्न से ज्यादा नहीं लग सकता, तो अगर कांग्रेस पार्टी इसको बढ़ाने घटाने की बात कर रहे हैं तो उनको अपने पार्टी के नेताओं से भी पूछना चाहिए। उसे समय पूरे हिमाचल प्रदेश को याद है कि आनंद शर्मा जगह-जगह कूद कूद कर कह रहे थे कि यह हमने किया है। भारतीय जनता पार्टी सेब उत्पादकों के पक्ष में है और निरंतर उनके उद्धार के लिए काम किया है इसके लिए भारतीय जनता पार्टी को कोई प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है। अगर आयत तो शुल्क किसी पार्टी ने बढ़ाया है तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी है।

# केंद्र सरकार 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित करे : सुक्खू



**शिमला,** 16 सितम्बर (एतेंसियां)। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस आपदा की घड़ी में राज्य के लोग पीड़ित लोगों की सहायता करने के लिए आपदा राहत कोष में स्वैच्छिक योगदान कर रहे हैं, परन्तु त्रासदी इतनी बड़ी है कि अकेले राज्य सरकार इससे हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती।

श्री सुक्खू ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि वर्ष 2013 की केदारनाथ त्रासदी की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश में बरसात में आई इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाये ताकि पीड़ितों को उचित सहायता एवं प्रदेश में क्षतिग्रस्त अधोसंरचना का समुचित पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक इस आपदा में 428 लोग काल का ग्रास बने हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 13,000 से अधिक मकान और भवन पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। शिमला से परवाणू राष्ट्रीय राजमार्ग और मण्डी-मनाली राजमार्ग के बड़े-बड़े हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये हैं। राज्य की अनेक सड़कों, पेयजल आपूर्ति योजनाओं एवं विद्युत व्यवस्था को भी भारी क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस आपदा के कारण अभी तक लगभग 12 से 15 हजार करोड़ रुपये का नुकसान आंका गया है। इससे पहले श्री सुक्खू ने कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का हिमाचल में बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन के दृष्टिगत हुई भारी क्षति को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखने के लिए आभार व्यक्त किया है।

## आपदा प्रभावित परिवारों को अगले साल 31 मार्च तक मुफ्त राशन : सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हाल ही की बरसात में प्राकृतिक आपदा के कारण प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत एवं सहायता के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक और बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित परिवारों को अगले साल 31 मार्च तक मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन और राशन प्रदान करने का ऐलान किया है। श्री सुक्खू ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने अब प्रभावित परिवारों के जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क घरेलू रसोई गैस कनेक्शन किट प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस किट में एक एलपीजी सिलेंडर, प्रेशर रेगुलेटर, हॉट प्लेट, सुरक्षा पाइप शामिल होंगे और एलपीजी घरेलू रिफिल और ब्लू बुक की लागत सहित सभी संबंधित खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों को एलपीजी गैस कनेक्शन के अलावा निःशुल्क राशन भी उपलब्ध करवाएगी। इस आवश्यक सामग्री के राशन पैकेज में 20 किलोग्राम गेहूं आटा, 15 किलोग्राम चावल, तीन किलोग्राम दाल, एक लीटर सरसों का तेल, एक लीटर सोया रिफाइंड तेल, एक किलोग्राम डबल फोर्टिफाइड नमक और दो किलोग्राम चीनी शामिल है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क राशन की यह सुविधा 31 मार्च, 2024 तक प्रदान की जाएगी, जिससे प्रभावित परिवारों को खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। संबंधित ज़िला नियंत्रक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और खाद्य निरीक्षक इन आवश्यक वस्तुओं का उचित वितरण किराये के आवास में रहने वाले प्रभावित परिवारों तक सुनिश्चित करेंगे।

# मोदी के जन्म दिन पर शुरू होगी पीएम श्री विश्वकर्मा योजना, शिल्प के कारीगर होंगे लाभांवित

■ **2799 शक्ति केंद्रों पर हवन यज्ञ कर पीएम की करेंगे सुदीर्घ जीवन की कामना**

**देहरादून,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रविवार को प्रदेश में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री कपिल मॉरेश्वर पाटिल की मौजूदगी में पीएम श्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत होने जा रही है । इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुवली उद्बोधन भी देंगे । साथ ही प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश के सभी 2799 शक्ति केंद्रों पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा हवन एवं यज्ञ कर पी एम मोदी के सुदीर्घ जीवन की कामना करेंगे।

राजधानी में गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन संस्कृति केंद्र में होने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली करने वाले हैं। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम की यह महत्वाकांक्षी योजना शिल्पकारों एवं अन्य कारीगरों से जुड़े बड़े वर्ग के लिए गेम चेंजर साबित होने वाली है । इस योजना के माध्यम से हाथ के हुनर से जुड़े करोड़ों लोगों को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए ऋण और जरूरी दक्षता मुहैया करायी जाएगी। जिससे न केवल उनकी आजीविका में वृद्धि होगी साथ देश के विभिन्न पारंपरिक एवम सांकृतिक विरासत में बढ़ोत्तरी होगी । चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली उद्घाटन एवं संबोधित करेंगे। जिसमे देहरादून में मुख्य अथिति के रूप में केंद्रीय पंचायती राज्य मंत्री कपिल महेश्वर पाटिल उपस्थित रहेंगे। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद डाक्टर रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी, नरेश बंसल, कल्पना सैनी, टिहरी लोकसभा सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, प्रदेश कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, सहदेव पुंडीर, खजान दास, विनोद चमोली, बृजभूषण गैरोला, महापौर सुनील उनियाल गामा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना की शुरुआत पर पीएम मोदी के उद्बबोधन को राज्य के सभी ज़िला केंद्रों पर भी सुना जाएगा । भाजपा का प्रयास पीएम के विजन से जुड़ी इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए ताकि समाज के एक बड़े तबके से जुड़ी देश की परंपरा और संस्कृति से जुड़े रोजगारपरक व्यव्यसाय को आगे बढ़ाया जाए।

# कड़ी सुरक्षा के बीच विस का मानसून सत्र 18 से 25 तक: पठानियां



**शिमला,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश विधान सभा का मानसून सत्र 18 से 25 सितंबर तक कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की चौदहवीं विधान सभा का तृतीय सत्र 18 से 25 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। मानसून सत्र का शुभारंभ 18 को अपराह्न 0200 बजे होगा। इस सत्र में कुल सात बैठकें आयोजित की जाएँगी।

उन्होंने कहा कि उस दिन पूर्व विधायक स्वर्गीय खूब राम के प्रति शोकोदगार भी होंगे। आगामी 23 सितंबर को यानी शनिवार के दिन भी सत्र आयोजित किया जाएगा। आगामी 21 सितंबर का दिन गैर-सरकारी सदस्य कार्य दिवस निर्धारित किया गया है। श्री पठानियां ने कहा कि सत्र के आयोजन के लिए विधान सभा सचिवालय सजग है तथा पूर्णतय: तैयार है। मानसून सत्र के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबन्धों हेतु हिमाचल प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक पांच सितंबर को आयोजित की गई जिसमें डीजीपी हिमाचल प्रदेश, कानून व्यवस्था, जिलाधीश व एस पी शिमला, आयुक्त नगर निगम शिमला, निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

सत्र के दौरान सुरक्षा में कोई चूक न हो तथा सत्र में भाग लेने वाले मंत्री परिषद के सदस्यों, विधायकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियों को सही पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित हो तथा मिडिया के साथियों को भी पूर्व की भांति गाड़ी पार्क करने की जगह सुनिश्चित हो तथा आगतुन्कों को कोई परेशानी न हो इसे सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए गए।

# पीड़ितों और वंचितों को न्याय दिलाने के लिए वकील आगे आएं: खट्टर




**सिरसा,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वकीलों का आह्वान किया है कि वे पीड़ितों और वंचितों को न्याय दिलवाने के लिए आगे आएं। किसी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो, इसका दायित्व निभाते हुए अधिवक्ता निष्ठा भाव से कार्य करें। मुख्यमंत्री शनिवार को बार एसोसिएशन सिरसा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक गोपाल कांडा भी उपस्थित रहे। श्री खट्टर ने बार एसोसिएशन की मांग पर बार एसोसिएशन में क्रेच की व्यवस्था करने सहित दूसरे प्रकार के कार्यों के लिए 31 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने जिला में दूसरी अन्य बार एसोसिएशन को भी वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री द्वारा बार एसोसिएशन सिरसा के 50 वर्ष से भी अधिक समय से प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं को सम्मानित भी किया गया।

श्री खट्टर ने कहा कि विधानपालिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया की अपनी एक भूमिका है, ये सभी स्तंभ एक दूसरे के पूरक हैं। विधानपालिका लोगों के हित में कानून का निर्माण करती है और न्यायपालिका उस कानून का विश्लेषण करती है। कानून की पालना संविधान के अनुरूप करवाना भी न्यायपालिका का काम है। उन्होंने कहा कि विधानपालिका, कार्यपालिका में एक सामंजस्य का काम न्यायपालिका द्वारा किया जा रहा है, उसमें वकीलों की अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वकालत करने के नाते अधिवक्ता एक समाजसेवा का भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को चाहिए कि जिनके पास न्याय प्राप्त करने के साधन नहीं है और वे न्याय से वंचित हो रहे हैं तो ऐसे पीड़ितों की अधिवक्ताओं को चिंता करनी चाहिए और उन्हें न्याय दिलवाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को फीस के बिना भी गरीबों के लिए भी केस लड़ना चाहिए।

## खट्टर के आगमन से पहले आप नेता हिरासत में,कांग्रेस नेता नजरबंद

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर शनिवार दोपहर के बाद हवाई मार्ग से सिरसा पहुंचे। इससे पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कुछ नेताओं को पुलिस ने या तो हिरासत में ले लिया या फिर नजरबंद कर दिया। सिरसा के विधायक गोपाल कांडा व उनके अनुज गोबिंद कांडा सहित जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने श्री खट्टर को पुलिस लाईन में बनाए गए हैलीपेड से बुके भेंट कर रिसिव किया।

मुख्यमंत्री को सिरसा बार एसोसिएशन के पहले कार्यक्रम में भारी सुरक्षा के बीच मंच तक लाया गया। उनके आगमन पर किसानों,सरपंचों के संभावित विरोध के दृष्टिगत जिलाधीश द्वारा धारा 144 लगा दी गई थी। स्थानीय पुलिस के अलावा पुलिस की पांच अतिरिक्त कंपनियां सुरक्षा की दृष्टि से तैनात की गई थीं।

## बिलासपुर में सात करोड़ की लागत से बनेगा एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान: ठाकुर

शिमला, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय सूचना और प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने घोषणा की कि बिलासपुर कहलूर स्पोटर्स कांप्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान तैयार किया जाएगा जिस पर लगभग सात करोड रुपए व्यय किए जाएंगे। श्री ठाकुर शनिवार को लुहनु इंडोर स्टेडियम में सरस्वती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान हिमाचल प्रांत के 33वें तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होते हुए यह घोषणा की। इसके अतिरिक्त श्री ठाकुर ने आज अपने संसदीय क्षेत्र के घुमारवीं में प्रयास संस्था द्वारा चलाए जा रहे 'हुनर से शिखर' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण पाने वाली 300 महिलाओं को ब्यूटी और वैलनेस कोर्स का सर्टिफिकेट प्रदान किया व जनसमस्याओं की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम और आठ करोड रुपए की लागत से बने एथलेटिक्स खेल मैदान अन्य खेलों के लिए इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के हॉकी मैदान में एस्ट्रोटर्फ बिछाई जाएगी ताकि बिलासपुर के साथ लगते अन्य जिलों के हॉकी खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर की सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरस्वती स्कूल बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन देने के लिए जाना जाता है लेकिन अब सरस्वती विद्यालयों के बच्चे खेलकूद के मामले में भी पीछे नहीं है।

# प्रादेशिकी

## सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा मोदी का जन्मदिन : रूपेश गुप्ता

**फर्रुखाबाद,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की कार्य योजना हेतु पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मध्य सभी कार्यक्रम आयोजित होंगे। पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा कमालगंज में बाइक रैली का आयोजन दोपहर 12:00 बजे होगा एवं प्रात: सुबह 9:00 बजे कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुनना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर ही विश्वकर्मा जयंती भी है इसको ध्यान में रखते हुए कमालगंज में सभा का आयोजन होगा।

## उप्र प्रभावी ढंग से धरातल पर उतार रहा नए भारत का नया : योगी

**लखनऊ,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु, सूक्ष्म और मध्यम (एमएसएमई) उद्योग के उद्यमियों को 50,000 करोड़ रुपए देकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित एक कार्यक्रम में एमएसएमई जुड़े उद्यमियों को यह सौगात दी है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने एक बार में इतने बड़े पैमाने पर उद्यमियों को ऋण दिया है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का नौजवान, महिला, व्यापारी और उद्यमी आत्मनिर्भर बने। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान' योजना के अंतर्गत लोकभवन में आयोजित टूल किट वितरण एवं एमएसएमई जुड़े उद्यमियों के ऋण वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रभावी ढंग से धरातल पर उतार रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 2018 में हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश के परंपरागत उद्यम के लिए एक जिला एक उत्पाद योजना प्रारम्भ की थी,

■ **मुख्यमंत्री ने एमएसएमई के उद्यमियों को 50 हजार करोड़ देकर रचा इतिहास**



**डबल इंजन सरकार का लक्ष्य प्रदेश का नौजवान, महिला, व्यापारी व उद्यमी बने आत्मनिर्भर : योगी**

जो यूपी की अभिनव पहल थी। इसका उद्देश्य केवल प्रदेश के हुनर को एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना ही नहीं था बल्कि उत्तर प्रदेश को निवेश के एक बेहतरीन गंतव्य के रूप में स्थापित करना भी था, जिसमें यह योजना सफल रही।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की एक जिला एक उत्पाद योजना को प्रधानमंत्री मोदी ने लोकल फॉर ग्लोबल और आत्मनिर्भर भारत योजना की आधारशिला माना है। आज देखते ही देखते यूपी की एक जिला एक उत्पाद योजना पूरे देश की योजना बन गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी बड़ा उद्यम या उद्योग तब तक सफल नहीं हो सकता है, जब तक की एमएसएमई का एक बेहतरीन क्लस्टर उसके पास नहीं न हो। उत्तर प्रदेश इस नजरिए से सौभाग्यशाली है क्योंकि यहां एमएसएमई की 96 लाख से ज्यादा इकाइयां चल रही हैं।

### हस्तशिल्पियों के हुनर को बढ़ाने में सहयोग करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के बावजूद पिछले 5 से 6 वर्षों में उत्तर प्रदेश का क्रेडिट और डेबिट अनुपात 10 से 11 फीसदी बढ़कर 55-56 फीसदी हो गया। इसे हमें बढ़ाकर के 60 से 62 फीसदी तक ले जाएंगे। इस लक्ष्य के साथ आगे हमें काम करना है। इसके लिए बड़े पैमाने पर रोजगार मेले के आयोजन, ट्रेनिंग और लोगों को डिजिटल पेमेंट के साथ जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त हस्तशिल्पियों के हुनर को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग करेगी। गौरतलब हो की प्रदेश की योगी सरकार राज्य के युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और छोटे उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में पिछले छह वर्ष में 1.90 लाख हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को 16 हजार करोड़ रुपए का ऋण वितरित कर चुकी है। वहीं आज के 50,000 करोड़ रुपए के ऋण वितरण के साथ यह आंकड़ा 66 हजार करोड़ रुपए का हो जाता है।



## सुभारती विश्वविद्यालय में ओजोन दिवस आयोजित

**मेरठ,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के पर्यावरण इंजीनियरिंग विभाग, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय ने विश्वविद्यालय पर्यावरण समिति के सहयोग से विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, स्किट एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण हेतु सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए पर्यावरण के लाभ से सभी को रूबरू कराया। उप प्राचार्य प्रो. डॉ. श्रवण गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों को ओजोन परत के क्षरण के कारणों के बारे में भी बताया। पर्यावरण समिति के अध्यक्ष प्रो. डॉ. मुकेश रुहेला ने छात्रों को दुनिया में ओजोन परत की कमी और इसके उपचार के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के 300 से अधिक छात्रों ने स्किट, पोस्टर प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रो. डॉ. लुभान, ई. अभिषेक तिवारी, और डॉ. रफत खानम निर्णायक पैनल के सदस्य रहे।

## उप्र में फसलों के डिजिटल सर्वे के कार्य में आई तेजी

**लखनऊ,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में फसलों के डिजिटल सर्वे का कार्य तेज गति से जारी है। सभी 75 जिलों में सर्वे का कार्य जारी है। वहीं 54 जिलों के 10-10 राजस्व ग्रामों में क्रॉप सर्वे का कार्य भी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 सितंबर तक सभी 54 जिलों में सर्वे के कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है। फिलहाल इनमें से पांच जिलों में शत प्रतिशत सर्वे पूरा कर लिया गया है। वहीं 21 जिलों में कार्य 90 फीसद से अधिक पूरा हो चुका है। इसके अलावा 13 जिलों में 70 से 90 फीसदी, 13 जिलों में 50 से 70 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। जबकि मात्र दो जनपदों में धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई है। जिलाधिकारियों को तेज गति से सर्वे पूरा करने की सख्त हिदायत दी गई है। बता दें कि मोबाइल एप के जरिए कृषि सहित अन्य विभागों के कर्मचारी खेतों में उगी फसलों का रिकॉर्ड तैयार कर रहे हैं। योगी सरकार इसके जरिए प्रदेश में पैदा की जा रही फसलों का पूरा डेटा तैयार करा रही है। सर्वे के माध्यम से फसलों के जो आंकड़े प्राप्त होंगे, उससे प्रदेश के किसानों के लिए योजना बनाने में बहुत सुविधा प्राप्त होगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों के जीवन में खुशहाली की नई राह खोलने का एक उपक्रम है। सर्वे के कार्य में लगे प्रत्येक सर्वेयर को प्रतिदिन 50 प्लॉटों का सर्वे करने का लक्ष्य दिया गया है, जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं जिलाधिकारी करेंगे। पूरे प्रदेश में इस कार्य में कुल 5764 सर्वेयर लगाये गये हैं, जिसमें 1437 कृषि विभाग, 2733 राजस्व विभाग और 1594 पंचायत सहायक हैं। इन्हें प्रदेश के 27641 ग्रामों में कुल 1.19 करोड़ से अधिक कृषि प्लॉटों का डिजिटल क्रॉप सर्वे करना है। अपडेट आंकड़ों की बात करें तो बागपत, आजमगढ़, अमरोहा, बलरामपुर और गोंडा में सर्वे का कार्य शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है।

■ **पांच जिलों में शत-प्रतिशत व 21 में 90 प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे पूर्ण**

■ **बागपत, आजमगढ़, अमरोहा, बलरामपुर और गोंडा में शत प्रतिशत हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे**

■ **50 प्रतिशत से कम सर्वे वाले जिलों के जिलाधिकारियों को मिली सख्त हिदायत**

## सार संक्षेप

### जिला अस्पताल में बीस से अधिक टीबी मरीजों की हालत बिगड़ी

**मेरठ।** बीती रात जिला अस्पताल में भर्ती बीस से अधिक टीबी मरीजों का ऑक्सीजन लेवल कम होने से हालत बिगड़ गई। अचानक ऑक्सीजन लेवल डाउन होने से सांसे फूलने लगी। तीमारदारों ने मरीज की बिगड़ी हालत को देखते हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद आनन-फानन में 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। पुलिस के पहुंचने पर डॉक्टर भी अस्पताल पहुंचे। इसके बाद सभी मरीजों को इमरजेंसी वार्ड में शिफ्ट कर इलाज शुरू किया गया। मामला पीएल शर्मा जिला अस्पताल में रात 1.20 बजे का है। डीएम दीपक मीणा ने सीएमओ की अध्यक्षता में जांच कमेठी गठित कर दी है।

### लारेंस गैंग के शूटर सनी काकरान को किया गिरफ्तार

**मेरठ।** मेरठ एसटीएफ को शनिवार को उस समय बडी सफलता मिली जब उसने इंचौली क्षेत्र से लारेंस गैंग के शूटर सनी काकरान को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। सनी काकरान पर 50 हजार का रुपए का इनाम घोषित था। उस पर लूट-रंगदारी के कई मुकदमे विभिन्न थानों पर चल रहे है। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। सफलता शनिवार को मिल पाई। एसटीएफ को सनी काकरान की इंचौली क्षेत्र में होने की पुख्ता सूचना मिली। जिस पर एसटीएफ ने इंचौली पुलिस के साथ मिलकर सनी काकरान को पकड़ने की योजना बनाई। सनी काकरान बाइक से जा रहा था सूचना पर टीम पहुंची उसे रोकने का प्रयास किया। एएसपी एसटीएफ बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गए बदमाश रवि पर डकैती, लूट, हत्या के प्रयास, रंगदारी मांगने जैसे 10 मुकदम दर्ज हैं। सनी काकरान गैंग का सक्रिय सदस्य भी है।

### निगम का बकाया होने पर दुकानों पर लगाई सील

**मेरठ।** शनिवार को कागजी बाजार में मुकंदी गली में हरिश्चंद्र कंसल जी के मार्केट की 10- 12 दुकानों को नगर निगम की टीम ने राजेश सिंह टैक्स अधिकारी के नेतृत्व में अतुल, विशाल शर्मा, आसिफ व कमांडो की टीम आदि ने सील लगा दी थी। जिसका कागजी बाजार सर्राफा व्यापार मंडल की पदाधिकारियों ने विरोध किया। महापौर हरिकांत अहलूवालिया से भी वार्ता की गई। उन्होंने सारी स्थिति को समझ कर अधिकारियों से वार्तालाप किया। टैक्स ऑफिसर अतुल के नेतृत्व में दोबारा नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सील को खुलवाया। सील की कार्रवाई की खबर जैसे ही व्यापारियों व पूर्व पार्षद एवं मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसो. के महामंत्री विनय आनन्द अग्रवाल को लगी वह व्यापारियों के साथ मौके पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से दुकानें सील करने का विरोध किया।

### युवक पर किया जानलेवा हमला

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में नमाज पढ़कर घर जा रहे युवक पर दबंग ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आसपास के लोगों को आता देख आरोपी हमलावर युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से फरार हो गए। घायल युवक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विश्व ओजोन दिवस पर नुक्कड़ नाटक आयोजित

**मेरठ,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर विनायक विद्यापीठ के साइंस विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमे छात्र-छात्राओं ने उपस्थित लोगो को ओजोन परत के फायदे और उनसे होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया और उन्होंने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए जिन उपकरणों का प्रयोग किया जाता है वह वातावरण को दूषित करते हैं इसी के साथ ओजोन परत सूर्य से आने वाली अल्ट्रावायलेट किरणों को रोकने में मदद करती है। और अल्ट्रावायलेट किरणों के सीधे संपर्क में आने से स्किन कैंसर, मोतियाबिंद और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा बना रहता है।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.अनुप्रिता शर्मा ने साइंस विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए नुक्कड़ नाटक के आयोजन पर खुशी जाहिर की और साइंस विभाग को बधाई दी कि उनके छात्र-छात्राओं ने लोगों को ओजोन के प्रति जागरूक किया, उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, इस दौरान साइंस विभाग के डीन डॉ. मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, विभागाध्यक्ष आरजू, सहायक प्रोफेसर विमलेश, स्वाति, अपूर्वा, सृष्टि, सोनू मालिक के अलावा अन्य विभागाध्यक्ष और सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।



## वॉट्सएप के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय से संवाद कर सकेंगे लोग

**लखनऊ,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ ने आम नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए एक नई पहल की है। प्रदेश के नागरिक अब वॉट्सएप के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री ऑफिस के साथ संवाद कर सकेंगे।

सीएम योगी के निर्देश पर लोगों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए चीफ मिनिस्टर ऑफिस, उत्तर प्रदेश के नाम से वॉट्सएप चैनल की शुरुआत की गई है। इस चैनल से जुड़ने वाले लोग आसानी से अपनी बात सीएम ऑफिस के समक्ष रख सकेंगे। सोशल मीडिया पर सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश सरकार के हैंडल से इस पहल की जानकारी दी गई। सीएम ऑफिस के आधिकारिक हैंडल की ओर से लिखा गया कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के लिए प्रदेश के 25 करोड़ नागरिक एक परिवार हैं। मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार परिवार के प्रत्येक सदस्य की खुशहाली एवं समृद्धि हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। संवाद को लोकतंत्र की आत्मा मानने वाले मुख्यमंत्री जी के उत्तर प्रदेश परिवार के प्रत्येक सदस्य से सहज संवाद के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचार के सशक्त व सरल माध्यम वॉट्सएप का उपयोग करते हुए आधिकारिक वॉट्सएप चैनल शुरू किया गया है।

संवाद का यह नया प्रभावशाली मंच प्रदेश सरकार से जुड़ी जनहित की सूचनाओं का त्वरित संप्रेषण करेगा। इस चैनल की खास बात यह है कि इससे कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय से सीधे व त्वरित सूचनाएं प्राप्त करने के लिए इस वॉट्सएप चैनल से अवश्य जुड़ें। उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से संवाद स्थापित करने के लिए वॉट्सएप चैनल के उपयोग की यह अनोखी पहल करने वाले योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं।

■ **वॉट्सएप के जरिए प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों के अपने परिवार से जुड़ेंगे योगी**



## चार हाकी खिलाड़ियों का खेलो इंडिया लीग में चयन

**मेरठ,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। 20 सितम्बर से 30 सितम्बर तक ग्वालियर में आयोजित खेलों इंडिया लीग में मेरठ की 4 महिला हॉकी खिलाड़ियों आकांशा अहलावत, मानसी यादव, कुसुम और नीशू विहान का चयन हुआ है। खेलों इंडिया लीग में चयनित चारों खिलाड़ी एन ए एस कालिज की छात्रा है और कोच प्रदीप चिन्योटी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। चयनित खिलाड़ियों को प्राचार्य मनोज अग्रवाल, प्रबंधन सचिव अमित शर्मा, हाकी संघ के अध्यक्ष विवेक कोहली, क्रीड़ा सचिव संजय दलाल, शिवा भारद्वाज, रजनीश कौशल, मनोज कुमार, श्रीमती तरुनिका, विनीत त्यागी, शिवानी शर्मा, प्रभा ठाकुर, जोगेंद्र सिंह, तजमुल जैदी, साक्षी गोदियाल, सुहेल अहमद, ज्योति तालियान, एंव समस्त खिलाडियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## अमेठी में स्मार्ट मीटर के लिए 215 करोड़ रुपए की योजना

■ **स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र अमेठी में बिजली के तीन लाख उपभोक्ताओं को सीधे स्मार्ट मीटर से जोड़ने की योजना है। इसके लिए 215 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बाकी बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए 115 करोड़ रुपए और बिजली चोरी रोकने के लिए 98 करोड़ रुपए खर्च होंगे। तीनों योजनाएं 428 करोड़ रुपए की है। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ललित कृष्ण ने बताया कि अमेठी में बिजली चोरी रोकने के लिए 98 करोड़ रुपए की योजना पर काम शुरू हो चुका है। इसमें कटिया कनेक्शन रोकने के लिए जर्जर केबिल बदलना, जर्जर तार और केबिल बदलना, जर्जर एलटी पोल बदलना, मीटर बाक्स लगाना आदि है। जिससे कटिया कनेक्शन की गुंजाइश नहीं बचेगी। इसके बाद बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए 115 करोड़ रुपए की योजना है। इसमें नई लाइन बनाना, छूटे घरों को बिजली से जोड़ना,नए बिजली घर बनाना आदि है। ललित कृष्ण ने बताया कि स्मार्ट मीटर के लिए 215 करोड़ रुपए की योजना है। अमेठी में 3 लाख 8 हजार उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति करने के लिए 37 उपकेंद्र खुले हैं। इसकी निगरानी के लिए 32 अवर अभियंता, 9 सहायक अभियंता,4 अधिशाषी अभियंता और एक अधीक्षण अभियंता मौजूद है। 3 लाख घरों में मीटर रीडिंग के लिए 400 सौ मीटर रीडर तैनात हैं।

इसमें 150 सखी है। उन्होंने बताया कि ख़राब मीटर बदलने और नए मीटर के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में निशुल्क घरेलू कनेक्शन लेने वाले जिन उपभोक्ताओं के बिल नहीं आ रहे हैं। उन्हें बिना किसी चार्ज के नियमित किए जा रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं को डरने की जरूरत नहीं है। लेकिन नियमित रूप से आनलाइन बिजली का बिल जमा करें। फाल्ट होने पर पावरहाउस को सूचित करें। अनसुना करने पर अधिकारियों को फोन पर बता सकते हैं। बिजली विभाग की विजिलेंस टीम पर पैनी नजर है।

## साइबर अपराधियों की कमर तोड़ेंगे कमांडो

**मेरठ,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। अब थाना स्तर पर पुलिस साइबर अपराधियों की कमर तोड़ेगी । इसके लिए विशेष ट्रेनिंग देकर एक्सपर्ट कमांडो को तैयार करेंगे। शासन की ओर से कार्यक्रम जारी किया जा चुका है जल्दी ट्रेनिंग शुरू होगी साइबर अपराध अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है जिले के अपर पुलिस अधीक्षक को इसकी कमान संभालेंगे। साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लाने के लिए पिछले वर्ष जिले में साइबर सेल का गठन किया गया था। ठगी के शिकार लोग यहां पर शिकायत दर्ज करने लगे शिकायत बढ़ने लगी तो सेल की मदद के लिए हर थाने में साइबर हेल्थ डेस्क बना दी गई यह डेस्क भी पत्र वाहक की भूमिका में नजर आई। शिकायत साइबर सेल को भेज दी जाती और शासन ने बड़े बदलाव की योजना तैयार की है साइबर हेल्प डेस्क का विस्तार किया जाएगा केवल एक्सपर्ट ही इसका हिस्सा होंगे। हर थाने के पास पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग मिलेगी इसमें इंस्पेक्टर सब इंस्पेक्टर कांस्टेबल महिला कांस्टेबल शामिल होंगे।

■ **हर थाने से पांच पुलिस कर्मियों को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग**

## रुद्रा इंस्टीट्यूट में ओजोन शिखर सम्मेलन आयोजित

**मवाना,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का प्रतिष्ठित विज्ञान और कृषि विभाग ने ओजोन शिखर सम्मेलन 2023 की मेजबानी की। आज का कार्यक्रम पर्यावरण जागरूकता और स्थाई प्रथाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। शिखर सम्मेलन, संस्थान की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल के दिशा निर्देशन और संस्थान की उप-प्राचार्या डॉ. पूनम नागर के नेतृत्व में, संस्थान की अत्याधुनिक सुविधाओं में आयोजित किया गया। ओजोन शिखर सम्मेलन 2023 का उद्देश्य ओजोन संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और चिकित्सकों को एक साथ लाना है। शिखर सम्मेलन ओजोन परत की कमी और जलवायु परिवर्तन पर इसके प्रभाव से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए बातचीत और सहयोग को बढ़ावा देगा। आज के कार्यक्रम में ना केवल विज्ञान और कृषि विभाग के छात्र शामिल हुए बल्कि रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अन्य विभागों के छात्र, रुद्रा कॉलेज आफ फार्मेसी एवं रुद्रा कॉलेज आफ लॉ के सभी छात्र भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष और छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।



**आयोजन** *वेंक्टेश्वरा विवि में लेपटॉप एवं टैबलेट वितरण समारोह आयोजित*

## डिजीटल इंडिया के सपने को साकार करने में उप्र शीर्ष पर : डॉ.सुधीर

**मेरठ/गजरौला,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में उत्तर प्रदेश सरकार की युवाओ को स्वाबलम्बी एवं डिजीटली सशक्त बनाने वाली सबसे महत्वपूर्ण योजना स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के 250 से अधिक छात्र-छात्राओ के लिए लेपटॉप/टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार के कई जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्र-छात्राओ को टैबलेट देते हुए इस योजना को भारत के युवाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी बताते हुए इसे डिजीटल क्रान्ति के क्षेत्र में मील का पत्थर करार दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, धनौरा विधायक राजीव तरारा, जिलाधिकारी राजेश कुमार, पुलिस अधीक्षक आईपीएस कुंवर अनुपम सिंह, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, प्रभारी कुलपति डॉ.राकेश यादव आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। वरिष्ठ आईएएस जिलाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि सरकार की डिजीटल इण्डिया, स्किल इण्डिया, क्लीन इण्डिया जैसी योजनाओ से देश आज दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है। आईपीएस कुवंर अनुपम सिंह ने कहा कि संचार क्रान्ति के दौर में युवाओ को राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की यह शानदार पहल है। विधायक राजीव तरारा ने कहा पिछले एकदशक में केंद्र सरकार एवं प्रदेश में योगी सरकार ने डिजीटल क्रान्ति लाकर भारत को दुनिया में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया। आज भारतीय युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करा रहे है। प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर वेंक्टेक्श्वा' वृहद रक्तदान शिविर, सफाई अभियान, 'अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन, यातायात जागरूकता अभियान समेत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। समारोह को कुलपति डॉ.राकेश यादव, कुलसचिव डॉ.पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ.दिव्या गिरधर, डॉ. राहुल आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर समूह के प्रधान सलाहकार डॉ.वीपीएस अरोडा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, आरएस शर्मा, डीपी सिंह, लक्ष्मण सिंह रावत, सीपी कुशवाहा, एसएन साहू, श्वेता गुप्ता, राजवर्द्धन, डॉ रमेश चौधरी, डॉ ओमप्रकाश, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. रामकुमार, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. अनिल जायसवाल, मारूफ चौधरी, अरूण गोस्वामी, एसएस बघेल, गुरूदयाल कटियार, सीएफओ विकास भाटिया, ध्रुव चौधरी, फैजान, अनिल, मुकेश, विकास श्रीवास्तव, मेरठ परिसर निदेशक डॉ.प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

■ **250 से अधिक मेधावियो को लेपटॉप व टैबलेट बांटे**



## ग्राहकों के लिए अशोका ब्रांड ने पेश किया ऑफर

**मेरठ,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। डाटा ग्रुप की ओर से व्यापारियों के लिए एक शानदार ऑफर प्रस्तुत किया गया है। इस ऑफर के तहत अशोका ब्रांड की कच्ची घानी सरसों तेल, वनस्पति घी और रिफाइंड तेल की खरीदारी पर अलग-अलग उपहार देने की घोषणा की गई है। व्यापारियों को इस ऑफर के तहत चांदी, सोना और कार जैसी बहुमूल्य चीजें जीतने का शानदार मौका दिया गया है। व्यापारियों को इस ऑफर के तहत 300 टन की खरीदारी पर 100 ग्राम चांदी, 600 टन की खरीदारी पर 10 ग्राम सोना, 800 टन की खरीदारी पर 30 ग्राम सोना, 1400 टन की खरीदारी पर मारुति स्विफ्ट डिजायर, 1900 टन की खरीदारी पर मारुति ब्रेजा और 2400 टन की खरीदारी पर इनोवा क्रिस्टा कार उपहार में दिए जाएंगे। यह ऑफर 1 अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक मान्य है।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 17 सितम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### क्रिसमस के अवसर पर रिलीज होगी शाहरूख खान की फिल्म डंकी

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म डंकी क्रिसमस के अवसर पर रिलीज हो सकती है। शाहरुख खान की इस वर्ष पठान और जवान जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई है। शाहरूख की अगली रिलीज फिल्म डंकी होगी। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बन रही फिल्म डंकी में शाहरूख के साथ तापसी पन्नू की अहम भूमिका है। शाहरूख खान ने कहा कि माशाल्लाह, भगवान पठान के साथ बहुत दयालु रहे हैं और उससे भी ज्यादा जवान के साथ। हमने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से पठान के साथ शुरुआत की, फिर जन्माष्टमी के मौके पर हमने फिल्म जवान रिलीज की।अभी नया साल और क्रिसमस आने वाला है, उसमें हम डंकी लेकर आएंगे। मैं सभी धर्मों को मानता हूं।

शोधकर्ताओं का ड्यूटी के दौरान झपकी लेने का खुलासा

## 90-30 मिनट की झपकी का फॉर्मूला उनींदापन से निपटने में मददगार

**टोक्यो,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन खुलासा हुआ है कि रात की ड्यूटी के दौरान 120 मिनट की झपकी की तुलना में 90 मिनट की झपकी और उसके बाद 30 मिनट की झपकी उनींदापन और थकान को दूर करने में अधिक प्रभावी है। साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में 2012 से 2018 तक रात की शिफ्ट में झपकी पर किए गए पायलट स्टडी के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया।



- शिशुओं को पालने वाली माताओं में नींद की कमी की थकान को कम करना
- शाम 4 बजे से सुबह 9 बजे की शिफ्ट के दौरान सतर्कता

हिरोशिमा विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बायोमेडिकल एंड हेल्थ साइंसेज में नर्सिंग विज्ञान के प्रोफेसर, अध्ययन की एकमात्र लेखक सनाई ओरियामा ने कहा कि लंबी अवधि के प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए 90 मिनट की झपकी और कम थकान के स्तर व तेज़ प्रतिक्रियाओं को बनाए रखने के लिए 30 मिनट की झपकी, झपकी के रणनीतिक संयोजन के रूप में सुबह की कार्यकुशलता और सुरक्षा के लिए मूल्यवान हो सकती है।

ओरियामा ने झपकी लेने के बाद और शाम 4 बजे से सुबह 9 बजे की शिफ्ट के दौरान सतर्कता और प्रदर्शन की तुलना करने के लिए पिछले पायलट अध्ययनों की दोबारा जांच की। उन्होंने पाया कि आधी रात को समाप्त होने वाली 120 मिनट की झपकी से उनींदापन का अनुभव और भी बदतर हो गया। हालांकि, दो झपकी- 90 मिनट की झपकी, आधी रात तक चलने वाली और 30 मिनट की झपकी, जो सुबह 3 बजे समाप्त होती है, यह उनींदापन से बचाती है। ओरियामा ने कहा कि मैं काम के प्रकार और दिन के समय के आधार पर कई झपकियों को संयोजित करने में सक्षम होना चाहती हूं, और ऐसी झपकियां चुनना चाहती हूं जो उनींदापन, थकान को कम करने और प्रदर्शन को बनाए रखने में प्रभावी हों।

उदाहरण के लिए, रात की शिफ्ट, जो शाम 4 बजे से अगली सुबह 9 बजे तक चलती है, 90 मिनट और 30 मिनट की एक विभाजित झपकी, जो क्रमश: 12 बजे और 3 बजे समाप्त होती है, 120 मिनट की मोनोफैसिक झपकी की तुलना में अधिक प्रभावी मानी जाती है, जो 12 बजे समाप्त होती है। दिलचस्प बात यह है कि जिन लोगों को 90 मिनट की झपकी के दौरान सोने में अधिक समय लगा, उन्हें उचिडा-क्रैपेलिन परीक्षण (यूकेटी) में खराब अंक मिले, जो एक समयबद्ध बुनियादी गणित परीक्षा है, जिसका उद्देश्य किसी कार्य को करने में गति और सटीकता को मापना है।

ओरियामा ने कहा कि निष्कर्ष नए माता-पिता के लिए भी मददगार हो सकते हैं। ओरियामा ने कहा कि इस अध्ययन के नतीजों को न केवल रात की शिफ्ट में काम करने वालों पर लागू किया जा सकता है, बल्कि शिशुओं को पालने वाली माताओं में नींद की कमी की थकान को कम करने के लिए भी लागू किया जा सकता है।

## अपनी दुल्हन परिणीति को लाने के लिए नाव से बारात लाएंगे राघव चड्ढ़ा

**जयपुर,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढ़ा दुल्हन परिणीति चोपड़ा को लाने के लिए उदयपुर में नाव से बारात लाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, बारात 24 सितम्बर को निकलेगी। इससे पहले पिछोला झील के बीच स्थित होटल ताज में राघव की सेहरा बंदी का कार्यक्रम होगा। इसके बाद ताज होटल से दुल्हन परिणीति को लेने के लिए राघव के साथ बारात निकलेगी। बारात नाव में होगी और पास के होटल लीला पहुंचेगी। इसकी तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। बताया जा रहा है कि नावों की सजावट में मेवाड़ी परंपरा की झलक भी देखने को मिलेगी। लीला पैलेस होटल पिछोला झील के पास स्थित है। इसके सुइट से झील, ताज होटल, सिटी पैलेस आदि देखा जा सकता है। दूल्हा-दुल्हन के कमरों के अलावा होटल में मेहमानों के लिए बुक किए गए सुइट्स को भी खूबसूरती से डिजाइन किया गया है।



होटल में तीन स्पेशल वेडिंग वेन्यू हैं। मेवाड़, मेवाड़ टेरिस और मारवाड़, जिसमें शादी की सभी रस्में होंगी। दरअसल होटल में कमरों को 8 कैटेगरी में बांटा गया है, जिनका रोजाना किराया 47,000 रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक है।

## नासा के अंतरिक्ष यात्री व चालक दल के साथी पहुंचे आईएसएस

**वाशिंगटन,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। नासा के अंतरिक्ष यात्री लोरल ओहारा और दो अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच गए। इससे यहां निवासियों की संख्या 10 हो गई है।

ओहारा, साथ ही ओलेग कोनोनेंको और रोस्कोस्मोस के निकोलाई चुब को ले जाने वाला सोयुज एमएस-24 अंतरिक्ष यान शनिवार की सुबह स्टेशन के रासवेट मॉड्यूल पर पहुंचा। ओहारा, जो कक्षीय चौकी पर छह महीने का प्रवास शुरू कर रहे हैं, और कोनोनेंको और चूब, जो दोनों कक्षीय चौकी पर एक वर्ष बिताएंगे, प्रौद्योगिकी विकास, पृथ्वी विज्ञान, जीव विज्ञान और मानव अनुसंधान में विज्ञान और अनुसंधान पर काम करेंगे।



नासा ने एक बयान में कहा, यह ओहारा के लिए पहली, कोनोनेंको के लिए पांचवीं और चुब के लिए पहली अंतरिक्ष उड़ान है।

रिकॉर्ड तोड़ने वाले नासा के अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक रुबियो और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री सर्गेई प्रोकोपयेव और दिमित्री पेटेलिन के प्रस्थान के बाद, अभियान 70, 27 सितम्बर को शुरू होगा।

रुबियो ने हाल ही में एक अमेरिकी द्वारा सबसे लंबी एकल अंतरिक्ष उड़ान का रिकॉर्ड तोड़ दिया। परिक्रमा प्रयोगशाला में एक साल तक रहने के बाद, तिकड़ी 27 सितंबर को कजाकिस्तान में उतरेगी, जिस समय रुबियो ने अंतरिक्ष में 371 दिन बिताए होंगे, जो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री द्वारा सबसे लंबी एकल अंतरिक्ष उड़ान है।

पिछले महीने के अंत में, चार देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला चार लोगों का एक अंतरराष्ट्रीय दल, कक्षीय प्रयोगशाला में एक विज्ञान अभियान के लिए, स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर आईएसएस पहुंचा था।

## भारतीय लोक व जनजातीय कला पर प्रदर्शनी आयोजित

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑनलाइन शिक्षण मंच 'रूफटॉप' 16 से 19 सितम्बर तक देश भर के लोक और आदिवासी कला रूपों की एक प्रदर्शनी 'इंडियार्ट' पेश करेगा। यह कलमकार गैलरी, बीकानेर हाउस, राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। इसमें लाइव आर्ट वर्कशॉप और पेशेवर रूप से तैयार किए गए कला पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। प्रदर्शनी में नौ भारतीय कला रूपों और लगभग 30 मास्टर कलाकारों की भागीदारी होगी।



यह ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की पहली प्रदर्शनी है जो भारत के समृद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य का जश्न मनाएगी। इसमें वारली कला की सरल सुंदरता से होकर 'माता नी पचेड़ी' की भक्ति कला को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें भीलों और गोंडों की कला, मधुबनी पेंटिंग और तेलंगाना के चेरियाल स्क्रॉल का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें से प्रत्येक कला रूप पौराणिक विषयों और कहानी कहने और पूजा करने के अनूठे तरीकों की खोज करता है। कला रूपों और कलाकारों में भील के लिए भूरी बाई और लाडो बाई, गोंड के लिए वेंकट सिंह श्याम, चेरियाल के लिए डी. वेंकट रमण और मल्लेशराम पौसा, मधुबनी पेंटिंग के लिए अंबिका देवी, अवधेश कुमार कर्ण, दुलारी देवी और हेमा देवी, माता नी पचेड़ी के लिए किरण चितारा, चंद्रकांत चितारा, किरीट चितारा और सतीश चितारा, फड़ के लिए अभिषेक जोशी और कल्याण जोशी, पिछवाई के लिए राजाराम शर्मा, वारली के लिए प्रवीण म्हासे, अनिल वांगड और विजय म्हासे शामिल हैं।

## दिव्यांग बच्चों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर दी अनोखी बधाई

**लखनऊ,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर नेत्रहीन बच्चों ने उन्हें खास बधाई दी है। जन्मदिन से एक दिन पहले बच्चों ने 1.25 किमी लंबा विशालतम बधाई पत्र तैयार किया। इसे नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड संस्था के 400 नेत्रहीन बच्चों ने दो माह की कठिन परिश्रम से तैयार किया है। इस पर बच्चों ने प्रधानमंत्री द्वारा किये गए 9 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाया है। इस दौरान सभी बच्चों ने एक स्वर में उनकी तारीफ करते हुए उनके दीर्घायु की कामना की। उन्हें देश का सबसे शक्तिशाली नेता बताया है। नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड के अध्यक्ष राजेश सिंह दयाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति बच्चों का प्रेम और स्नेह ही है, जो बच्चों ने उनके जन्मदिन के मंगल एवं शुभ दिन पर बधाई एवं शुभकामना स्वरुप 1.25 किमी विश्व का लंबा विशालतम बधाई संदेश पत्र समर्पित किया।

### 1.25 किमी का लिखा संदेश



उन्होंने कहा कि पीएम ने जनसेवा और राष्ट्रसेवा को सदैव ही सर्वोपरि रखा है। उनके नेतृत्व में भारत का मान-सम्मान लगातार बढ़ता रहे। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रधानमंत्री को समर्पित गीत की प्रस्तुति मनमोहक थी। बच्चों की प्रस्तुति ने सभी जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। बदलते मौसम और बारिश भी दिव्यांग बच्चों के हौसलों को डिगा नहीं सका। यह श्रृंखला विश्व रिकॉर्ड में भी दर्ज किया जाएगा।

## आईएएस टीना डाबी के घर गूंजी किलकारी, बेटे को दिया जन्म

**जयपुर,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। आईएएस अधिकारी दंपत्ति टीना डाबी और प्रदीप गवांडे ने शनिवार को शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। डाबी जैसलमेर में जिला कलेक्टर के पद पर काम करते हुए जुलाई से छुट्टी पर थीं। जब से उनके बेटे के जन्म की खबर आई, तब से सोशल मीडिया पर हर तरफ से बधाई संदेश आ रहे हैं। टीना डाबी 2015 में तब मशहूर हुई जब उन्होंने यूपीएससी में टॉप किया। इसके बाद उन्होंने मार्च 2018 में आईएएस अधिकारी अतहर आमिर खान से शादी की, जो उसी बैच में दूसरे स्थान पर थे। शादी के बाद दोनों अधिकारी राजस्थान कैडर में ही रहे। 2020 में आमिर ने अपना ट्रांसफर जम्मू-कश्मीर कैडर में करा लिया। वे प्रतिनियुक्ति पर जम्मू-कश्मीर गए। उसी साल नवंबर में, जोड़े ने जयपुर के फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दायर की और अगस्त 2021 में उन्हें डिक्री सौंप दी गई।



## पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने नई दिल्ली में पैनासोनिक लिविंग स्टोर खोला

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन मटेरियल्स (ईसीएम) के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया (पीएलएसइंड) ने राजधानी नई दिल्ली में पैनासोनिक लिविंग स्टोर के अपने नये फ्रैंचाइज़ स्टोर को लॉन्च किया है। इस कदम के साथ यह भारत में अपनी खुदरा मौजूदगी को बढ़ाने के लिये तैयार है। नया सैकमेह इंटरनेशनल स्टोर सुल्तानपुर के भव्य क्षेत्र में स्थित है और यहाँ घरों तथा रहन-सहन के लिये जरूरी ब्राण्ड के मॉड्यूलर किचन्स, वार्डरोब्स, सीटेड शॉवर्स, इलेक्ट्रिक टॉयलेट सीट्स, वूडन फ्लोरिंग और केएमईडब्ल्यू एक्सटर्नल क्लैडिंग जैसी सारी वस्तुयें होंगी। 1200 वर्गफुट क्षेत्रफल में विस्तृत यह आउटलेट पैनासोनिक ब्राण्ड की विशिष्टता का मूर्त रूप है और एक विशाल डिस्प्ले की पेशकश करती है।

## फेस्टिव कैंपेन 'खुशियां अपनों की, और अपनी भी' की घोषणा

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। जैसे-जैसे फेस्टिव सीजन करीब आ रहा है, अमेज़न इंडिया ने लेटेस्ट कैंपेन, 'खुशियां अपनों की, और अपनी भी', की घोषणा की है।

जो कस्टमर्स को साल की खुशियों के इन पलों में प्रियजनों के साथ-साथ खुद का ध्यान रखने के लिए भी प्रोत्साहित करने के लिए एक अनूठा / दिल छू लेने वाला दृष्टिकोण अपनाता है। इस फेस्टिव सीजन में खुद का ध्यान और खुद से प्यार के महत्व को याद दिलाता है और 'हम' में तुम भी जरूरी हो' की भावना को प्रोत्साहन देता है। कैंपेन 15 सितम्बर, 2023 को सभी डिजिटल मीडियम पर शुरू हुआ है। कैंपेन के लिए एक दिलचस्प यूजर-जनरेटिड कंटेंट तैयार किया गया है, जिसमें कस्टमर्स से 'खुशियां अपनों की, और अपनी भी' की अपनी कहानियों को शेयर करने का आग्रह किया गया है। चुनी गई विजेता कहानियों को अलग-अलग मीडियम पर प्रकाशित किया जाएगा।

नूर पटेल, वाइस प्रेजीडेंट, अमेजन इंडिया ने कहा, यह कैंपेन आज के समय में खुद को जानने और खुद का ख्याल रखने के विषय पर आधारित है। हमारा कैंपेन कस्टमर्स इनसाइट्स पर आधारित है और कस्टमर्स को अपने प्रियजनों के साथ-साथ अपनी जरूरतों का ख्याल रखते हुए फेस्टिव सीजन मनाने को प्रेरित करता है।

इस फेस्टिव सीजन में, अमेजन आपके लिए 'खुशियां अपनों की, और अपनी भी' कैंपेन के माध्यम से (हम_में_मैं) लेकर आया है। कहानी में सबसे पहले एक मां को आने वाली फेस्टिव सीजन के लिए तैयारी करते हुए दिखाया गया है, जो खुद को छोड़कर बाकी सबके बारे में सोचती है। कोई भी उसे अपने लिए कुछ न पाने का बहाना बनाते हुए देखने के लिए लगभग तैयार है, जैसा कि हमने अपने जीवन में कई गृहिणियों को करते देखा है, लेकिन जल्दी ही यह स्थिति बदल जाती है जो दर्शाता है कि उसने सच में अपने बारे में भी सोचा है। क्लासिक मॉम हयूमर, मां और बेटी के बीच मज़ाक तथा भारतीय भावनात्मक बारिकियों के साथ लैस ये कैंपेन, किसी भी व्यक्ति के चेहरे पर आसानी से मुस्कान ला देता है।

## टाइटल गीत लिखने में माहिर थे हसरत जयपुरी

**मुम्बई,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। हिन्दी फिल्मों में जब भी टाइटल गीतों का जिक्र होता है, गीतकार हसरत जयपुरी का नाम सबसे पहले लिया जाता है। वैसे तो हसरत जयपुरी ने हर तरह के गीत लिखे लेकिन फिल्मों के टाइटल पर गीत लिखने में उन्हें महारत हासिल थी। हिन्दी फिल्मों के स्वर्ण युग के दौरान टाइटल गीत लिखना बड़ी बात समझी जाती थी। निर्माताओं को जब भी टाइटल गीत की जरूरत होती थी तब हसरत जयपुरी से गीत लिखवाने की गुजारिश की जाती थी। उनके लिखे टाइटल गीतों ने कई फिल्मों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। हसरत जयपुरी के लिखे कुछ टाइटल गीत हैं दीवाना मुझको लोग कहें, दिल एक मंदिर है, रात और दिन दीया जले, तेरे घर के सामने इक घर बनाऊंगा, तेरे घर के सामने, ऐन इवनिंग इन पेरिस, गुमनाम है कोई बदनाम है कोई, दो जासूस करें महसूसआदि।

15 अप्रैल 1922 को जन्में हसरत जयपुरी मूल नाम इकबाल हुसैन ने जयपुर में प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने के बाद अपने दादा फिदा हुसैन से उर्दू और फारसी की तालीम हासिल की। बीस वर्ष का होने तक उनका झुकाव शेरो-शायरी की तरफ होने लगा और वह छोटी-छोटी कविताएं लिखने लगे। वर्ष 1940 में नौकरी की तलाश में हसरत जयपुरी ने मुम्बई का रूख किया और आजीविका चलाने के लिए वहां बस कंडक्टर के रूप में नौकरी करने लगे। इस काम के लिए उन्हें मात्र 11 रुपए प्रति माह वेतन मिला करता था। इस बीच उन्होंने मुशायरों के कार्यक्रम में भाग लेना शुरू किया। उसी दौरान एक कार्यक्रम में पृथ्वीराज कपूर उनके गीत को सुनकर काफी प्रभावित हुए और उन्होने अपने पुत्र राजकपूर को हसरत जयपुरी से मिलने की सलाह दी।

राजकपूर उन दिनों अपनी फिल्म 'बरसात' के लिए गीतकार की तलाश कर रहे थे। उन्होंने हसरत जयपुरी को मिलने का न्योता भेजा। राजकपूर से हसरत जयपुरी की पहली मुलाकात 'रायल ओपेरा हाउस' में हुई और उन्होंने अपनी फिल्म बरसात के लिए उनसे गीत लिखने की गुजारिश की। इसे महज संयोग ही कहा जाएगा कि फिल्म बरसात से ही संगीतकार शंकर जयकिशन ने भी अपने सिने कैरियर की शुरूआत की थी। राजकपूर के कहने पर शंकर जयकिशन ने हसरत जयपुरी को एक धुन सुनाई और उसपर उनसे गीत लिखने को कहा।



धुन के बोल कुछ इस प्रकार थे
*अंबुआ का पेड़ है वहीं मुंडेर है*
*आजा मेरे बालमा काहे की देर है*
शंकर जयकिशन की इस धुन को सुनकर हसरत जयपुरी ने गीत लिखा
*जिया बेकरार है छाई बहार है*
*आजा मेरे बालमा तेरा इंतजार है*

वर्ष 1949 में प्रदर्शित फिल्म बरसात में अपने इस गीत की कामयाबी के बाद हसरत जयपुरी गीतकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए।

## कोविड संबंधी गलत सूचना को नियंत्रित करने में विफल रहा फेसबुक

**वाशिंगटन,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक की कोविड-19 वैक्सीन मिसइंफॉर्मेशन पॉलिसी गलत सूचना से निपटने में प्रभावी नहीं है। एक नई स्टडी से पता चला है कि इसके लिए केवल एल्गोरिदम के बजाय इसका समग्र डिजाइन अधिक जिम्मेदार है।

अमेरिका में जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में और साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित स्टडी में पाया गया कि फेसबुक के प्रयासों को प्लेटफॉर्म के कोर डिज़ाइन फीचर्स द्वारा कमजोर कर दिया गया था।

प्रमुख अध्ययन लेखक और इंजीनियरिंग प्रबंधन और सिस्टम इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डेविड ब्रोनियाटोव्स्की ने कहा कि गलत सूचना और अन्य ऑनलाइन नुकसान से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, हमें कंटेंट और एल्गोरिदम से आगे बढ़कर डिजाइन और आर्किटेक्चर पर भी ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।



परिणाम बताते हैं कि कंटेंट को हटाना या एल्गोरिदम बदलना अप्रभावी हो सकता है, अगर यह उस चीज को नहीं बदलता है जिसे करने के लिए प्लेटफॉर्म डिजाइन किया गया है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि जहां फेसबुक ने कोविड-19 महामारी के दौरान बहुत सारी एंटी-वैक्सीन कंटेंट को हटाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए, लेकिन एंटी-वैक्सीन कंटेंट के साथ समग्र जुड़ाव पूर्व रुझानों से कम नहीं हुआ और कुछ मामलों में तो बढ़ भी गया।

### कंटेंट को हटाना या एल्गोरिदम बदलना अप्रभावी

अध्ययन लेखक और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रोफेसर लोरियन एब्रोम्स ने कहा कि यह खोज अविश्वसनीय रूप से चिंताजनक है। यह उस कठिनाई को दर्शाता है जिसका सामना एक समाज के रूप में हमें सार्वजनिक स्थानों से स्वास्थ्य संबंधी गलत सूचनाओं को हटाने में करना पड़ता है। जिस कंटेंट को नहीं हटाया गया, उसमें ऑफ-प्लेटफ़ॉर्म, कम विश्वसनीयता वाली साइटों के लिंक और गैब और रंबल जैसे 'अल्टरनेटिव' सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष रूप से एंटी-वैक्सीन ग्रुप्स में गलत सूचना के लिंक में वृद्धि हुई थी। इसके अलावा, फेसबुक पर शेष एंटी-वैक्सीन कंटेंट कम नहीं बल्कि गलत सूचनात्मक बन गई, जिसमें वैक्सीन के दुष्प्रभावों के बारे में सनसनीखेज झूठे दावे शामिल थे, जो अक्सर वास्तविक समय में फैक्ट-चैक करने के लिए बहुत नए थे। इसके अलावा, एंटी-वैक्सीन सामग्री उत्पादकों ने प्रो-वैक्सीन कंटेंट उत्पादकों की तुलना में प्लेटफॉर्म का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग किया। हालांकि दोनों के पास बड़े पेज नेटवर्क थे, लेकिन एंटी-वैक्सीन कंटेंट उत्पादकों ने पेज, ग्रुप्स और यूजर्स के न्यूज फीड में कंटेंट वितरण को अधिक प्रभावी ढंग से समन्वित किया।

## पोकेमॉन बना देसी, भारत मे नियैन्टिक के साथ पोकेमॉन गो के हिंदी लॉन्च का उत्सव मनाया

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। दि पोकेमॉन कंपनी (टीपीसी) ने नियैन्टिक के साथ मिलकर अपने विश्व स्तर पर लोकप्रिय मोबाइल गेमिंग एप्लिकेशन पोकेमॉन गो को हिंदी में लॉन्च करने की घोषणा की है। यह घोषणा 14 सितंबर को हिंदी दिवस के उत्सव पर हुई। हिंदी एशिया की छठी और वैश्विक स्तर पर 15वीं भाषा है जिसमें इस गेम का स्थानीयकरण किया गया है। उपयोगकर्ता अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए कई पोकेमॉन के नाम भी हिंदी में रखे गयें हैं। 1996 में लॉन्च होने के बाद से पोकेमॉन एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम और मनोरंजन फ्रेंचाइजी के रूप में लोगों को जोड़ रहा है, जिसे दुनिया भर के सभी उम्र के लाखों प्रशंसक पसंद करते हैं। 151 जीवो से शुरू होकर, पोकेमॉन ने बच्चों और वयस्कों की कल्पना को समान रूप से आकर्षित करना जारी रखा है और फिलहाल इसमें 1,000 से अधिक जीव हैं।

# [ अर्थ जगत ]



## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.37 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.23 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.57 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.51 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.32 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 1.26 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.80 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.49 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59820 |
| बिटुर | 54850 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 47,600 |
